खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, सोमवार 9 फरवरी 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 95 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम : 22°C
न्यूनतम : 09°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 | 20 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



असम भाजपा के एक्स हैंडल पर वीडियो को लेकर बवाल पेज 2




रातों रात भारत के विश्व कप स्टार बने मोहम्मद सिराज खेल टाइम्स



मिर्गी: बीमारी नहीं, सोच बनती है सबसे बड़ी चुनौती सम्पादकीय



गलवान तनाव के सात दिन बाद चीन ने किया था परमाणु परीक्षण पेज 12

# भारत बनेगा 30-35 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली, वार्ता**

**भारत और अमेरिका** के बीच हालिया व्यापार समझौता दोनों देशों के रिश्ते को और बेहतर व नई दिशा देने की संभावना के तौर पर देखा जा रहा है। ऐसे में अब केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इस समझौते को लेकर एक बार फिर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

रविवार को उन्होंने कहा कि भारत को अगले पांच साल में अमेरिका से 500 अरब डॉलर के सामान खरीदने में कोई समस्या नहीं होगी। उन्होंने इसे बहुत ही सुरक्षित बताया, क्योंकि उनका मानना है कि भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था अगले पांच साल में लगभग 2 ट्रिलियन डॉलर की मांग पैदा करेगी। भारत भविष्य में 35 ट्रिलियन डॉलर का बाजार पेश कर सकता है। गोयल ने बताया कि वर्तमान में भारत 300 अरब डॉलर का सामान अमेरिका से खरीद सकता है, जो अभी वह दुनिया के अन्य देशों से लेता है। उन्होंने कहा कि भारत ने अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप दे दिया है। इसके तहत भारत अगले पांच साल में ऊर्जा उत्पाद, विमान और पार्ट्स, कीमती धातु, तकनीकी उत्पाद और कोकिंग कोयला अमेरिका से खरीदने का इरादा रखता है। किसानों की आय पर जोर देते हुए गोयल ने कहा कि

**कहा: भारत पांच साल में अमेरिका से 500 अरब डॉलर का सामान खरीदने में सक्षम**

**भारत ने अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण को दिया अंतिम रूप**



अमेरिकी बाजार किसानों को अधिक मूल्य देगा और उनकी आय बढ़ाने में मदद करेगा। उन्होंने बताया कि भारत-अमेरिका के व्यापार समझौतों से किसानों को नई निर्यात संभावनाएं मिलेंगी, जिससे उन्हें बेहतर दाम और लाभ मिलेगा। गोयल ने कहा कि आज भारत व्यापार समझौतों की बातचीत ताकत और आत्मविश्वास के साथ कर रहा है। उनका मानना है कि भारत भविष्य में 35 ट्रिलियन डॉलर का बाजार पेश कर सकता है, और यही हमारी सबसे बड़ी वार्ता ताकत है। गोयल ने यह बात भारत-अमेरिका के बीच शुल्क समझौते के बाद अपने पहले इंटरव्यू में कही। यह समझौता दोनों देशों के द्विपक्षीय व्यापार समझौते की ओर पहला कदम माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज हम 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं, लेकिन 2047 तक यह बढ़कर 30-35 ट्रिलियन डॉलर होगी, जब हम एक विकसित अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। यही भारत का आत्मविश्वास है। इस वृद्धि का अवसर हम अपने व्यापारिक साझेदारों को पेश कर रहे हैं। गोयल के अनुसार यह भविष्य की संभावनाओं को लेकर भारत की रणनीति और ताकत का परिचय है, जिससे देश के लिए नए निवेश और व्यापार के अवसर खुलेंगे। गोयल ने कहा कि भारत पहले ही कृषि और मत्स्य उत्पादों का 55 अरब डॉलर का निर्यात कर रहा है। यह समझौता किसानों को और अधिक निर्यात अवसर और बेहतर लाभ दिलाने में सहायक होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी बाजार में नए अवसर किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य दिलाने में मदद करेंगे।

# गौरव गोगोई का मामला गृह मंत्रालय भेजेगी असम सरकार



**गुवाहाटी।** असम सरकार कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के पाकिस्तान कनेक्शन मामले को केंद्रीय गृह मंत्रालय भेजेगी। असम कैबिनेट ने शनिवार को यह फैसला लिया। जिसके बारे में रविवार को मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी।

असम सरकार कांग्रेस सांसद गौरव की पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न का ओसीआई/वीजा रद्द करने की मांग भी करेगी, क्योंकि उनकी मौजूदगी भारत के लिए नुकसानदायक है। असम सीएम का आरोप है कांग्रेस सांसद गौरव और उनकी पत्नी एलिजाबेथ, पाकिस्तानी एजेंट अली तौकीर शेख के बहुत करीब हैं। एक पाकिस्तानी फर्म ने गौरव की पत्नी को नौकरी दी, फिर उन्हें भारत ट्रांसफर कर दिया। एलिजाबेथ भारत से जुड़ी कई जानकारियां इकट्ठा करती थीं और पाकिस्तानी नागरिक अली शेख को रिपोर्ट देती थीं। अली तौकीर शेख एलिजाबेथ को इस काम के लिए सैलरी देता था। हिमंता ने यह भी दावा किया कि अली तौकीर 2010 से 2013 के बीच 13 बार भारत आया था। उसका मकसद दुनिया में भारत विरोधी नैरेटिव तैयार करना था। असम सीएम की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर गौरव गोगोई ने कहा कि हिमंता बिस्वा सरमा ने मीडिया के सामने मंच पर खुद को शर्मिंदा किया। असम में कोई उनकी बातों को गंभीरता से नहीं लेता। असम

**■ सीएम हिमंता ने लगाया गंभीर आरोप**
**■ कहा: कांग्रेस सांसद की पत्नी के पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई से संबंध**

कांग्रेस अध्यक्ष ने सवाल उठाया कि हिमंता परिवार ने कथित तौर पर पूरे असम में 4,000 एकड़ जमीन कैसे हासिल की। उन्होंने कहा कि राज्य में भविष्य की कांग्रेस सरकार ऐसी जमीनों को गरीबों में बांट देगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में हिमंता ने बताया कि हमने मौजूदा सांसद गौरव गोगोई से पाकिस्तान कनेक्शन के बारे में पूछताछ नहीं की है। हमने उनके पद की गरिमा का सम्मान करते हुए यह मामला केंद्र पर छोड़ दिया है। हिमंता ने यह भी कहा कि अगर अब गौरव गोगोई को गिरफ्तार करने जैसा कदम उठाया, तो मुझ पर असम विधानसभा चुनावों से पहले राजनीति करने का आरोप लगेगा। गौरव गोगोई-एलिजाबेथ पर सीएम हिमंता के 10 आरोप लगाए गए हैं, आरोपों के अनुसार एलिजाबेथ ने आईबी सूत्रों से क्लाइमेट एक्शन के बारे में जानकारी इकट्ठा कीं। गौरव गोगोई ने चुनावी हलफनामे में पत्नी के पाकिस्तानी बैंक खाते के बारे में नहीं बताया। गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ को पेमेंट करने के लिए एफसीआरए नियमों को दरकिनार किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान समेत पांच राज्यों में सुबह-शाम की सर्दी

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने देश के किसी भी राज्य में रविवार के लिए कोई अलर्ट जारी नहीं किया है। हालांकि जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल में हुई बर्फबारी के कारण उत्तर भारत के सभी राज्यों में अभी भी सर्दी का असर है। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ और चंडीगढ़ में सुबह और शाम सर्दी हो रही है। जबकि दिन के समय कई जिलों में पारा 30 डिग्री का आंकड़ा पार कर रहा है। इन राज्यों में फरवरी में ही मार्च जैसी गर्मी का अहसास होने लगा है। हिमालयी राज्य उत्तराखंड और हिमाचल में मौसम विभाग ने 9 फरवरी से ऊंचे इलाकों में बर्फबारी का अनुमान जताया है। 10 फरवरी को दोनों ही प्रदेशों में बारिश और बर्फबारी हो सकती है।

### स्कूली छात्रों के एक करोड़ अनिवार्य बायोमेट्रिक नवीनीकरण पूरे

**नई दिल्ली।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने मिशन-मोड के अंतर्गत चल रहे अभियान में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए देश भर के 83 हज़ार स्कूली छात्रों के लिए एक करोड़ से अधिक अनिवार्य बायोमेट्रिक नवीनीकरण (एमबीयू) को पूरा करने का लक्ष्य हासिल कर लिया है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालय की ओर से रविवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, यूआईडीएआई ने सितंबर 2025 में स्कूली छात्रों के लिए यह विशेष अभियान शुरू किया था। यह अभियान शिक्षा के लिए एकीकृत जिला सूचना प्रणाली प्लस एप्लीकेशन के साथ सफल तकनीकी एकीकरण के बाद शुरू किया गया था। इससे स्कूलों में बच्चों के एमबीयू की स्थिति को देखना संभव हुआ था।

### स्टेट्समैन विंटेज कार रैली में दिखा 'पुराने दौर' का वैभव

**नई दिल्ली।** राजधानी में रविवार को आयोजित हुई 59वीं वार्षिक 'स्टेट्समैन विंटेज कार रैली' का शानदार समापन हो गया। इस रैली में पुरानी कारों में शुमार 1906 की शानदार 'रेनो' कार ने चार चांद लगा दिए। यह रैली बाराखंभा रोड स्थित 'स्टेट्समैन हाउस' से शुरू होकर मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम तक निकली, तो लगा मानो वक्त का पहिया पीछे घूम गया हो।

# आतंकवाद पर कोई समझौता नहीं: मोदी

## हम किसी भी देश के ऐसे रुख की कड़ी निंदा करते हैं, ऐसे देशों की असलियत उजागर हो चुकी

**कुआलालंपुर, वार्ता**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** का रविवार को मलेशिया की प्रशासनिक राजधानी पुत्रजाया के पर्दाना पुत्र भवन में औपचारिक स्वागत किया गया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने उनका स्वागत किया।

वहीं इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने दोनों देशों के मंत्रियों और प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात की। इसके बाद पीएम मोदी और मलेशियाई पीएम ने द्विपक्षीय वार्ता की। इस वार्ता को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आतंकवाद पर भारत का रुख साफ है, कोई दोहरा मापदंड और समझौता नहीं किया जा सकता, हम किसी भी देश के ऐसे रुख की कड़ी निंदा करते हैं, ऐसा रवैया अपनाने वाले देशों की असलियत उजागर हो चुकी है। श्री मोदी ने कहा कि भारत- मलेशिया की साझेदारी ऐतिहासिक है और दोनों देशों में सहयोग लगातार बढ़ा है। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने मलेशियाई प्रधानमंत्री और वहां की सरकार का दिल से धन्यवाद करते हुए कहा कि जिस तरह उनका और उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया गया, वह हमेशा यादगार रहेगा।

**मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम ने प्रधानमंत्री मोदी का किया स्वागत, दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय वार्ता की**



### आजाद हिंद फौज के वरिष्ठ सेनानी जयराज राजा राव से मिले पीएम

**कुआलालंपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मलेशिया की अपनी दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा के दौरान आजाद हिंद फौज के पूर्व सैनिक जयराज राजा राव से संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में आईएनए की ऐतिहासिक भूमिका और दक्षिण-पूर्व एशिया में बसे भारतीय समुदाय के बीच उसकी स्थायी विरासत को रेखांकित किया।

**भारत- मलेशिया की साझेदारी ऐतिहासिक और दोनों देशों में सहयोग लगातार बढ़ा : मोदी**

### सुरक्षा से लेकर सेमीकंडक्टर तक हुए बड़े समझौते

**कुआलालंपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मलेशिया दौरे पर कुआलालंपुर से विदेश मंत्रालय ने प्रेस वार्ता की। इस दौरान विदेश मंत्रालय के सचिव (ईस्ट), पी. कुमारन ने कहा कि दोनों प्रधानमंत्रियों ने हमारी पार्टनरशिप के पूरे दायरे में द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की, जिसमें व्यापार, निवेश, रक्षा, सुरक्षा, सेमीकंडक्टर, डिजिटल टेक्नोलॉजी, फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी, संस्कृति, पर्यटन और लोगों के बीच आदान- प्रदान शामिल हैं। भारत और मलेशिया के बीच अहम समझौतों का विवरण- भारत गणराज्य की सरकार और मलेशिया की सरकार के बीच ऑडियो-विजुअल सह-निर्माण समझौता, आपदा प्रबंधन में सहयोग पर मलेशिया सरकार और भारत गणराज्य की सरकार के बीच समझौता ज्ञापन, भ्रष्टाचार से निपटने और उसे रोकने में सहयोग के लिए मलेशिया सरकार और भारत गणराज्य की सरकार के बीच समझौता ज्ञापन, भारत गणराज्य की सरकार और मलेशिया की सरकार के बीच संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा सहयोग पर समझौता ज्ञापन पर पत्र का आदान-प्रदान, भारत गणराज्य की सरकार और मलेशिया की सरकार के बीच सेमीकंडक्टर क्षेत्र में सहयोग पर नोट का आदान-प्रदान, अंतर्राष्ट्रीय बिग -**शेष पृष्ठ दो पर**

# सूरजकुंड मेला हादसा: कार्रवाई तेज

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड मेला परिसर में 7 फरवरी को हुए झूला हादसे के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए झूला संचालक कंपनी के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हादसे में घायलों को बचाते हुए हरियाणा पुलिस के निरीक्षक जगदीश प्रसाद शहीद हो गए थे।

पुलिस के अनुसार थाना सूरजकुंड में हिमाचल प्रदेश की हिमाचल फन केयर कंपनी के प्रो. मोहम्मद शाकिर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा में मामला दर्ज किया गया है। जांच के दौरान पुलिस ने मोहम्मद शाकिर निवासी गांव टोका नंगला, जिला सिरमौर (हिमाचल प्रदेश) व एक अन्य आरोपी नितेश निवासी धर्मपुरी सदर, मेरठ कैंट को गिरफ्तार किया है। अन्य संभावित आरोपियों की भूमिका की जांच जारी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के निर्देश पर पुलिस उपायुक्त अपराध के पर्यवेक्षण में तीन सदस्यीय एसआईटी गठित की गई है।

**■ पुलिस ने संचालक कंपनी के दो लोगों को किया गिरफ्तार**

### बांग्लादेश के पूर्व मंत्री रमेश चंद्र सेन की हिरासत में मौत

**ढाका।** बांग्लादेश के वरिष्ठ नेता और पूर्व जल संसाधन मंत्री रमेश चंद्र सेन का शनिवार सुबह हिरासत में निधन हो गया। 83 वर्षीय सेन दिनाजपुर जिला जेल में बंद थे। जेल अधिकारियों के अनुसार, शनिवार तड़के उनकी तबीयत बिगड़ी, जिसके बाद उन्हें दिनाजपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां सुबह करीब 9:29 बजे डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सेन की मौत ऐसे समय हुई है, जब बांग्लादेश में 12 फरवरी 2026 को आम चुनाव होने वाले हैं।

# कुत्ता मुक्त गांव के नाम पर चली हत्या की मुहिम

**हैदराबाद।** तेलंगाना के गांवों में अब अजीब सन्नाटा है। कुछ दिन पहले तक गांव में कोई अजनबी आता था, तो आवारा कुत्ते भौंक-भौंक कर गांव को चेता देते थे। अब यहां कोई हलचल नहीं होती। यह हालात किसी एक गांव के नहीं। राज्य के छह जिलों के 12 से ज्यादा गांवों में इस साल की शुरुआत से अब तक 1600 से अधिक कुत्ते मार दिए जाने के आरोप सामने आए हैं। शुरुआत में यह संख्या कम थी। धीरे-धीरे आंकड़ा बढ़ता गया।

दरअसल, गांवों में कुत्तों के काटने की घटनाएं बढ़ीं, तो दिसम्बर में हुए सरपंच चुनाव में यह मुद्दा प्रमुख रूप से उठा। कई जनप्रतिनिधियों ने 'कुत्ता मुक्त गांव' बनाने का वादा किया। इसके बाद गांव से कुत्ते गायब होने लगे। गांव के बाहर सामूहिक कब्र मिलीं, तो संदेह गहराया। जांच में साफ हो गया कि यह सब योजनाबद्ध तरीके से किया गया। आरोप है कि आंध्र प्रदेश से डॉग कैचर्स बुलवाए और 500 रुपये प्रति कुत्ते के हिसाब से जहरीले इंजेक्शन दिए गए। हनुमानकोंडा जिले के श्यामपेट और अरपेल्ली गांवों में 300 कुत्तों की हत्या की शिकायत दर्ज कराई गई है। कामारेड्डी जिले के वाड़ी, फरीदपेट, बंदारमश्वेरपल्ली, भवानीपेट और पलवनचा गांवों में 200 कुत्ते मारे गए।



**■ तेलंगाना में 1600 कुत्तों को दी मौत, आंध्र से डॉग कैचर्स बुलाकर दिए जहरीले इंजेक्शन**

### कर्नाटक में प्राइवेट ट्रेनी प्लेन क्रैश, दोनों पायलट सुरक्षित

**वियजवाड़ा।** कर्नाटक के विजयपुरा जिले में रविवार को एक खेत में प्राइवेट ट्रेनी प्लेन क्रैश हो गया। जमीन पर गिरने से पहले ही दोनों पायलट ने इजेक्ट कर लिया। उन्हें हल्की चोटें आई हैं। घटना बालेश्वर क्षेत्र मंगलुरु गांव में हुई। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। एक अधिकारी ने बताया कि यह रेड बर्ड एविएशन का एक प्राइवेट ट्रेनी एयरक्राफ्ट है। जो कलबुर्गी से बेलगावी जा रहा था। शुरुआती जांच में सामने आया है कि प्लेन के इंजन में टेक्निकल खराबी आई थी। विमान के मुख्य पायलट कैप्टन कुणाल मल्होत्रा थे। मल्होत्रा रेडबर्ड एविएशन में असिस्टेंट फ्लाइट इंस्ट्रक्टर (एएफआई) हैं। वहीं, ट्रेनी पायलट की पहचान गौतम शंकर पीआर के रूप में हुई है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि रेडबर्ड फ्लाइंग ट्रेनिंग एकेडमी लिमिटेड का सेसना 172 विमान, वीटी- ईयूसी (एमएसएन- 17265717) था। इसने बेलगावी एयरपोर्ट से 100 किमी पूर्व में बागलकोट के पास एक खेत में इमरजेंसी लैंडिंग की। इंस्ट्रक्टर और कैडेट दोनों सुरक्षित हैं।

# आरएसएस कहे, तो पद छोड़ दूंगा: मोहन भागवत

**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि यदि संघ उनसे पद छोड़ने को कहेगा, तो वे तुरंत ऐसा करेंगे। आमतौर पर 75 साल की उम्र के बाद किसी पद पर नहीं रहने की परंपरा की बात कही जाती है।

आरएसएस प्रमुख ने कहा कि सरसंघचालक बनने के लिए क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र या ब्राह्मण होना कोई योग्यता नहीं है। जो हिंदू संगठन के लिए काम करता है। वही सरसंघचालक (आरएसएस प्रमुख) बनता है। भागवत रविवार को मुंबई में आरएसएस के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि वीर सावरकर को भारत रत्न दिया गया तो इससे पुरस्कार की गरिमा और बढ़ेगी। भागवत ने कहा कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) सभी को विश्वास में लेकर बनाई जानी चाहिए और इससे समाज में मतभेद नहीं बढ़ने चाहिए। उम्मीद है कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता भारत के हितों को ध्यान में रखकर किया गया होगा और देश को किसी तरह का नुकसान नहीं होगा। घुसपैठ के मुद्दे पर सरकार को बहुत काम करना है। पहचान कर निष्कासन की प्रक्रिया होनी चाहिए। यह पहले नहीं हो पा रहा था, लेकिन अब धीरे-धीरे शुरू हुआ है और आगे बढ़ेगा। आरएसएस का काम प्रचार करना नहीं, बल्कि समाज में संस्कार विकसित करना है। जरूरत से ज्यादा प्रचार से दिखावा और फिर अहंकार आता है।

**■ संघ प्रमुख ने कहा: कोई भी हिंदू आरएसएस प्रमुख बन सकता है**
**■ सावरकर को भारत रत्न देने से पुरस्कार की गरिमा बढ़ेगी**

### बांग्लादेश में 1.25 करोड़ हिंदू, एकजुट हो जाएं तो...

**मुंबई।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के मुद्दे पर भागवत ने कहा कि बांग्लादेश में अभी भी 1.25 करोड़ हिंदू हैं। यदि वे एकजुट हो जाएं, तो वे वहां की राजनीतिक व्यवस्था उपयोग अपने हित और अपनी सुरक्षा के लिए कर सकते हैं। लेकिन उन्हें एकजुट होना होगा। अच्छी बात यह है कि इस बार उन्होंने वहां से भागने का नहीं, बल्कि वहीं रहकर लड़ने का फैसला किया है। अगर अगर उन्हें लड़ना है , तो एकता जरूरी होगी। जितनी जल्दी वे एकजुट होंगे, उतना ही बेहतर होगा।



## संक्षिप्त समाचार

### कोडीन युक्त सिरप तस्करी में पांच आरोपी गिरफ्तार

**वाराणसी।** कोडीन युक्त प्रतिबंधित कफ सिरप की तस्करी के मामले में कोतवाली पुलिस, एसआईटी और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने मुख्य सरगना शुभम जायसवाल के पांच साथियों को मिर्जापुर के भोरसर लिक रोड से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में 25-25 हजार रुपये के इनामी अमित जायसवाल (सोनिया), दिवेश जायसवाल (खोजवा), अंकुश सिंह (खोजवा) तथा अभिनव कुमार यादव और घनश्याम मौर्या शामिल हैं। पुलिस के अनुसार से सभी नेपाल भागने की फिराक में थे। उनके पास से 46 विदेशी मुद्रा नोट और एक आईफोन बरामद किया गया है। पुलिस उपायुक्त (काशी जोन) गौरव बंशवाल ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ कोतवाली थाने में बीएनएस की विभिन्न धाराओं तथा एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है।

### संगम में प्रवाहित की गई पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित की अस्थियां

**प्रयागराज।** महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अस्थियां रविवार को संगम में प्रवाहित की गईं। उनके पुत्र जय पवार ने विधि-विधान से अस्थि विसर्जन किया। इस दौरान परिवार के सदस्य और पार्टी कार्यकर्ता भावुक नजर आए। परिवार चार्टर्ड फ्लाइट से बारामती से प्रयागराज पहुंचा था। जय पवार पिता की अस्थियों का कलश लेकर नंगे पैर एयरपोर्ट से बाहर आए। एयरपोर्ट से संगम तक लंबा काफिला घाट पहुंचा, जहां भाजपा और राकांपा के कई नेता भी मौजूद रहे। राकांपा की युवा इकाई राष्ट्रवादी युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज शर्मा के नेतृत्व में कश्मीर से कन्याकुमारी तक 'अस्थि कलश यात्रा' निकाली गई थी।

# चुनाव आयोग भाजपा का सहयोगी: सपा

## एसआईआर पर फिर बरसे अखिलेश यादव, केवल फॉर्म-6 लागू हो

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग और बीजेपी पर फिर हमला बोला है। उन्होंने चुनाव आयोग पर भाजपा का सहयोगी होने का गंभीर आरोप लगाया है, खासकर फॉर्म-7 के जरिए मतदाता सूची में धांधली को लेकर उन्होंने इसे लोकतंत्र के लिए खतरा बताया। वह यहां पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।

अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि एसआईआर आज देश का सबसे बड़ा मुद्दा बन चुका है, लेकिन भाजपा की काली करतूतों के खिलाफ मजबूरी में काला कोट पहनकर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा है। उन्होंने ने आरोप लगाया कि उपचुनावों में जिस तरह की गतिविधियां देखने को मिलीं, उससे साफ है कि चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं, यहां तक कि आयोग पर भाजपा का झंडा लगा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि फॉर्म-7 के जरिये फर्जी दस्तक, अंगूठा लगवाना और हस्ताक्षर कराना गंभीर अपराध है, जो चुनाव नियमों की धारा 31 और 32 का खुला उल्लंघन है। इस दौरान उन्होंने बताया कि समाजवादी पार्टी के संगठन, पीडीए पहरी और जिम्मेदार नेताओं द्वारा समय-समय पर जो फॉर्म उपलब्ध कराए गए, उनसे कई फर्जी मामलों की पहचान हुई। नंदलाल जैसे लोग आज सच्चाई के साथ सामने आए हैं। उन्होंने सहयोग स्वरूप नंदलाल को 1,00,000 की सहायता दी है और उनके घर में दुर्गा माता के मंदिर निर्माण में भी पूरा सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि कई बीएलओ के बयान सामने आ रहे हैं कि उन्हें दबाया और धमकाया जा रहा है, बावजूद इसके बड़ी संख्या में बीएलओ लोकतंत्र को बचाने के लिए मजबूती से खड़े हैं। सपा नेता ने कहा कि चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि वह निष्पक्ष रहकर संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करे, न कि सिस्टम को कमजोर करने का माध्यम बने।

# भारत-अमेरिका टैरिफ समझौता उप्र के लिए अवसर: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ भारतीय निर्यातकों व श्रम प्रधान उद्योगों को वैश्विक विस्तार करेगा

**लखनऊ।** भारत-अमेरिका प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के तहत जारी टैरिफ ज्वाइंट स्टेटमेंट को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम बताते हुए कहा कि यह समझौता भारतीय निर्यातकों, एमएसएमई और श्रम-प्रधान उद्योगों के लिए वैश्विक अवसरों का विस्तार करेगा।

उन्होंने कहा कि समझौते में किसानों, खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के हितों को पूर्ण रूप से संरक्षित रखा गया है, साथ ही 'मेक इन इंडिया' को मजबूती मिलेगी और युवाओं व महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के प्रयासों की भी सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ में प्रस्तावित कटौती से उत्तर प्रदेश के निर्यात-आधारित क्लस्टर्स को संरचनात्मक बढ़त मिलेगी। भदोही-मिर्जापुर कार्पेट, वाराणसी सिल्क, कानपुर-आगरा लेदर, मेरठ-मुरादाबाद होम डेकोर तथा पूर्वांचल के टेक्सटाइल उद्योग को लागत प्रतिस्पर्धा में लाभ होगा। चुनिंदा कृषि उत्पादों और प्रोसेस्ड फूड पर शून्य शुल्क से मूल्यवर्धित निर्यात को बढ़ावा मिलेगा, जबकि फार्मा, मशीनरी और ऑटो कंपोनेंट्स को वैश्विक सप्लाई चेन से जुड़ने का अवसर मिलेगा। इससे एमएसएमई इकाइयों की सीधे निर्यात में भागीदारी बढ़ने की संभावना है। उन्होंने कहा कि नोएडा-ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में हाई-टेक मैन्युफैक्चरिंग और डेटा सेंटर निवेश को भी इस समझौते से प्रोत्साहन मिलेगा। संवेदनशील कृषि क्षेत्रों में संतुलन बनाए रखते हुए किसानों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। मुख्यमंत्री ने इसे उत्तर प्रदेश के लिए निर्यात, निवेश और रोजगार सृजन के लिहाज से दीर्घकालिक अवसर करार देते हुए कहा कि यह समझौता राज्य की अर्थव्यवस्था को नई गति देगा।

### उत्तर प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र आज से, हुई सर्वदलीय बैठक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से शुरू होगा। सत्र से पहले रविवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में विधानसभा परिसर में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें सत्तारूढ़ भाजपा के साथ कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के सदस्य भी शामिल हुए। बैठक में सदन के सुचारु संचालन और जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रदेश सरकार वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट 11 फरवरी को पेश करेगी। इस बार बजट का आकार करीब 9 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। सरकार का फोकस प्रदेश के समग्र विकास और आम लोगों की सुविधाओं को मजबूत करने पर रहेगा।

## पीक ऑवर में प्रदेश में मिल रही भरपूर सप्लाई

# गर्मियों में यूपी में नहीं होगा बिजली संकट!

लखनऊ, वार्ता



■ ग्रामीण इलाकों में दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के जरिये बड़े स्तर काम किया गया, छोटे उद्योगों को नई गति मिली

केंद्र सरकार की आरडीएसएस योजना के तहत उत्तर प्रदेश में ऊर्जा के क्षेत्र में कई काम कराए जा रहे हैं। इसके चलते अब यूपी में बिजली संकट पिछले सालों की तुलना में कम होने लगा है। इस योजना के तहत नई लाइनें बिछाने का काम तेजी से चल रहा है। विद्युत उपकरण भी उच्च क्वालिटी के इंस्टॉल कराए जा रहे हैं। नए उपकेंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। यही कारण है कि अब जर्जर लाइनें कम हो गई हैं। उच्च क्षमता के ट्रांसफॉर्मर लगने के चलते बिजली संकट की स्थिति काफी कम पैदा हो रही है। प्रदेश सरकार की तरफ से भी लगातार बिजली सप्लाई को लेकर पावर कारपोरेशन को निर्देश दिए जा रहे हैं।

गर्मी में बिजली संकट की स्थिति उत्पन्न न हो, इसे ध्यान में रखकर तेजी से अनुरक्षण का काम कराया जा रहा है। प्रदेश में बिजली की मांग व आपूर्ति के बीच का अंतर लगातार घटा है। बेहतर बिजली आपूर्ति के चलते प्रदेश में औद्योगिक निवेश बढ़ा है। एमएसएमई सेक्टर को संबल मिला है और रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि वित्त वर्ष 2022-23 में उत्तर प्रदेश की बिजली की कुल आवश्यकता एक लाख 44 हजार 251 मिलियन यूनिट थी, योगी सरकार ने बिजली की मांग व आपूर्ति के अंतर को समाप्त करने के लिए नीतियों और प्रबंधन सुधारों का जो प्रयास किया, उसका असर दिखा है। वित्त वर्ष 2023-24 में आपूर्ति एक लाख 48 हजार 287 मिलियन यूनिट तक पहुंच गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 में एक लाख 64 हजार 786 मिलियन यूनिट हो गई। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में दिसंबर 2025 तक की स्थिति में बड़ा सुधार हुआ है। इस अवधि में बिजली की कमी व्यावहारिक रूप से काफी कम हो गई है। सरकार ने बिजली उत्पादन और आपूर्ति के साथ-साथ पारेषण व वितरण व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया। राष्ट्रीय ग्रिड के माध्यम से अधिशेष बिजली वाले राज्यों से उत्तर प्रदेश को समय पर बिजली उपलब्ध कराई गई। सर्वाधिक मांग (पीक ऑवर) के समय भी प्रदेश में बिजली आपूर्ति लगभग पूरी की गई, जिससे उद्योगों और घरेलू उपभोक्ताओं को राहत मिली। संशोधित वितरण क्षेत्र सुधार योजना (आरडीएसएस) के अंतर्गत जर्जर लाइनों को बदला गया। ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई गई और स्मार्ट मीटरिंग को बढ़ावा दिया गया।

### वितरण कंपनियों के घाटे में कमी आई



इससे वितरण कंपनियों के घाटे में कमी आई और बिजली चोरी पर प्रभावी नियंत्रण संभव हुआ। ग्रामीण इलाकों में बिजली पहुंचाने के लिए दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना और सौभाग्य योजना के जरिए बड़े स्तर पर काम किया गया। गांवों और घरों तक बिजली पहुंचने से कृषि, कुटीर उद्योग और छोटे कारोबार को नई गति मिली है। उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा का मानना है कि बिजली, जहां आम जनता की आधारभूत आवश्यकता है। वहीं प्रदेश की आर्थिक रफ्तार में भी बिजली का बड़ा योगदान है। उद्योग-धंधों को ज्यादा से ज्यादा बिजली उपलब्ध हो सके, जिससे वह ज्यादा से ज्यादा उत्पादन कर सकें, इस ओर सरकार ने ध्यान दिया है। उन्होंने कहा कि इसी का नतीजा है कि आज उत्तर प्रदेश में निर्धारित रोस्टर के मुताबिक बिजली आपूर्ति हो रही है। आम जनता को भी भरपूर बिजली मिल रही है, तो इंडस्ट्री को भी भरपूर बिजली सप्लाई की जा रही है। इससे उत्तर प्रदेश आर्थिक विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर हो रहा है।

# असम बीजेपी के पोस्ट पर बवाल, भड़की कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

■ पार्टी ने बताया नरसंहार जैसा

■ सत्ता के शीर्ष से फैलाया गया जहर

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा अपने बयानों को लेकर अक्सर विवादों में रहते हैं। अब असम से एक और कथित नफरत से भरा वीडियो सामने आया है, जिसने राजनीतिक हलकों में तीखी प्रतिक्रिया पैदा कर दी है।

आरोप है कि असम भाजपा यूनिट के आधिकारिक एक्स हैंडल से साझा किए गए एक वीडियो में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को प्रतीकात्मक रूप से मुसलमानों पर गोली चलाते हुए दिखाया गया है। वीडियो के वायरल होते ही सोशल मीडिया पर इसकी कड़ी निंदा शुरू हो गई। कांग्रेस ने इसे अल्पसंख्यकों के खिलाफ खुला उकसाव करार दिया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि यह वीडियो 'अल्पसंख्यकों की लक्षित, पॉइंट-ब्लैंक हत्या' को दर्शाता है और यह सीधे तौर पर 'नरसंहार का आह्वान' है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कोई साधारण ट्रोल कंटेंट नहीं, बल्कि सत्ता के शीर्ष से फैलाया गया जहर है। वेणुगोपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस पर कार्रवाई या निंदा की उम्मीद नहीं है, लेकिन न्यायपालिका को स्वत: संज्ञान लेकर सख्त कदम उठाने चाहिए और किसी भी तरह की नरमी नहीं बरती जानी चाहिए। मामले को लेकर राजनीतिक तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



संसेक्स 83313.93
निफ्टी 25642.80



सोना 154570
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार | देश




चांदी रु. 300000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों पर दिखेगा अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का असर

मुंबई, वार्ता



पिछले सप्ताह रही तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते का असर घरेलू शेयर बाजारों में देखा जाएगा।

अमेरिका और भारत के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर दोनों देशों ने शनिवार को एक साझा बयान जारी किया जिसमें बताया गया है कि किन-किन वस्तुओं पर दोनों देशों में कितना-कितना आयात शुल्क और सीमा शुल्क घटाया जाएगा। इस समझौते से सेक्टर विशेष को लेकर निवेशकों की धारणा प्रभावित होगी। पिछले सप्ताह, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच टेलीफोन पर हुई बातचीत के बाद व्यापार समझौता होने की घोषणा की गई थी, जिससे सेंसेक्स एक दिन में दो हजार अंक (ढाई प्रतिशत) से अधिक की तेजी के साथ बंद हुआ था। आने वाले सप्ताह में गुरुवार को आधार वर्ष 2024 की सीरीज पर पहली बार खुदरा महंगाई के आंकड़े जारी होंगे। निवेशकों की नजर इस पर भी होगी। वाहनों की खुदरा बिक्री के आंकड़े भी इसी सप्ताह आने हैं। पिछले सप्ताह रविवार को आम बजट के दिन विशेष सत्र के कारण शेयर बाजारों में छह दिन कारोबार हुआ। यह पूरा सप्ताह बेहद उतार-चढ़ाव भरा रहा। इस दौरान बीएसई का सेंसेक्स 1,310.62 अंक (1.59 प्रतिशत) की साप्ताहिक बढ़त में रहा। बजट के दिन रविवार को सेंसेक्स 1,547 अंक टूट गया। अगले ही दिन सोमवार को इसमें 944 अंक की तेजी देखी गई। मंगलवार सुबह अमेरिका के साथ व्यापार समझौता होने की जानकारी आने के बाद सेंसेक्स 2,073 अंक उछल गया।

# शीर्ष सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2,62,055 करोड़ रुपये बढ़ा



**मुंबई।** बीएसई के सेंसेक्स में रही डेढ़ फीसदी की तेजी के बीच पिछले सप्ताह बीएसई की शीर्ष 10 में शामिल सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2,62,055 करोड़ रुपये बढ़ गया जबकि अन्य तीन का 1,32,206 करोड़ रुपये घट गया।

विविध क्षेत्रों में कारोबार करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 74,361 करोड़ रुपये बढ़ा। सार्वजनिक क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनी एलआईसी का एमकैप 48,734 करोड़ रुपये और दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल का 40,057 करोड़ रुपये बढ़ा। आईसीआईसीआई बैंक के एमकैप में 37,063 करोड़ रुपये और बजाज फाइनेंस में 31,797 करोड़ रुपये की बढ़त देखी गई। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 18,271 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनीलिवर का 11,771 करोड़ रुपये बढ़ा। देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टीसीएस को एमकैप में 66,428 करोड़ रुपये और इंफोसिस को 55,486 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा। भारतीय स्टेट बैंक के बाजार पूंजीकरण में 10,292 करोड़ रुपये की गिरावट रही। बाजार पूंजीकरण के मामले में 19,63,359 करोड़ रुपये के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज शीर्ष पर बनी रही। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 14,48,250 करोड़ रुपये रहा और यह दूसरे स्थान पर रहा। भारती एयरटेल ने टीसीएस को पछाड़कर एक बार फिर तीसरा स्थान हासिल किया। शुक्रवार को इसका बाजार पूंजीकरण 10,64,242 करोड़ रुपये रहा।

# चावल, दाल, चीनी में साप्ताहिक तेजी, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के विपरीत गेहूं में नरमी रही। दालों और चीनी के दाम भी बढ़ गए जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 11 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,822 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं तीन रुपये सस्ता हुआ और सप्ताहांत पर 2,863 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा नौ रुपये चढ़कर 3,337 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।

बीते सप्ताह खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव रहा। पाम ऑयल की औसत कीमत 93 रुपये और मूंगफली तेल की 72 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल 34 रुपये और सरसों तेल तीन रुपये महंगा हुआ। वनस्पति में 17 रुपये और सोया तेल में छह रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट दर्ज की गई। सप्ताह के दौरान तुअर दाल औसतन 189 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल की कीमत 79 रुपये और मूंग दाल की 25 रुपये बढ़ गई। चना दाल में 22 रुपये और मसूर दाल में 15 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 21 रुपये प्रति क्विंटल बढ़े। चीनी भी 10 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। तुअर दाल 10974.18 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2862.70 रुपये और चावल 3821.61 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3337.02 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# पीडीपी ने अमेरिकी डील को बताया विनाशकारी

■ जम्मू-कश्मीर में सेब और अखरोट पर मंडराया संकट

**श्रीनगर।** भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) का बयान सामने आया है। पार्टी ने दावा किया है कि अगर अमेरिका से आयातित कृषि और बागवानी उत्पादों पर कोई शुल्क नहीं लगाया गया, तो भारत-अमेरिका व्यापार समझौता जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था के लिए विनाशकारी साबित होगा। पीडीपी के प्रवक्ता मोहम्मद इकबाल ट्रंबू ने रविवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पीएम ने जम्मू-कश्मीर के बागवानी क्षेत्र पर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के प्रभाव के बारे में नहीं सोचा है। अमेरिका से आयातित कृषि उत्पादों पर शून्य शुल्क होगा, जम्मू-कश्मीर में उत्पादित सेब और अखरोट का क्या होगा?' मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला द्वारा पेश किए गए जम्मू-कश्मीर के बजट पर टिप्पणी करते हुए पीडीपी नेता ने कहा कि यह साधारण है और जम्मू-कश्मीर के लोगों को परेशान करने वाली समस्याओं का समाधान प्रदान करने में विफल रहा है। उन्होंने बजट पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस बजट में बेरोजगारी को दूर करने के लिए कुछ भी नहीं है, जो जम्मू-कश्मीर में एक प्रमुख समस्या है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**सुरक्षा से लेकर...** कैट्स एलायंस पर ढांचागत समझौता/कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी), भारत गणराज्य और सामाजिक सुरक्षा संगठन मलेशिया के बीच में बीमित व्यक्तियों के रूप में भारतीय नागरिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों और गतिविधियों पर सहयोग ज्ञापन, भारत गणराज्य की सरकार और मलेशिया की सरकार के बीच व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण (टीवीईटी) में सहयोग पर नोट का आदान-प्रदान, भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और मलेशिया के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के बीच सुरक्षा सहयोग पर नोट का आदान-प्रदान, भारत गणराज्य की सरकार और मलेशिया की सरकार के बीच स्वास्थ्य और चिकित्सा क्षेत्र में सहयोग पर नोट का आदान-प्रदान , 10वें मलेशिया-भारत सीईओ फोरम की रिपोर्ट का प्रस्तुतीकरण शामिल है। विदेश मंत्रालय के सचिव (ईस्ट), पी. कुमारन ने आगे कहा कि क्रॉस-बॉर्डर क्यूआर आधारित भुगतान और यूपीआई लिंक पर काम जारी है। इससे पर्यटकों, कामगारों और व्यापार को सीधा लाभ मिलेगा। हवाई संपर्क बढ़ाने और नए रूट खोलने पर भी सहमति बनी है। प्रधानमंत्री ने आसियान के साथ सहयोग, भारत की एक्ट ईस्ट नीति, इंडो-पैसिफिक विजन और ब्रिक्स में मलेशिया की भागीदारी का भी जिक्र किया और भविष्य में संबंध और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# आयकर के नए नियम, प्रपत्रों पर सुझाव आमंत्रित

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आयकर अधिनियम, 2025 से संबंधित प्रस्तावित नियमों और प्रपत्रों को सार्वजनिक रूप से जारी कर दिया है और इस पर हितधारकों की राय और सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। नए आयकर अधिनियम को अगस्त 2025 में राष्ट्रपति की स्वीकृति प्राप्त हुई थी। यह अधिनियम 1 अप्रैल 2026 से लागू होगा। वित्त मंत्रालय की रविवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार आयकर नियमों और प्रपत्रों की अंतिम अधिसूचना से पहले, हितधारकों की व्यापक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए, प्रस्तावित आयकर नियम और प्रपत्र भारतीय आयकर विभाग के आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। संबंधित आयकर नियम और प्रपत्र व्यापक परामर्श के बाद तैयार किए गए हैं, ताकि वे आयकर अधिनियम, 2025 के प्रावधानों के अनुरूप हों। विज्ञप्ति में कहा गया है कि सभी हितधारकों को इसका अध्ययन करने और सुझाव देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

# अमेरिकी ट्रेड डील के खिलाफ सड़कों पर उतरेंगे किसान

## व्यापार समझौते को आत्मसमर्पण के समान बताया

नई दिल्ली, वार्ता



भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने समझौते को भारतीय कृषि का अमेरिकी मल्टीनेशनल कंपनियों के सामने 'पूरी तरह आत्मसमर्पण' बताया है। एसकेएम और अन्य किसान संगठनों ने इस समझौते की कड़ी आलोचना करते हुए वाणिज्य मंत्री के इस्तीफे की मांग की है। इस डील के विरोध में 12 फरवरी की देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का समर्थन कर रहे हैं। किसान संगठनों की तरफ से कहा गया कि सरकार किसानों की पीठ में छुरा घोपने का काम कर रही है।

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल की तरफ से कहा गया कि इस डील की वजह है कि कृषि और डेयरी उत्पादों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने आरोप लगाया कि अमेरिका के साथ प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौता भारतीय कृषि का अमेरिकी मल्टीनेशनल कंपनियों के सामने पूरी तरह से आत्मसमर्पण है। इस तरह के फैसलों के लिए पीयूष गोयल को इस्तीफा दे देना चाहिए। एसकेएम नेताओं ने कहा कि देशभर के गांवों में विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। वे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पुतले जलाएंगे। एसकेएम ने 12 फरवरी की आम देशव्यापी को भी अपना समर्थन दिया। अखिल भारतीय किसान सभा (एआईकेएस) के नेता कृष्णा प्रसाद ने कहा कि यह व्यापार समझौता सूखे डिस्टिलर अनाज, पशु आहार के लिए लाल ज्वार और सोयाबीन तेल जैसी वस्तुओं के लिए बाजार खोलकर कृषि क्षेत्र पर गहरा प्रभाव डालेगा। यह भी दावा किया कि यह डेयरी क्षेत्र को प्रभावित करेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका साथ ही यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ ये समझौते उनकी स्थिर अर्थव्यवस्थाओं को फायदा पहुंचाने के लिए किए जा रहे हैं और भारत के लिए फायदेमंद नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यह समझौता उन किसानों को और प्रभावित करेगा जो पहले से ही कम आय की समस्याओं का सामना कर रहे हैं। संयुक्त किसान मोर्चा ने भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते को लेकर केंद्र सरकार पर कड़ा हमला बोला है। किसान नेताओं का कहना है कि वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल यह दावा कर रहे हैं कि कृषि और डेयरी सेक्टर को इस समझौते से बाहर रखा गया है, लेकिन हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। भारत-अमेरिका के संयुक्त बयान से साफ है कि भारत ने अमेरिकी कृषि और खाद्य उत्पादों पर लगी गैर-टैरिफ बाधाओं को हटाने पर सहमति जताई है। इससे भारतीय बाजार अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए खुल जाएगा और भारतीय किसानों को भारी नुकसान होगा।

# कोनेश्वर महादेव मंदिर के विकास से लखनऊ की धार्मिक विरासत को मिलेगी विशिष्ट पहचानः जयवीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के चौक में स्थित प्राचीन कोनेश्वर महादेव मंदिर अब अपने वैभव के नए शिखर की ओर अग्रसर है। मंदिर के कोने में विराजमान शिव. लिंग की विशिष्ट पहचान और सदियों पुरानी मान्यताओं को केंद्र में रखते हुए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग इस पौराणिक धरोहर के पर्यटन विकास को गति दे रहा है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल मंदिर के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों पर एक करोड़ रुपए की धनराशि व्यय की जाएगी। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि रामायण काल और भगवान राम के भाई लक्ष्मण से जुड़ी मान्यताएं मंदिर को विशेष बनाती है। गोमती नदी के तट पर स्थित यह कौण्डिन्य ऋषि का आश्रम था, जिनका उल्लेख प्राचीन धार्मिक ग्रंथों में मिलता है। कोनेश्वर महादेव मंदिर पहुंचना आसान है। शहर के प्रमुख परिवहन केंद्र चारबाग रेलवे स्टेशन से यह मंदिर ऑटो, कैब अथवा सिटी बस के माध्यम से सहजता से पहुंचा जा सकता है। देश-प्रदेश से आने वाले शिवभक्तों को बिना किसी कठिनाई के दर्शन का अवसर प्राप्त होता है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि धार्मिक आस्था, ऐतिहासिक विरासत और अवधी व्यंजनों की त्रिवेणी से सजा लखनऊ आज वैश्विक पहचान बना चुका है। पर्यटन विभाग के सतत प्रयासों का ही प्रतिफल है कि यूनेस्को ने हाल ही में लखनऊ को प्रतिष्ठित 'क्रिएटिव सिटी ऑफ गैस्ट्रोनॉमी' का दर्जा प्रदान किया। सरकार द्वारा विकसित आधुनिक पर्यटक सुविधाओं, बेहतर कनेक्टिविटी और सुव्यवस्थित प्रबंधन के चलते वर्ष 2025 में लखनऊ में लगभग 1. 5 करोड़ पर्यटकों का आगमन दर्ज किया गया।

## ट्रक की चपेट में साइकिल सवार की मौत, भाभी घायल

**चंदौली।** उत्तर प्रदेश में चंदौली जिले के अलीनगर थाना क्षेत्र के शाहूपुरी स्थित एनडीआरएफ कार्यालय के समीप रविवार दोपहर ट्रक की चपेट में आने से साइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठी उसकी भाभी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार भुझहुआ गांव निवासी सोहन (40) अपनी भाभी को साइकिल पर बैठाकर बाजार सामान खरीदने जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने चालक को पकड़कर उसकी पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह चालक को भीड़ से छुड़ाकर हिरासत में ले लिया।

# संजय सेतु निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन तेज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ/बहराइच।** घाघरा नदी पर संजय सेतु के निर्माण की मांग को लेकर एक बार फिर आवाज बुलंद हुई है। सामाजिक कार्यकर्ता संजीव सिंह राठौर ने अपने साथियों के साथ नदी किनारे प्रदर्शन कर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने जर्जर पुल के कारण ग्रामीणों को हो रही परेशानियों को उजागर किया।

प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लिए हुए थे, जिन पर लिखा था, हतुम्हारी फाइलों में गांव का मौसम गुलाबी है, मगर ये आंखें झूठी हैं ये दावा किताबी है।ह इस प्रदर्शन के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि कागजों में विकास के दावे चाहे जितने भी हों, जमीनी हकीकत उससे बिल्कुल अलग है। वर्षों से प्रस्तावित संजय सेतु (घाघरा पुल) का निर्माण अब तक शुरू नहीं हो पाया है, जिससे स्थानीय लोगों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। यह पुल घाघरा घाट पर स्थित है और इसकी खराब हालत चिंता का विषय बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुल के जर्जर होने से आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार बुरी तरह प्रभावित हैं।



अक्सर जाम के दिनों में स्थिति और भी बदतर हो जाती है। मनोज यादव ने कहा कि इस पुल से गुजरते समय लोग ईश्वर को याद करें, ताकि उनकी यात्रा सुरक्षित रहे। प्रदर्शनकारियों ने शासन से तत्काल संजय सेतु का निर्माण कार्य शुरू करने की अपील की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# समस्याओं का निराकरण न होने पर निकाय कर्मचारी महासंघ ने दी कार्य बन्दी की चेतावनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** महासंघ पूर्व प्रेषित 10 सूत्रीय मांग पत्र के समाधान हेतु 19 जनवरी को मंत्री नगर विकास व प्रमुख सचिव नगर विकास के नाम ज्ञापन प्रेषित कर समयवृ) निस्तारण हेतु दिया गया था।

किन्तु अभी तक नगर विकास विभाग द्वारा कोई भी सकारात्मक निर्णय नही लिया गया। महासंघ इन परि स्थितियो में अपने प्रदेश की ईकाइयो के साथियो के साथ पूरे प्रदेश की निकायो से सम्पर्क, बैठक व कार्य बन्दी की तैयारी की समीक्षा कर रहे है,महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष शशिकुमारमिश्र,लखनऊ व प्रदेश महासंघ रमाकांत मिश्र कानपुर तथा कार्य वाहक प्रदेश अध्यक्ष राकेश अग्निहोत्री गाजियाबाद, व महासंघ के अन्य प्रदेश पदाधिकारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष आर पी सिंह गोरखपुर, विनोद इलाहाबादी आगरा,विनय वाघमार अयोध्या, मनोज श्रीवास्तव प्रयागराज, शलअ. निल सोनकर वाराणसी,अनीस अहमद मेरठ,संजय सक्सेना अलीगढ, सुभान अली मुरादाबाद सहित सभी साथियो ने एक स्वर में मांग की है कि समय रहते मांगो पर पूर्व हुई बैठको में लिए गए निर्णयानुसार सम्बंधित के आदेश नही जारी किए गए तो ज्ञापन के साथ संलग्न 10 सूत्रीय मांग पत्र के समाधान हेतु दिख19 फरवरी 26 से अनिश्चितकालीन कार्य बन्दी किए जाने पर मजबूर होगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व प्रदेश सरकार व शासन की होगी।महासंघ ने अपनी व्याप्त समस्याओ के समाधान हेतु लगातार पिछले कई वर्षो से ध्यानाकर्षण आन्दोलन करता चला रहा ,परन्तु खेद है कि माखमंत्री नगर विकास व प्रमुख सचिव नगर विकास महोदय द्वारा अभी तक कोई सकारात्मक निर्णय/आदेश अपने विभाग द्वारा नही जारी किए जा सके,जिससे पूरे प्रदेश के सफाई कर्मचारी सहित अन्य सभी सम्वर्गो व निकायो में भारी आक्रोश व्याप्त होना स्वाभाविक है,जिसके गम्भीर परिणाम प्रदेश सरकार व शासन को उठाना पडेगा।महासंघ पुनः प्रदेश सरकार व शासन से मांग की है।

# संयुक्त परिषद के पदाधिकारी 19 अप्रैल से करेंगे प्रदेशव्यापी पदयात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश की केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक संयुक्त परिषद के कार्यालय, 504 शालिग्राम अपार्टमेंट, लखनऊ में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे. एन. तिवारी ने की।

संयुक्त परिषद की महामंत्री एवं मीडिया प्रभारी अरुणा शुक्ला ने बैठक के बाद प्रेस विज्ञप्ति में अवगत कराया है कि बैठक में संबद्ध संगठनों एवं जनपदों के प्रति. निधियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं जनपद प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे. एन. तिवारी ने 20 जनवरी 2026 के ऐतिहासिक धरना-प्रदर्शन के लिए



प्रदेश के सभी कर्मचारियों एवं संयुक्त परिषद के सभी वरिष्ठ पदा. धिकारियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। परिषद को संगठनात्मक मजबूती प्रदान करने के लिए आशा हेल्थ वर्कर एसोसिएशन की अध्यक्ष कुसुमलता यादव, रोडवेज कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्ष डी.के. त्रिपाठी एवं समाज कल्याण विभाग में किसी संगठन के कार्यरत न रहते हुए भी किसी भी सरकारी विभाग से सर्वाधिक संख्या में शिक्षकों का प्रतिभाग कराने के लिए संयुक्त परिषद की महामंत्री अरुणा शुक्ला को पुष्प गुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संयुक्त परिषद की कार्यकारिणी का पुनर्गठन करते हुए निष्क्रिय पदा. धिकारियों को उनके पद से हटा दिया गया।

बैठक में कर्मचारियों की प्रमुख मांगों पर लगातार दबाव बनाए जाने की रणनीति पर मुहर लगी। इसी क्रम में संयुक्त परिषद के अध्यक्ष ने आंदोलन के अगले चरण का एलान करते हुए 19 अप्रैल से 30 सितंबर तक प्रदेश के प्रत्येक जनपद में पदयात्रा करने की घोषणा की। पदयात्रा का उद्देश्य कर्मचारियों में जागरूकता उत्पन्न करना, कर्मचारी एवं जनता के बीच बेहतर संदेश स्थापित करना तथा यह संदेश देना है कि कर्मचारी जनता का सेवक है। पदयात्रा की शुरुआत पश्चिमी उत्तर प्रदेश से होगी।

पदयात्रा 8 चरणों में पूरी की जाएगी। पदयात्रा की समाप्ति के बाद लखनऊ में एक विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा, जिसमें परिषद की तरफ से मुख्यमंत्री को आमंत्रित करने का अनुरोध किया जाएगा। कार्यकारिणी की बैठक में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के उपाध्यक्ष डी के त्रिपाठी, महेंद्र सिंह, नितिन गोस्वामी, कुसुमलता यादव ने अपने विचार व्यक्त किए एवं कार्यकारिणी द्वारा प्रस्तुत समस्त प्रस्तावों का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया।

# नवागत पुलिस अधीक्षक ने सीओ व थानेदारों के साथ की बैठक

**गौरीगंज/अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. द्वारा पुलिस कार्यालय सभागार गौरीगंज में जनपद के समस्त थानों के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष के साथ अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया।

अपराध गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा आगामी त्यौहारों के ख्रष्टिगत सर्तक ख्रष्टि बनाये रखने, अपराध एवं अपरा. धियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पाबन्दी की कार्यवाही, गुण्डा, जिलाबदर एवं हिस्ट्रीशीटर आदि पर सतर्क ख्रष्टि रखने, महिला संबन्धी अपराधों की रोकथाम व अभियान चलाकर अपराधियों की गिरफ्तारी तथा रात्रिगश्त को बढाने, बाजारों, चौराहों, सर्राफा की दुक. ानों, बैंकों के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं, दो पहिया, चार पहिया वाहनों व मोटरसाइकिल पर नई उम्र के लड़कों की चेलकग आदि के संबंध में आवश्यक आद. ेश-निर्देश दिए गए । गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी, समस्त क्षेत्राधिकारीगण एवं अन्य अधिक. ारी कर्मचारी मौजूद रहे ।

# पतंग के मांझे की चपेट में आए व्यापारी विमलेश तिवारी घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यहियागंज उद्योग व्यापार मंडल के कार्यालय सचिव विमलेश तिवारी कल सायं लगभग 6 बजे घर लौटते समय कुड़ियाघाट लखनऊ में पतंग के मांझे की चपेट में आकर घायल होने से बाल-बाल बचे। सौभाग्यवश कोई गंभीर चोट नहीं आई, परंतु यह घटना शहर में खुलेआम खतरनाक मांझे के उपयोग से उत्पन्न हो रहे खतरे को उजागर करती है।



यहियागंज उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार का जानलेवा मांझा आम नागरिकों, दोपहिया वाहन चालकों और राहगीरों के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि प्रति. बंधित चाइनीज मांझे एवं धातु मिश्रित धारदार मांझे की बिक्री पर सख्ती से रोक लगाई जाए तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। विगत कई दिनों से पेपरों में यह छप रहा है कि ऑन लाइन बिक रहा है तो सरकार ऑनलाइन कंपनियों से उसका डेटा मांग ले मालूम हो जाएगा कि किसने कितना ख़रीदा मिश्र ने नागरिकों से भी अपील की कि वे सुरक्षित और साधारण सूती धागे का ही उपयोग करें तथा सड़क के आसपास पतंग उड़ाने से बचें, जिससे किसी की जान जोखिम में न पड़े। व्यापार मंडल ने प्रशासन से शहर में नियमित निगरानी करने की भी मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। किसी बच्चे से पूंछ लीजिए वह बता देगा की जिस दुकान से पतंग ख़रीदी वही से मांझा भी लिया अब कई दिनों से सभी अपनी ज़िम्मेदारी से बच रहे हैं इसकी गहन जांच होनी चाहिए अधिकतम मूल्य 1. रुपये पतंग का है तो वह बच्चा क्या ऑन लाइन मांझा मांगा लेगा वह भी जो मंहगा है वह अपनी पतंग बचाने के लिए थोड़ा मांझा दुकान से ही ख़रीद लेता है।

# रियल रूट्स एकेडमी का वार्षिकोत्सव संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** रियल रूट्स एकेडमी का 20वां वार्षिकोत्सव आईआईएसई ऑडिटोरियम कल्याणपुर में रविवार को धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। इस अवसर पर सीएमडी, आईएसई, फिरदौस सिद्दीकी, अतुल करण यादव उपस्थित रहे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों मे 'ऑपरेशन सिन्दूर', 'पेड़ बचाओ' नाटिका, राधा-कृष्ण नृत्य और महाभारत पर आधारित लघु नाटिका से बच्चों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इसमे समृद्धि तिवारी, अद्वैत, वैराज, वान्या, रक्षिता, वामिका, तुषार, शाम्भवी सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस मौके पर प्रधानाचार्या नीरू मिश्रा ने विद्यालय की वाल्षक प्रगति रिपोर्ट साझा की। डायरेक्टर एस. के. मिश्रा ने गर्व जताया कि 20 वर्षों की मेहनत से आज विद्यालय के छात्र विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के झंडे गाड़ रहे हैं। अंत में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# विद्युत मजदूर संगठन की बैठक में गूंजा उत्पीड़न का मुद्दा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** विद्युत मजदूर संगठन उप्र की केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक आज जी 107 हम्बरा अपार्टमेंट श्यामा चौराहा लखनऊ में संगठन के प्रान्तीय अध्यक्ष विमलचंद पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में वरिष्ठ मजदूर नेता आर.एस. राय, कार्यवाहक अध्यक्ष आलोक सिन्हा एवं सै"यद शोएब हसन तथा मुख्य महामंत्री श्रीचन्द्र, प्रदेश प्रभारी आरसी पाल,बाबू प्रताप सिंह, इंद्रेश राय, अशोक गुप्ता, मोहन बाबू आर्य,एसके सिं, राजीव रंजन राय, संदीप कुमार,राहुल कुमार,वेद प्रकाश राय, जितेंद्र



कुमार, संतोष कुमार, विनोद श्रीवास्तव, अजय भट्टाचार्य, राम चरण, अवनीश श्रीवास्तव, आरिफ वेग, मनीष श्रीवास्तव, आदि पदाधिकारी सम्मिलित हुए। वरिष्ठ मजदूर नेता आर.एस. राय ने कहा कि वर्तमान प्रबंधन कर्मचारियों की कई वर्षों से लंबित समस्याओं का समाधान नहीं कर रहा है बल्कि उनका आए दिन उत्पीड़न हो रहा है तरह-तरह के नियम विरुद्ध आद. ेश जारी कर बेगुनाह कर्मचारियों को परेशान किया जा रहा है ।दस बर्षो से कार्यरत 25 हज़ार संविदा कर्मचारियों को निकाल दिया गया जिससे उनका परिवार भुखमरी का शिकार है।जिसका पुरजोर तरीके से विरोध करता हूं और आगामी दिनों में विशाल प्रदर्शन शक्ति भवन पर किया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्रीचन्द्र ने कहा की पावर कॉरपोरेशन मृतक आश्रित पर चतुर्थ श्रेणी के पद पर सेवायोजन समाप्त कर दिया है जो बहुत बड़ा घातक है क्योंकि आज भी कर्मचारियों की ऐसे परिवार हैं जिनकी पत्नी स्नातक नहीं है या उनके बच्चे बहुत छोटे हैं तथा उनको पेंशन की भी सुविधा नहीं है जिसकी वजह से उनका परिवार इधर उधर भटक रहा है और उसका परिवार भुखमरी के कगार पर आ गया है इसलिए इस आदेश को वापस किया जाए। इसके अलावा तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों का बीच सत्र में स्थानांतरण किया जा रहा है जो कि आज तक इतिहास में कभी ऐसा नहीं हुआ इसलिए प्रबंधन से अनुरोध है कि कर्मचारियों का उत्पीड़न बन्द किया जाए अन्यथा की स्थिति में संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

# विस सत्र के दौरान लखनऊ में बदला रहेगा रूट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के प्रथम सत्र के दौरान प्रस्तावित कार्यक्रमों को देखते हुए सोमवार को शहर की यातायात व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया गया है। यातायात पुलिस ने हजरतगंज, विधानसभा और आसपास के इलाकों में डायवर्जन प्लान लागू किया है,

ताकि सुरक्षा के साथ यातायात का संचालन सुचारु रूप से किया जा सके। बंदरियाबाग चौराहा से राजभवन, डीएसओ, हजरतगंज, जीपीओ और विधानसभा की ओर सामान्य यातायात पूरी तरह प्रति. बंधित रहेगा। डीएसओ चौराहा से हजरतगंज, जीपीओ पार्क और विधानसभा मार्ग पर भी वाहनों की एंट्री नहीं होगी। रॉयल होटल चौराहा से विधानसभा होते हुए हजरतगंज की तरफ जाना प्रति. बंधित रहेगा। सिकंदरबाग चौराहा से हजरतगंज और विधानसभा की ओर वाहन नहीं जा सकेंगे। परिवर्तन चौक और हिन्दी संस्थान तिराहे से हजरतगंज होते हुए विधानसभा जाने वाले रास्ते बंद रहेंगे।वैकल्पिक मार्गों से वाहन चलेंगे ।यातायात पुलिस के मुताबिक, वाहन चालकों को कैण्ट, गोल्फ क्लब चौराहा, 1090 चौराहा (गांधी सेतु), चिरैयाझील, कैसरबाग, लालबत्ती चौराहा, मेफेयर तिराहा और बह्नलग्टन चौराहा जैसे मार्गों का उपयोग करना होगा। महानगर, चारबाग और गोमतीनगर की तरफ से आने वाली रोडवेज और सिटी बसें हजरतगंज व विधानसभा की ओर नहीं जा सकेंगी। ये बसें बैकुंठधाम, 1090 चौराहा, संकल्प वाटिका ओवर ब्रिज और कैसरबाग होते हुए लोग अपने गंतव्य पर पहुंचेंगे। महानगर, चारबाग और गोमतीनगर की तरफ से आने वाली रोडवेज और सिटी बसें हजरतगंज व विधानसभा की ओर नहीं जा सकेंगी। ये बसें बैकुंठधाम, 1090 चौराहा, संकल्प वाटिका ओव. रब्रिज, चिरैयाझील और कैसरबाग होते हुए अपने गंतव्य तक पहुंचेंगी। इस दौरान आपात सेवाओं को छूट मिली रहेगी जिससे कि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया है।

# विधान सभा अध्यक्ष ने सत्र को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सभी दलीय नेताओं से मांगा सहयोग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने सोमवार से प्रारम्भ हो रहे 18वीं विधान सभा सत्र को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सभी दलीय नेताओं से सहयोग का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि संसदीय व्यवस्था में संवाद तथा सकारात्मक चर्चा-परिचर्चा के माध्यम से लो. कतंत्र सुख्रढ़ होता है।

विधानसभा चर्चा और परिचर्चा का मंच है, शोर-शराबे का नहीं। सहमति और असहमति लोकतंत्र का अभिन्न अंग हैं। शोर-शराबे से न तो सरकार की बात सामने आती है और न ही विपक्ष की।विधान भवन में आयोजित सर्वदलीय बैठक में सभी दलीय नेताओं ने विधान सभा अध्यक्ष को सदन संचालन में सहयोग देने का आश्वासन दिया।बैठक में विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि यह देश की सबसे बड़ी विधान सभा है। स्वाभाविक रूप से उत्तर प्रदेश विधान सभा की कार्यवाही पूरे देश के विधान मंडलों के लिए एक मानक एवं आदर्श प्रस्तुत करती है। श्री महाना ने कहा कि सभी सदस्यों को अपनी बात रखने का पर्याप्त अवसर दिया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर देर शाम तक सदन की कार्यवाही संचा. लित की जाएगी, ताकि प्रत्येक सदस्य को अपनी बात रखने का अवसर मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि यदि पूर्व के इतिहास पर ख्रष्टि डाली जाए तो विगत चार वर्षों में इस विधानसभा में सर्वाधिक चर्चा हुई है।विधान सभा अध्यक्ष ने सभी दलों के नेताओं से अनुरोध किया कि वे अपने-अपने पक्ष को सदन में शालीनता एवं संसदीय मर्यादा के अंतर्गत रखें और प्रेमपूर्ण वातावरण में बहस करें। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि जिस प्रकार पूर्व के सत्रों में सभी का सहयोग प्राप्त हुआ है, उसी प्रकार इस सत्र में भी सहयोग की आशा है। इस अवसर पर सभी दलीय नेताओं ने विधान सभा अध्यक्ष की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि आपके दिशा-निर्देशन में विधान सभा में निरंतर कुछ नया देखने को मिल रहा है। उम्मीद है कि भविष्य में भी नए प्रयोगों के साथ विधान सभा में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलेंगे।बैठक में नेता सदन एवं प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सर्वदलीय बैठक में संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सभी दलीय नेताओं को आश्वस्त किया कि सरकार पूरी गंभीरता के साथ विकास को नई गति देने एवं आगे बढ़ाने के लिए कार्य करेगी। सरकार सभी मुद्दों पर सकारात्मक कार्रवाई के लिए प्रतिब) है।

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय, नेता अपना दल (सोनेलाल) श्री राम निवास वर्मा, माननीय नेता राष्ट्रीय लोकदल राजपाल बालियान, नेता सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ओमप्रकाश राजभर,नेता निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल रमेश सिंह, नेता भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना' तथा जनसत्ता लोकतांत्रिक दल के माननीय नेता कुंवर रघुराज प्रताप सिंह 'राजा भैया' के स्थान पर श्री विनोद सरोज ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए और सदन की कार्यवाही को सुव्यवस्थित ढंग से चलाने में हर प्रकार का सहयोग देने का आश्वासन दिया।इससे पूर्व माननीय विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

इस बैठक में संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना के अतिरिक्त समिति के सदस्य जयवीर सिंह, श्रीमती बेबी रानी मौर्य, सुशील कुमार शाक्य, जयप्रताप सिंह, सिद्धार्थ नाथ सिंह, पंकज सिंह, रविदास मेहरोत्रा, डॉ. संग्राम यादव, आशु मलिक तथा विशेष आमंत्रित सदस्य रामनिवास वर्मा, राजपाल सिंह बालियान, रमेश, ओमप्रकाश राजभर और श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना' शामिल हुए।

लोकप्रिय हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स
में समाचारों एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिये सम्पर्क करें।
नोटः इच्छुक पत्रकार-शाह टाइम्स में विज्ञापन प्रतिनिधि एवं संवाददाता के रूप में कार्य करने के लिए संपर्क करें।
मौहम्मद जान तुर्की,
ब्यूरो चीफ लखनऊ
कार्यालयः 21, शाह टावर, स्टेशन रोड लखनऊ, उ0प्र0।
Mob. 8630533498
E-mail: shahtimeslko313@rediffmail.com

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# प्रसव के बाद महिला की मौत पर परिजनों का हंगामा

## चिकित्सक पर इलाज में लापरवाही का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। निजी अस्पताल में प्रसव के बाद महिला की मौत हो गये। गुस्साए परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह स्थिति को संभाला।

मुरादाबाद जनपद के कुंदरकी क्षेत्र के सिहाली माला गांव में मजदूर धर्मपाल सिंह का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी शिव कुमारी के अलावा एक चार वर्ष का बेटा है। शिव कुमारी गर्भवती थी, इसलिए परिजनों ने शनिवार की दोपहर चौधरपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां ऑपरेशन से शिवकुमारी ने एक बेटे को जन्म दिया। लेकिन, रविवार की सुबह शिव कुमारी की अचानक मौत हो गई। जिससे गुस्साए परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया। वहीं परिजनों ने डायल 112 पुलिस को मौके पर बुला लिया। जानकारी मिलते ही डिडौली कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिसकर्मियों ने आक्रोशित परिजनों को समझाकर शांत कर दिया। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मृतकों के परिजनों ने कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की है। चर्चा है कि दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया है।

# आयोग के सदस्य ने किया गौशालाओं का निरीक्षण

## गाय को चुनरी ओढ़ाकर किया पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। रविवार को उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के सदस्य दीपक गोयल द्वारा तहसील क्षेत्र की विभिन्न गौशालाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कान्हा गौशाला गजरौला एवं बछरायूं, अस्थायी गौ आश्रय स्थल चुचौला कला एवं डिंगरा का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस अवसर पर उन्होंने गौ माता को चुनरी ओढ़ाकर गौ पूजन किया तथा गुड़ खिलाया। निरीक्षण के दौरान गौवंश के स्वास्थ्य, रख-रखाव, साफ-सफाई, पीने के पानी, भूसा, चारा एवं पशु आहार की स्थिति की जांच की गई। सहभागिता योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने तथा पशुओं को मानकों के अनुरूप आहार दिए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। आयोग सदस्य द्वारा केयरटेकर से बातचीत कर यह भी जानकारी ली गई कि मानदेय का भुगतान समय से हो रहा है या नहीं। अधिकारियों को गौशालाओं में व्यवस्थाओं की नियमित



निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के समय मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी (सीव.ीओ) आभा दत्त, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपाक्षी, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नाबालिग छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म

## एक नामजद समेत तीन पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। रजबपुर थाना क्षेत्र में 14 वर्षीय नाबालिग छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस संबंध में एक नामजद और दो अज्ञात युवकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

घटना 31 जनवरी 2026 की बताई जा रही है। पीड़िता कक्षा 9 की छात्रा है। परिजनों के अनुसार, डिडौली थाना क्षेत्र का एक युवक काफी समय से छात्रा को परेशान कर रहा था और उस पर शादी का दबाव बना रहा था। इस संबंध में पहले भी आरोपी के परिजनों से शिकायत की गई थी। दी गई तहरीर के मुताबिक, 31 जनवरी 2026 को सुबह करीब 10:30 बजे छात्रा घर पर अकेली थी। तभी नामजद युवक अपने दो साथियों के साथ घर में घुस आया। आरोप है कि आरोपियों ने छात्रा को तमंचा दिखाकर धमकाया और जबरन घर से उठाकर गांव के पास स्थित तालाब किनारे ले गए। परिजनों का आरोप है कि तालाब किनारे छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपियों ने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए।घटना के बाद छात्रा ने घर पहुंचकर परिजनों को पूरी जानकारी दी। पीड़िता के पिता बृहस्पतिवार रात करीब 11 बजे रजबपुर थाना पहुंचे और पुलिस से कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शनिवार को इस मामले में रिपोर्ट दर्ज की। इस पूरे घटनाक्रम के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में पहले भी नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म, महिला से दिनदहाड़े कुंडल लूट व चोरी की कई गंभीर आपराधिक घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। चर्चा है कि अपराधियों पर पुलिस का खौफ खत्म होता नजर आ रहा है वही अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद हैं। शिकायत के करीब 24 घंटे बीत जाने के बाद पुलिस ने एक नामजद व 2 अज्ञात के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पूरे प्रकरण की जांच रजबपुर थाना एसएसआई नरेशपाल राणा को सौंपी गई है। थाना प्रभारी कोमल तोमर के अनुसार प्रकरण में वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है।

# आतंकवाद के खिलाफ पाक का पुतला फूंका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात**। कस्बे में शिया समुदाय के लोगों ने आतंकवाद के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान का पुतला फूंका। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान विरोधी नारे लगाए और उसे दुनिया भर में आतंकवाद फैलाने वाला देश बताया।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि पाकिस्तान की ओर से लगातार आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है और हाल ही में पाकिस्तान में शिया मस्जिद में कराए गए विस्फोट ने मानवता को शर्मसार किया है। इसी हमले के विरोध में शिया समुदाय सड़कों पर उतरा और अपना आक्रोश जाहिर किया। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ अब



निर्णायक कार्रवाई की जरूरत है। उन्होंने भारत सरकार से मांग की कि पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं। प्रदर्शनकारियों ने भावुक अंदाज में कहा कि यदि सरकार मौका दे तो वे खुद आतंक के गढ़ में जाकर देश का झंडा फहराने को तैयार हैं। पूरे कस्बे में प्रदर्शन के चलते कुछ देर के लिए माहौल तनावपूर्ण रहा।

# मीठे समोसे से बच्चे बीमार, दुकान पर नोकझोंक

## शिकायत पर दुकान पर हुआ हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। नगर के शेरपुर चुंगी स्थित एक मिठाई की दुकान पर खुले में रखे मीठे समोसों को लेकर विवाद की स्थिति बन गई। बताया जा रहा है कि एक व्यक्ति दुकान से मीठे समोसे खरीदकर ले गया था, जिन्हें खाने के बाद बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। हालांकि किसान किस गांव या क्षेत्र का था, इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। शिकायत लेकर जब वह दुकान पर पहुंचा तो दुकानदार से उसकी नोकझोंक हो गई, जो कुछ देर के लिए काफी तीखी हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने हस्तक्षेप कर किसी तरह मामला शांत कराया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि मिठाई व अन्य खाद्य पदार्थ घटिया सामग्री से तैयार किए जा रहे हैं और मीठे समोसे दिनभर खुले में रखे जाते हैं, जिन पर मच्छर-मक्खियां बैठती रहती हैं। इससे संक्रमण फैलने का खतरा बना रहता है और यह सीधे तौर पर आम जनता की सेहत के साथ खिलवाड़ है। लोगों का आरोप है कि इस ओर खाद्य विभाग का कोई ठोस ध्यान नहीं है और जिम्मेदार अधिकारी खामोश बने हुए हैं। घटना के बाद क्षेत्रवासियों में रोष है और लोगों ने मांग की है कि खाद्य सुरक्षा विभाग दुकानों की नियमित जांच करे, खुले में रखी खाद्य सामग्री पर सख्ती से रोक लगाए और दोषियों पर कार्रवाई कर आमजन की सेहत की सुरक्षा सुनिश्चित करे।

## एक नजर

### डा. अहमद मुर्तजा बने कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया ने डॉ. अहमद मुर्तजा को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के चिकित्सा प्रकोष्ठ में प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया है। शनिवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओंकार कटारिया के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता डॉ. अहमद मुर्तजा के चिकित्सालय पहुंचे और फूल-मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ओंकार कटारिया ने कहा कि डॉ. मुर्तजा के अनुभव और निष्ठा से प्रदेश कांग्रेस के चिकित्सा प्रकोष्ठ को नई मजबूती मिलेगी। डॉ. अहमद मुर्तजा ने पार्टी आलाकमान का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वह पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर राजपाल सैनी हरिओम पुष्कर, दीपक गौतम, मसकूर अंसारी, मनोज कटारिया, इंतजार नकवी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### मदरसे में पांच तालिबे इल्मों की दस्तारबंदी



**शाह टाइम्स संवाददाता सैदनगली**। मदरसा अहले सुन्नत मदीना तुल उलूम में वार्षिक जश्ने दस्तारबंदी का आयोजन अकीदत व एहतराम के साथ हुआ। तालीम मुकम्मल करने वाले पांच तालिबे इल्मों को दस्तार-ए-फजीलत पहनाकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में हाफिज फैजान (अल्लीपुर भूड़ शर्की), हाफिज तंजीम व हाफिज अदनान (हरियाना), हाफिज सुभान (ककराली) और हाफिज हाशिम अली (उझारी) शामिल रहे। मदरसे के मोहतमिम कारी इशरतुल्लाह व सदर हाजी अलाउद्दीन सैफी ने बच्चों को यादगारी शील्ड देकर हौसला अफजाई की। मुफ्ती मोहम्मद रजा जामी (मुंबई) ने कहा कि इल्म समाज को अंधकार से रोशनी की ओर ले जाता है और मदरसे बच्चों को बेहतर इंसान बनाने का काम करते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उलेमा, गणमान्य लोग और ग्रामीण मौजूद रहे। अंत में मुल्क की अमन-ओ-अमान और तरक्की के लिए विशेष दुआ की गई। इस मौके पर ग्राम प्रधान इसरार अहमद सैफी, हाजी इंतजार सैफी, नसीर अहमद सैफी, कल्लू खान मलिक, इकबाल मलिक, फहीम अहमद सैफी आदि मौजूद रहे।

# राजस्थान पुलिस ने दम्पत्ति को उठाया

■ फर्जी नियुक्ति पत्र बनाने का है आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी व उसकी पत्नी को राजस्थान पुलिस दबिश देकर अपने साथ ले गई। पुलिस के मुताबिक वर्ष 2021 में दोनों के खिलाफ फर्जी नियुक्ति पत्र बनाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज हुई थी । पुलिस दोनों को अपने साथ ले गई।

राजस्थान जनपद के अलवर जनपद में स्थित तिजारा थाने की पुलिस ने शनिवार की देर शाम गजरौला की एमडीए कालोनी में दबिश देकर रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी व उसकी पत्नी को अपने साथ ले गई। पुलिस के मुताबिक कर्मचारी ने अलवर जनपद में तैनाती के दौरान वर्ष 2021 में फर्जी नियुक्ति पत्र बनाए थे। इसमें उसकी पत्नी भी शामिल थी। रिटायर्ड कर्मचारी की पत्नी एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षिका है। इस फर्जीवाड़े का मुकदमा वर्ष 2021 में दर्ज किया गया। बताया जा रहा है कि पुलिस दोनों को बीते दिन अपने साथ ले गई। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि राजस्थान पुलिस दोनों को साथ ले गई है।

# परीक्षा में घबराएं नहीं, मन लगाकर करें पढ़ाई

## सीबीएसई बोर्ड परीक्षा! तनावमुक्त रहें छात्र: अंजलि चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। सीबीएसई बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाएं फरवरी माह के मध्य से प्रारंभ हो रही हैं। परीक्षा को लेकर छात्रों और अभिभावकों में उत्सुकता के साथ-साथ तनाव का माहौल भी देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में एम.एस. सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या अंजली चौधरी ने छात्रों व अभिभावकों के लिए अपील जारी करते हुए कहा कि



परीक्षा को बोझ नहीं बल्कि एक सामान्य प्रक्रिया मानकर शांत मन से तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नियमित समय-सारिणी बनाकर पढ़ाई करना, कठिन विषयों पर विशेष ध्यान देना, प्रतिदिन रिवीजन करना, पुराने प्रश्नपत्रों का अभ्यास करना, पर्याप्त नींद लेना और संतुलित आहार करना बेहतर प्रदर्शन के लिए आवश्यक है। साथ ही परीक्षा केंद्र पर समय से पहले पहुंचने और परीक्षा से एक दिन पहले नए विषय न पढ़ने की सलाह दी। अभिभावकों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों पर अनावश्यक दबाव न बनाएं, घर का माहौल सकारात्मक रखें, डराने के बजाय उनका आत्मविश्वास बढ़ाएं, पढ़ाई के लिए शांत वातावरण उपलब्ध कराएं तथा मोबाइल व टीवी के सीमित उपयोग पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि परीक्षा केवल अंकों की दौड़ नहीं है, बल्कि अनुशासन, धैर्य और आत्मविश्वास विकसित करने की प्रक्रिया है, इसलिए सही मार्गदर्शन और सहयोग से बच्चे बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकते हैं।

# राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छाए ओपीएस के बच्चे

## नई दिल्ली में हुई सावित्रीबाई फुले स्पीकिंग प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। नगर के ओपीएस इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने नई दिल्ली में आयोजित सावित्रीबाई फुले स्पीकिंग बी प्रतियोगिता 2026 में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में देश भर के 14 विद्यालयों के बच्चों का चयन किया गया था।

नई दिल्ली के सेंटर फॉर सिविल सोसाइटी द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में ओपीएस इंटरनेशनल स्कूल से कक्षा 1 से अन्नु, कक्षा 2 से अदीरा, कक्षा 3 से शौर्य, कक्षा 4 से फरहान, कक्षा 5 से



शुभ, कक्षा 6 से दिवेश, कक्षा 7 से अरहान एवं कक्षा 8 से जारा विद्यार्थी शामिल रहे। सभी विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें अन्नु, अदीरा एवं शौर्य ने अपनी-अपनी श्रेणियों में प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट कौशल का प्रदर्शन किया। विद्यालय के सचिव डॉ. पराग पंडित ने विद्यालय की लैंग्वेज लर्निंग लैब के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि यह लैब किस प्रकार बच्चों में आत्मविश्वास, स्पष्ट उच्चारण एवं प्रभावी संवाद कौशल विकसित करने में सहायक है। इस मौके पर अरशद, रंजू सिंह एवं गरिमा आर्या आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं सम्मिलित रहे, इन्होंने दिल्ली में रहकर बच्चों का मार्गदर्शन किया।

### महबूब ने किया रेडिमेड गारमेंट्स का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा**। लोक लेखा समिति के सभापति एवं सदर विधायक महबूब अली ने नगर में जावेद आलम के रेडीमेड गारमेंट्स कपड़ों की दुकान का विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान श्री अली ने कहा कि क्षेत्र में रेडिमेड गारमेंट्स की दुकान खुलने से अब लोगों को दूर दराज से कपड़ों की खरीदारी से निजात मिलेगी तथा उन्हें हर तरह की वैराइटी यहीं उपलब्ध होगी। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य मुशाहिद अली, मोहम्मद जावेद, डॉ. अनवार अली, मोहम्मद राशिद सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

## कांवर यात्रा को लेकर प्रशासन ने तैयार किया रूट प्लान

# हाइवे पर आज से होगा भारी वाहनों का डायवर्जन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। कांवड़ यात्रा को लेकर जिले में यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए पुलिस ने ट्रैफिक प्लान तैयार कर लिया है।

आज नौ फरवरी से जिले में दिल्ली-मुरादाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारी वाहनों का डायवर्जन किया जाएगा। जबकि 12 फरवरी से हाईवे पर वाहनों का संचालन बन वे कराया जाएगा। एसपी अमित कुमार आनंद ने कहा बरेली, संभल, मुरादाबाद, रामपुर समेत कई जिलों के शिवभक्त हरिद्वार से कांवड़ लेकर अमरोहा से गुजरते हैं। ऐसे में कांवड़ियों की भीड़ को देखते हुए हाईवे पर रूट डायवर्जन प्लान लागू करने की योजना बनाई है। नौ फरवरी से ट्रक, डंपर, कंटेनर, कैंटर, बस व अन्य व्यावसायिक वाहनों को दूसरे रूट से भेजा जाएगा। जबकि 12 फरवरी की दोपहर से हाईवे को वन-वे कर दिया जाएगा। केवल जीप, कार, पिकअप, छोटा हाथी व अन्य इमरजेंसी वाहन मुरादाबाद से दिल्ली लेन पर चलेंगे। यह व्यवस्था महाशिवरात्रि वाले दिन शाम छह बजे तक लागू रहेगी।

**यह रहेगा रूट**

बरेली से दिल्ली की ओर जाने वाला समस्त भारी वाहनों को आवंला से शाहबाद, बिलारी, चंदौसी, बबराला से डिबाई /नरौरा, बुलंदशहर होते हुए दिल्ली की ओर भेजा जाएगा। रामपुर से दिल्ली की ओर जाने वाले समस्त भारी वाहनों को रामपुर के शाहबाद से डायवर्ट कर बिलारी, चंदौसी, बवराला, नरौरा होते हुए दिल्ली की ओर भेजा जाएगा। मुरादाबाद से दिल्ली की ओर जाने जाने वाले समस्त भारी वाहनों को मुरादाबाद से वाया सम्भल, यवराला, नरौरा, डिवाई, बुलंदशहर, सिकंद. रावाद होते हुए गाजियाबाद, दिल्ली की ओर भेजा जाएगा। दिल्ली-गाजियाबाद से बरेली/ लखनऊ की ओर वाले समस्त भारी वाहनों को लालकुआं की और मोडकर दादरी, लखनऊ की ओर भेजा जाएगा। मुरादाबाद से मेरठ की ओर जाने वाले समस्त भारी वाहनों को टीएमयू के वगल से अगवानपुर वाईपास, छजलैट, नूरपुर, बिजनौर, वैराज, मीरापुर, मवाना होते हुए भेजा जाएगा। संभल से दिल्ली की ओर जाने वाले समस्त भारी वाहनों को बहजोई, बरवाला, नरौरा, डिवाई, बुलंदशहर होते हुए दिल्ली भेजा जायेगा। कोई भी मालवाहक वाहन गवां की तरफ से हसनपुर नहीं आने दिया जाएगा। दिल्ली की ओर जाने वाले वाहनों को अमरोहा वाइपास होते हुए अतरासी से हसनपुर, अनूपशहर से बुलंदशहर होते हुए दिल्ली की ओर भेजा जाएगा। शिवाला कलां से नौगांवा सादात से अमरोहा की ओर आने वाले समस्त भारी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे, यह ट्रैफिक फीना तिराहे से नूरपुर होकर अपने गंतव्य को जाएगा। चांदपुर बिजनौर से गजरौला होते हुए दिल्ली जाने वाले समस्त भारी वाहनों को जनपद विजनौर से जलीलपुर से डायवर्ट कर गंगा पुल से होते हुए मवाना, मेरठ, हुए दिल्ली भेजा गाजियाबाद होते जाएगा।

कांवड़ यात्रा के चलते हाईवे पर रूट डायवर्जन लागू होने से आम यात्रियों और व्यापारिक वाहनों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। पुलिस प्रशासन ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे यात्रा से पहले निर्धारित डायवर्जन रूट की जानकारी अवश्य कर लें और अनावश्यक रूप से हाईवे की ओर न आएं। एसपी अमित कुमार आनंद ने कहा कि नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, वहीं कांवड़ियों की सुरक्षा और सुचारू यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस बल को प्रमुख चौराहों और डायवर्जन प्वाइंट्स पर तैनात किया गया है।

# धनौरा में जाम से बेहाल रहा जनजीवन

## बाईपास और स्टेट हाइवे पर भी रुक-रुककर फंसे वाहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। रविवार को नगर में भीषण जाम से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। गोल घर से लेकर तहसील तक वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं और लोग घंटों तक जाम में फंसे रहे। महादेव चुंगी, शेरपुर चौराहा, सब्जी मंडी, होली पार्क और तहसील मार्ग पर हालात सबसे ज्यादा खराब रहे। दोपहिया, चारपहिया वाहन रेंगते नजर आए, जबकि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया।

स्थिति सिर्फ नगर के अंदर ही नहीं, बल्कि बाईपास मार्ग और स्टेट हाईवे पर भी खराब रही। दुकानदारों द्वारा फुटपाथ पर सामान रखकर अतिक्रमण कर लिया गया है, जिससे सड़क सिकुड़ गई है और वाहनों का आवागमन बाधित हो रहा है। कई जगह सड़क किनारे बेतरतीब खड़े वाहन और अवैध पार्किंग जाम की बड़ी वजह बने। इसके चलते स्टेट हाईवे पर भी बार-बार जाम लग रहा



है और लंबी दूरी के यात्रियों को भी भारी परेशानी झेलनी पड़ी। जाम की सूचना पर पुलिस को व्यवस्था संभालने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी, लेकिन भीड़ और अव्यवस्थित यातायात के कारण जाम पूरी तरह खुलने में काफी समय लग गया। नाराज लोगों ने सोशल मीडिया पर भी अपना गुस्सा जाहिर किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि धनौरा में जाम अब रोज की समस्या बन चुकी है, लेकिन जिम्मेदार विभाग इस पर गंभीर नहीं हैं। लोगों ने मांग की है कि बाईपास और स्टेट हाईवे पर अतिक्रमण हटाया जाए, फुटपाथ खाली कराए जाएं, अवैध पार्किंग पर सख्ती हो और प्रमुख चौराहों पर स्थायी यातायात व्यवस्था लागू की जाए, ताकि आम जनता को रोज-रोज के जाम से राहत मिल सके।

# जितेंद्र सिंह ने सैकड़ों लोगों की आंखों में भरी रोशनी

**डॉ. बीआर अम्बेडकर फाउंडेशन के बैनर तले आर्यावर्त आई हॉस्पिटल ने लगाया कैंप, 6 वर्ष में 50 कैंप लगाकर ओपीडी के माध्यम से 600 चश्मों का किया है निःशुल्क वितरण**



**लक्ष्मण प्रसाद वर्मा**

**जायस, अमेठी।** कारोबारी राम सिंह के छोटे भाई समाजसेवी जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता में निज आवास पर ग्राम पंचायत मवई आलमपुर के गांव आलमपुर में डॉ. बीआर अम्बेडकर फाउंडेशन के बैनर तले आर्यावर्त आई हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की तरफ से निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शनिवार को नेत्र शिविर की ओपीडी में 227 लोगों ने अपनी आंखों की जांच कराई।

जरूरतमंदों को आई ड्रॉप और चश्मे का निःशुल्क वितरण किया गया। उनके इस जुनून ने क्षेत्र में उन्हें आंख वाले जितेंद्र के रूप में नई पहचान भी दी है। जितेंद्र सिंह बताते है कि मुंशीगंज कस्बे में 2005 में इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय का उद्घाटन हुआ था। इसके अलावा रायबरेली में भी आंखों का अस्पताल है। लेकिन जरूरतमंदों को संसाधनों के अभाव और वहां इलाज में आने वाले खर्च उनकी समस्याओं को दूर करने में अहम रोड़ा बन रहे थे।

हर क्षेत्र में शिविर के माध्यम से क्षेत्रीय लोगों की आंख की जांच की जाने लगी। जिससे क्षेत्रीय लोगों की समस्या आसानी से दूर होने लगी। जितेंद्र सिंह ने बताया कि यहीं से उन्हें प्रेरणा मिली और अपने गांव में कैंप लगवाने की ठान ली। कैंप लगवाने की ललक ने उन्हें डॉ. बीआर अम्बेडकर फाउंडेशन तक पहुंचाया। डॉ. बीआर अम्बेडकर फाउंडेशन के संस्थापक और अध्यक्ष एडवोकेट सन्त प्रसाद मौर्य ने बताया कि आर्यावर्त आई हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर फाउंडेशन के बैनर तले समाजसेवी जितेंद्र सिंह के निज आवास पर शनिवार को सुबह 10 बजे से 2 बजे तक कैंप का आयोजन किया गया।

### अंधता निवारण अभियान के तहत 130 मरीजों का हो चुका है निःशुल्क ऑपरेशन

**डॉ. बीआर** अम्बेडकर फाउंडेशन के संस्थापक एवं अध्यक्ष एडवोकेट सन्त प्रसाद मौर्य ने बताया कि अंधता निवारण अभियान के तहत अब तक 130 जरूरतमंदों का निःशुल्क ऑपरेशन कराया जा चुका है। अब तक लगभग 50 शिविर लगाकर 450 ओपीडी के माध्यम से हजारों लोगों की जांचकर करीब 600 चश्मों का वितरण किया जा चुका है।

उन्होंने बताया कि फाउंडेशन के बैनर तले अब तक ग्रामीण अंचल में अनाथ और बेसहारा 5 युवतियों की शादी भी कराई जा चुकी है। इसके साथ ही फाउंडेशन की तरफ से जरूरतमंदों को 150 यूनिट ब्लड भी डोनेट कर चुकी है। साथ ही फाउंडेशन के बैनर तले करीब 70 बेसहारा लोगों के गंभीर बीमारी का इलाज भी करवाया गया है।

### लोगों की सेवा ही मकसद

**दोनों भाई राम** सिंह और जितेंद्र सिंह ने बताया कि अब लोगों को सेवा ही जीवन का लक्ष्य बन गया है। उन्हें इस कार्य से बहुत सुकून मिल रहा है। लोगों की आंखों की रोशनी वापस आती है तो लगता है कि उन्होंने तीर्थ यात्रा कर ली। दोनों भाइयों ने कहा कि जब तक जीवित रहूंगा लोगों की सेवा सतत् जारी रहेगी।

### रोशनी से 30 गांवों को जगमग कर चुके हैं अब तक

कारोबारी दोनों भाई राम सिंह व जितेंद्र सिंह ने अपने निज आवास से सटी ग्राम पंचायत बहादुरपुर व मवई आलमपुर के करीब 30 गांवों को रोशनी से जगमग कर चुके है। जिन गांवों को विकसित करने और विकास कार्य योजनाओं के तहत विद्युतीकरण योजना के माध्यम से गांवों को जगमगाना चाहिए था।

# कानपुर में फर्जी जीएसटी फर्म से करोड़ों की टैक्स चोरी का खुलासा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश में कानपुर पुलिस कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच ने फर्जी जीएसटी फर्मों के जरिए बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी करने वाले संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। जांच में सामने आया कि आरोपी कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर अस्तित्वहीन फर्मों का पंजीकरण कराते थे और बिना वास्तविक व्यापार के फर्जी टैक्स इनवॉइस व ई-वे बिल जारी कर इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का अवैध लाभ उठाते थे,

जिससे सरकारी राजस्व को भारी नुकसान पहुंचा। पुलिस उपायुक्त (अपराध) श्रवण कुमार सिंह ने रविवार को यहां पत्रकारों को बताया कि राज्य कर विभाग की सूचना पर थाना कल्याणपुर में पिछले दिनों मामला दर्ज किया गया था। जांच में 'अपूर्वा ट्रेडिग कंपनी' नामक फर्म पूरी तरह बोगस पाई गई, जिसके पते पर कोई व्यावसायिक गतिविधि नहीं मिली। वर्ष 2019-20 में लगभग 2.54 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी और 12.71 लाख रुपये की पेनाल्टी समेत कुल 2.66 करोड़ रुपये से अधिक की आर्थिक अनियमितता सामने आई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। उनके कब्जे से बैंक खातों का विवरण, डेबिट-क्रेडिट कार्ड, मोबाइल फोन, जीएसटी इनवॉइस, ई-वे बिल और अन्य डिजिटल साक्ष्य बरामद हुए हैं। मामले में अन्य आरोपियों की पहचान कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# विधायक ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं, अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौरीगंज।** अमेठी जिले के गौरीगंज सदर विधायक राकेश प्रताप सिंह ने मऊ में रविवार को जन चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों, विशेषकर पुरुषों और महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। विधायक राकेश प्रताप सिंह ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। और कहा- जनता की समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता देना हमारा प्रथम कर्तव्य है।

इसी के क्रम में उन्होंने रविवार को नियमित रूप से आयोजित जनचौपाल में पधारे हुए सभी सम्मानित क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना एवं उनके त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों से वार्तालाप कर आवश्यक एवं उचित दिशा-निर्देश प्रदान किए।

और अन्त में उन्होंने बोला- हमारा संकल्प है कि जनहित से जुड़े प्रत्येक विषय पर संवे. दनशीलता के साथ कार्य करते हुए हर नागरिक को न्याय एवं सुविधा सुनिश्चित की जाए।

# कानपुर में पुलिस के डर से युवक ने किया आत्मदाह का प्रयास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश में कानपुर के कल्याणपुर क्षेत्र में पुलिस के डर से एक युवक ने आत्मदाह का प्रयास किया। करीब 25 फीसदी झुलसे युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कल्याणपुर कला निवासी कार चालक राहुल दीक्षित का पिछले महीने क्षेत्र के दबंग लोगों से विवाद हुआ था जिसकी रिपोर्ट उसने थाने में करा दी थी।

मारपीट के इस मामले में नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। आरोप है कि विपक्षी उसे मुकदमा वापस लेने का दवाब बना रहे थे और क्षेत्रीय पुलिस को बात बात पर बुला लेते थे। इसी क्रम में बीती देर रात विपक्षियों ने पथराव की सूचना देकर पुलिस को बुला लिया जिस पर पुलिसकर्मियों ने पहुंच कर राहुल से थाने चलने को कहा। डर की वजह से राहुल घर के अंदर गया और खुद को आग लगा ली। मौके पर मौजूद पुलिसजनों ने तत्परता से आग बुझा कर उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। इस बारे में पुलिस उपायुक्त पश्चिम एसएम कासिम आबिदी ने बताया कि शनिवार रात लगभग 09:30 बजे थाना कल्याणपुर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक द्वारा आत्मदाह का प्रयास किया गया है। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायल अवस्था में युवक को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया,

जहां से उसे आगे उपचार के लिए उर्सला अस्पताल रेफर किया गया। वर्तमान में घायल का प्राथमिक उपचार चल रहा है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में यह तथ्य सामने आया है कि दिनांक 11/01/2026 को घायल पक्ष का विपक्षियों से विवाद हुआ था, जिसमें विपक्षीगण द्वारा उसके साथ मारपीट की गई थी। इस घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना कल्यानपुर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। उक्त प्रकरण में कुल नौ अभियुक्त नामजद किए गए थे, जिनके विरु( चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है। आज पुनः विपक्षीगण द्वारा घायल के साथ विवाद किए जाने की बात सामने आई है, जिससे आहत होकर मजरूब ने यह कदम उठाया। वर्तमान घटना के संबंध में उपलब्ध सभी प्रासंगिक साक्ष्य संकलित किए जा रहे हैं तथा घायल के भाई से तहरीर प्राप्त कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### असम के मुख्यमंत्री पर कांग्रेस का हमला, वीडियो को लेकर विवाद

**वाराणसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा द्वारा कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई पर पाकिस्तान से संबंध होने का आरोप लगाने के बाद सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। वाराणसी में आयोजित संविधान संवाद सम्मेलन में पहुंचे कांग्रेस नेताओं ने मुख्यमंत्री पर तीखा हमला बोला। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि असम भाजपा के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर मुख्यमंत्री का एक वीडियो पोस्ट किया गया, जिसमें वे गोली चलाते दिखाई दे रहे हैं और उसके साथ 'प्वाइंट ब्लैंक---स्पॉट'कैप्शन लिखा गया। उन्होंने इसे आपत्तिजनक बताते हुए कहा कि संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को ऐसी भाषा और संदेश से बचना चाहिए। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने भी मुख्यमंत्री पर राजनीतिक लाभ के लिए आरोप लगाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि चुनावी माहौल में इस तरह के बयान ध्यान भटकाने की को. शिश हैं।

### सपा ने विधायक पर लगाए रुपये लेकर लाइट लगाने के आरोप

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले की मेहनगर विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के एक कार्यकर्ता ने अपनी ही पार्टी की विधायक पर रुपये लेकर लाइट लगाने का आरोप लगाया है। कार्यकर्ता ने गांव में लगी लाइट को हटाकर दूसरे स्थान पर लगाए जाने का आरोप लगाते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया है, जिससे राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। आरोप सपा कार्यकर्ता राजेश यादव और रोमियो यादव ने लगाए हैं। उनका कहना है कि मौलानीपुर गांव की लाइट काटकर उसे खेत और एक पार्लर के सामने लगाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि 15 हजार रुपये लेकर लाइट बेची गई। साथ ही पूर्व विधायक बृजलाल सोनकर पर भी इसी तरह के आरोप लगाए। कार्यकर्ताओं ने कहा कि ऐसे लोगों का टिकट काटा जाना चाहिए और वे पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से भी शिकायत करेंगे। वहीं सपा विधायक पूजा सरोज ने इन आरोपों से साफ इनकार किया है। उन्होंने कहा कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है और यदि ऐसी कोई शिकायत है तो संबंधित कार्यकर्ता को बुलाकर बात की जाएगी। फिलहाल वायरल वीडियो को लेकर पार्टी के भीतर और आमजन में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

### दरोगा हत्याकांड में तीन दोषियों को उम्रकैद, दो-दो लाख जुर्माना

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद जिले की विशेष डकैती अदालत ने 15 वर्ष पुराने दरोगा राजवीर सिंह हत्याकांड एवं रिवाल्वर-बाइक लूट प्रकरण में तीन आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास तथा प्रत्येक पर दो-दो लाख रुपये का अर्थदंड लगाया है। अपर सत्र न्यायाधीश (विशेष डकैती) सर्वेश कुमार पांडेय ने शनिवार को सुनवाई पूरी कर सजा सुनाई। अभियोजन के अनुसार घटना 2 अगस्त 2010 को थाना नगला खंगर क्षेत्र में हुई थी। थाना रसूलपुर में तैनात दरोगा राजवीर सिंह (48) ड्यूटी के बाद बाइक से घर लौट रहे थे, तभी बदमाशों ने घेरकर उन पर हमला किया, सरकारी रिवाल्वर व बाइक लूट ली और गोली मार दी। गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में दरोगा के पुत्र आशीष सिंह ने हत्या व लूट का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस व एसओजी टीम ने जांच के दौरान तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर लूटी गई सरकारी रिवाल्वर, कारतूस एवं अन्य सामान बरामद किया था। साक्ष्य संकलन के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया। मामले में पुलिस टीम और अभियोजक अधिवक्ता नरेंद्र राठौर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### आगरा में तेल कारोबारी ने कार में खुद को गोली मारकर आत्महत्या की

**आगरा।** उत्तर प्रदेश में आगरा जिले में सिकंदरा क्षेत्र के शास्त्रीपुरम इलाके में रविवार रात एक तेल कारोबारी ने कार के भीतर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली चलने की आवाज सुनकर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार का शीशा खोलकर देखा तो अंदर विश्वजीत का शव लहूलुहान अवस्था में पड़ा था। कार से पिस्टल और शराब की एक बोतल भी बरामद हुई है। पुलिस के अनुसार आत्महत्या से पहले विश्वजीत ने अपने परिजनों और कुछ रिश्तेदारों को मोबाइल पर कॉल कर कहा था कि वह अब जीना नहीं चाहता और काफी थक चुका है। मृतक के पिता एक बैंक में कार्यरत बताए गए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया है कि विश्वजीत ऑयल मिल का संचालन करता था। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस मोबाइल कॉल डिटेल की जांच कर रही है और परिजनों से पूछताछ की जा रही है। आत्महत्या के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले के मंझनपुर थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोखराज थाना क्षेत्र के इंचौली गांव निवासी दिनेश पांडे (35) निमंत्रण में शामिल होकर शनिवार रात घर लौट रहे थे। भरवारी-मंझनपुर रोड स्थित मेडिकल कॉलेज कादीपुर के सामने पहुंचते ही सामने से आए अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दिनेश पांडे की मौके पर ही मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

### कोहरे में ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर, युवक की मौत

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के दरगाह थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात घने कोहरे के बीच ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार हादसा गगनचक के पास हुआ। मृतक की पहचान पयागपुर थाना क्षेत्र के इमलियागंज निवासी तहसीलदार के रूप में हुई है, जो दरगाह क्षेत्र स्थित मालानी एग्रो मिल में कार्यरत था। वह अपने तीन साथियों विजय, राजराज और दिलीप (निवासी इकौना, जनपद श्रावस्ती) के साथ काम से लौट रहा था, तभी कोहरे के कारण ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को टक्कर मार दी।

# रायबरेली में मॉल में भीषण आग, दो दुकानें जलकर राख

**रायबरेली।** रायबरेली जिले में ऊंचाहार क्षेत्र स्थित सुपर मार्केट नामक व्यावसायिक मॉल में शनिवार देर रात भीषण आग लगने से दो दुकानें पूरी तरह जलकर खाक हो गईं। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद उस पर काबू पाया जा सका। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है।

पुलिस के मुताबिक आग मॉल के ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर पर स्थित दुकानों तक फैल गई, जिससे वहां रखा कीमती सामान जलकर नष्ट हो गया। दुकानों के स्वामी इसी भवन के ऊपरी हिस्से में रहते हैं। आग की लपटें और धुएं का गुबार उठता देख आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई और तत्काल पुलिस व दमकल विभाग को सूचना दी गई। मौके पर दमकल विभाग और एनटीपीसी की चार गाड़ियां पहुंचीं। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। इस अग्निकांड में मॉल के ऊपर स्थित आवासीय हिस्से को भी नुकसान पहुंचा है, जिसमें डा. महेंद्र वर्मा की संपत्ति क्षतिग्रस्त हुई है। ऊंचाहार थाना प्रभारी अजय राय ने बताया कि नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

# मिशन रोजगार: चार स्थानों पर वृहद मेले, 2000 युवाओं को नौकरी का लक्ष्य




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कानपुर।** मिशन रोजगार के तहत शनिवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला कार्यकारी समिति की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में चार स्थानों आईटीआई पाण्डु नगर, डीबीएस महाविद्यालय, नारायणा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स और दयानन्द गर्ल्स पीजी कॉलेज में वृहद रोजगार मेले आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इन मेलों के माध्यम से 2000 युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि युवाओं को उनकी योग्यता और कौशल के अनुरूप अवसर प्रदान किए जाएं तथा चयन प्रक्रिया पारदर्शी और परिणाममुखी हो। महिला अभ्यर्थियों की भागीदारी बढ़ाने के लिए उपयुक्त रिक्तियों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त उद्योग को 25 नियोजकों की सूची रिक्तियों सहित उपलब्ध कराने को कहा गया।

सभी कंपनियों का पंजीकरण रोजगार संगम पोर्टल रोजगारसंगम-यूपी-जीओवी-इन पर अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों और नियोजकों के डाटा का सटीक मिलान सुनिश्चित करने के लिए समेकित गूगल शीट तैयार की जाएगी तथा जॉबसीकर पंजीकरण हेतु क्यूआर कोड जारी कर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। बैठक में ओवरसीज भर्ती के अंतर्गत इजरा. इल में चल रही चयन प्रक्रिया की समीक्षा की गई और उसे पारदर्शी ढंग से संचालित करने पर बल दिया गया। विभिन्न विभागों के समन्वय से रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने पर भी चर्चा हुई।

# खनन व्यवसाई की निर्ममतापूर्वक हत्या

## हत्यारों ने लाठी-डंडों व कुंद हथियार से प्रहार कर मौत के घाट उतारा

**शराबी पिता ने सामान खरीदने के विवाद में बेटे को पीट-पीटकर मार डाला**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सोनभद्र/प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले के ओबरा थाना क्षेत्र के बिल्ली मारकुंडी खदान स्थित गिरधर क्रशर प्लांट परिसर में रविवार तड़के एक खनन व्यवसाई की लाठी-डंडों और कुंद हथियार से प्रहार कर हत्या कर दी गई। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने बताया कि सुबह करीब साढ़े चार बजे सूचना मिली कि प्लांट के कार्यालय कक्ष में 78 वर्षीय विष्णु हरि उपाध्याय का शव पड़ा है। सूचना पर पुलिस व फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। पुलिस के अनुसार वारदात उस समय हुई जब व्यवसाई प्लांट परिसर स्थित कार्यालय में सो रहे थे। मृतक की पहचान गिरधर स्टोन से जुड़े विष्णु हरि उपाध्याय निवासी थाना गोप. ींगंज जनपद भदोही के रूप में हुई है। वह खनन व्यवसाई माधव हरि उपाध्याय के भाई बताए जाते हैं। प्रारंभिक जांच में अज्ञात हमलावरों द्वारा लाठी-डंडों एवं कुंद हथियार से हमला किए जाने की पुष्टि हुई है। एसपी ने बताया कि आरोपियों ने घटना के बाद मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरे क्षतिग्रस्त कर दिए तथा कंप्यूटर, नगदी और अन्य कीमती सामान भी साथ ले गए। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है और जल्द ही घटना के खुलासे का दावा किया है। प्रयागराज जिले में सोरांव थाना क्षेत्र के सेवइत बाजार में शनिवार देर रात एक शराबी पिता ने अपने ही पुत्र की पीट-पीटकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि पुराना रौजा मोहल्ला निवासी गुड्डू और उसके बेटे अनिल कुमार के बीच शादी का सामान खरीदने को लेकर विवाद हो गया।

परिवार में सबसे छोटी बेटी काजल की शादी की तैयारियां चल रही थीं। परिजनों के अनुसार विवाद के समय दोनों नशे में थे। कहासुनी देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। घर के अन्य सदस्यों सुनील कुमार, अंजना और दामाद राजू ने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन अनिल को गंभीर चोटें आईं और उसकी हालत बिगड़ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोरांव भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने अनिल को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# देवरिया में यूपी बोर्ड प्रश्नपत्र पहुंचे

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की 18 फरवरी से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षा के लिए प्रश्नपत्रों की खेप शनिवार को देवरिया पहुंच गई। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा के प्रश्नपत्र राजकीय इंटर कॉलेज के कोठार में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुरक्षित रखवाए गए हैं।

जिले में इस वर्ष कुल 174 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 1,15,967 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इनमें हाईस्कूल के 57,556 और इंटर के 58,411 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। डीआईओएस कार्यालय ने कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी के लिए बीएसए से शिक्षकों की सूची मांगी है। कक्ष निरीक्षकों के परिचय पत्र परीक्षा शुरू होने से एक सप्ताह पूर्व परिषद के पोर्टल पर जारी किए जाएंगे, जिन्हें डीआईओएस स्तर से डाउनलोड कर विद्यालयों को उपलब्ध कराया जाएगा। परीक्षा केंद्र का विवरण अंकित कर परिचय पत्र प्रधानाचार्य के माध्यम से संबंधित कक्ष निरीक्षकों को सौंपे जाएंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक शिव नारायण सिंह ने बताया कि सभी कक्ष निरीक्षकों को 15 फरवरी तक अपने-अपने केंद्र पर पहुंचकर केंद्र व्यवस्थापक को रिपोर्ट करना अनिवार्य होगा। प्रत्येक कक्ष में 40 छात्रों पर दो तथा 41 से 60 छात्रों पर तीन कक्ष निरीक्षक तैनात किए जाएंगे। पांच कक्षों पर एक मोचक की व्यवस्था रहेगी।

# जौनपुर कारागार के तीन बंदी देंगे हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिला कारागार में निरुद्ध तीन बंदी इस वर्ष माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में शामिल होंगे।

कारागार अधीक्षक पवन कुमार त्रिवेदी ने बताया कि विचाराधीन बंदी दीपक कुमार और अरबाज हाईस्कूल परीक्षा में सम्मिलित होंगे। दोनों वर्तमान में जिला कारागार जौनपुर में निरु( हैं। वहीं रामविलास, जो पूर्व में जौनपुर कारागार में विचाराधीन बंदी था और बाद में सजा होने पर केंद्रीय कारागार वाराणसी भेजा गया, इस वर्ष इंटरमीडिएट परीक्षा देगा। उन्होंने बताया कि तीनों बंदियों को परीक्षा में सम्मिलित कराने के लिए आवश्यक प्रशासनिक औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं।

# महाशिवरात्रि पर बाबा विश्वनाथ असमिया परिधानों में सजेंगे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** महाशिवरात्रि (15 फरवरी) के अवसर पर काशी में शिव-विवाह की परंपरागत तैयारियां तेज हो गई हैं। टेढ़ीनीम स्थित विश्वनाथ मंदिर के महंत आवास पर बाबा विश्वनाथ की हल्दी, शिव-विवाह, शिव बारात और गौना की रस्मों को लेकर भक्तिमय वातावरण बना हुआ है।

इस वर्ष पहली बार बाबा विश्वनाथ और माता गौरा की चल प्रतिमा को असमिया पारंपरिक परिधानों और आभूषणों से सजाया जाएगा, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। मंदिर के महंत वाचस्पति तिवारी ने बताया कि बाबा विश्वनाथ के लिए असम के ऐतिहासिक नगर शिवसागर से 'चेलेंग और गसोमा' परिधान मंगाए गए हैं, जो असम की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक हैं। वहीं माता गौरा को लाल-सुनहरे रंग की रेशमी 'मेखेला साड़ी' पहनाई जाएगी और उन्हें जूनबीरी (अर्धचंद्राकार हार), गुमखारू (कंगन) और थुरिया (मांगटिका) जैसे पारंपरिक असमिया आभूषणों से अलंकृत किया जाएगा। यह श्रृंगार काशी और असम की आध्यात्मिक परंपराओं के संगम का प्रतीक माना जा रहा है। श्रृंगार की तैयारी काशी की सांस्कृतिक कलाकार आकांक्षा गुप्ता द्वारा की जा रही है। आयोजन समिति के संयोजक संजीव रत्न मिश्र ने बताया कि शिव बारात में शामिल प्रतिकात्मक बाबा विश्वनाथ की प्रतिमा को भी काशी में तैयार मलमल और जरी के राजसी परिधान पहनाए जाएंगे। 13 फरवरी को बाबा की हल्दी की रस्म अदा की जाएगी, जिसके बाद महाशिव. रात्रि पर शिव-विवाह का भव्य आयोजन संपन्न होगा।

# विजन को साकार करने वाला बजट है : डॉ. महेश शर्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** भाजपा नोएडा महानगर द्वारा सेक्टर-52 स्थित बारात घर में आम बजट 2026-27 को लेकर बजट चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं गौतमबुद्ध नगर सांसद माननीय डॉ. महेश शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नोएडा महानगर जिला अध्यक्ष श्री महेश चौहान ने की।



बजट चौपाल को संबोधित करते हुए डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत आम बजट 2026-27 प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के विजन को साकार करने वाला बजट है। यह बजट युवा, महिला, किसान, गरीब, मध्यम वर्ग और उद्यमियों की आकांक्षाओं को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है।

उन्होंने कहा कि बजट में इन्फ्रास्ट्रक्चर, एमएसएमई, स्टार्ट-अप, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग, डेटा सेंटर, पर्यटन, आयुष, मेडिकल टूरिज्म और खेल क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता दी गई है, जिससे उत्तर प्रदेश और विशेष रूप से नोएडा क्षेत्र को निवेश एवं रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। भाजपा नोएडा महानगर जिला अध्यक्ष श्री महेश चौहान ने कहा कि यह बजट देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाला है। डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में नोएडा और गौतमबुद्ध नगर क्षेत्र औद्योगिक विकास, तकनीकी नवाचार और स्टार्ट-अप हब के रूप में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि बजट चौपाल जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को बजट की योजनाओं, प्रावधानों और उनके प्रत्यक्ष लाभों की जानकारी दी जा रही है, जिससे जनता सरकार की नीतियों से सीधे जुड़ सके।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने बजट पर अपने विचार रखे और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के प्रति विश्वास व्यक्त किया।

कार्यक्रम का समापन विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के आह्वान के साथ किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल,राकेश शर्मा,विनोद त्यागी चंदगीराम यादव, उमेश त्यागी, डिंपल आनंद, गणेश जाटव, महेश अवाना, कार्यक्रम विधानसभा संयोजक चमन अवाना, सह संयोजक अमरीश त्यागी, अर्पित गोयल, विपिन मल्हन, अर्पित मिश्रा, भूपेश चौधरी, रामकिशन यादव, शशिधर उपाध्याय, नीरज चौधरी, प्रदीप चौहान, मनीष तिवारी, दीनबंधु कुमार, सत्यनारायण महावर, प्रज्ञा शर्मा, राजेंद्र अवाना, ओम यादव, सुशील शर्मा, अशोक मिश्रा, डॉ बीपी सिंह, अरुण चौहान, राकेश सिंह, अमित नागपाल, सुशील अवाना, शारदा चतुर्वेदी, उमेश पहलवान, डॉ प्रसेनजीत मैत्रा, सरिता सिंह, नीतू यादव, अनिल पांडे, राजश्री गुप्ता, अमित कुमार, मनोज चौहान, प्रमोद बहल विपिन झा, निखिल पंडित, विपिन कुमार, मोनिका श्रीवास्तव, ज्योति सिंह, राममेहर कौशिक, मुक्तानंद शर्मा, अंकित कौशिक, राजेश सिंह, आदि विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग उपस्थित रहे।

# आरटीई : अब तक दो हजार आवेदन, आठ हजार पहुंचने की उम्मीद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत शिक्षा विभाग के पास अब तक दो हजार से अधिक आवेदन आ चुके हैं। पहले चरण में आवेदन करने की अंतिम तिथि 16 फरवरी निर्धारित की गई है। विभाग का अनुमान है कि पहले चरण में आठ हजार से अधिक आवेदन आ सकते हैं। आरटीई के अंतर्गत निजी विद्यालयों में 25 प्रतिशत सीटों पर आर्थिक रूप से कमजोर व वंचित वर्ग के बच्चों को प्रवेश दिया जाता है।

जिन अभिभावकों को आवेदन करने के दौरान तकनीकी समस्या का सामना करना पड़ रहा है उन्हें विभाग स्तर पर सहयोग किया जा रहा है। पारदर्शिता के लिए शिक्षा विभाग आवेदनों का सत्यापन लगातार कर रहा है। अधिकारियों के अनुसार, आवेदन मिलने के तुरंत बाद दस्तावेजों की जांच की जा रही है ताकि आगे की प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी न हो और पात्र बच्चों को समय पर लाभ मिल सके। ऑनलाइन प्रणाली के चलते अभिभावकों को अब कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं। उनका कहना है कि 2 फरवरी से आरटीई के पहले चरण की प्रक्रिया चल रही है।



पहले चरण के आवेदन भरे जा रहे हैं जो 16 फरवरी तक भरे जाएंगे। शिक्षा विभाग के पास जिले से अभी तक करीब दो हजार ही आवेदन आए हैं जबकि विभाग में अंतिम तिथि तक आठ हजार से अधिक आवेदन आने की संभावना है।
**-राहुल पंवार, बेसिक शिक्षा अधिकारी**

# बाइक की टक्कर से दंपति घायल

**यमुना सिटी।** यमुना एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर रविवार की दोपहर स्कूटी और बाइक में आमने-सामने से टक्कर हो गई। हादसे में स्कूटी सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को बुलंदशहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। रौनीजा गांव निवासी हरि सिंह ने बताया कि उनका छोटा भाई राजेश अपनी पत्नी विमला के साथ दनकौर से वापस गांव लौट रहा था। इसी दौरान यमुना एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर गांव के पास सामने से आई तेज रफ्तार बेकाबू बाइक ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। इस हादसे में राजेश के पैर में फ्रैक्चर हो गया और उनकी पत्नी विमला सिर में चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गई। दोनों घायलों को गंभीर हालत में बुलंदशहर के अस्पताल में भर्ती कराया गया। देर शाम तक पुलिस से घटना की शिकायत नहीं की गई थी।

# निर्माणाधीन बिल्डिंग की शटरिंग गिरने से 2 मजदूरों की मौत

■ **दो सुपरवाइजर और ठेकेदार हिरासत में**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-142 में बड़ा हादसा हो गया। यहां एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में शटरिंग गिरने से दो मजदूरों की मौत हो गई। यह हादसा तब हुआ जब मजदूर निर्माण कार्य कर रहे थे और अचानक शटरिंग गिर गई। इस घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ये घटना रविवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे की है। सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। घायल दोनों मजदूरों को एंबुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के



मुताबिक, ये मजदूर बिहार के भागलपुर से हैं। एक ही परिवार के दो सदस्य इस हादसे का शिकार हुए जिसमें से एक की मौत हो गई और दूसरे का इलाज चल रहा है। मृतक 45 वर्षीय मजदूर मंटू सिंह पुत्र कालेश्वर सिंह बिहार के बांका जिले के थाना बंधुवा कुरांवा बौंसी के गांव शाहसन का निवासी था। वहीं दूसरा मृतक मजदूर झारखंड का रहने वाला था। घायल मजदूर की पत्नी ने बताया कि वो 2 साल से इस बिल्डिंग में काम कर रहे हैं। सेंट्रल जोन की डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि हादसे को गंभीरता से देखते हुए निर्माणाधीन बिल्डिंग की साइट पर मौजूद सुपरवाइजर और ठेकेदार को हिरासत में लेकर पूछताछ की है। शुरुआती जांच में सुरक्षा मनको की अनदेखी और लापरवाही की बात सामने आई है।

एसीपी सेंट्रल नोएडा राजीव गुप्ता ने बताया कि निर्माण स्थल पर मौजूद दो सुपरवाइजर और ठेकेदार को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जांच में यह पता लगाया जा रहा है कि निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा था या नहीं। शटरिंग गिरने के पीछे लापरवाही और तकनीकी पहलुओं की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### 26 स्थानों पर हिंदू सम्मेलन, वेद वन पार्क में पहुंचे 4000 लोग

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शहर में 26 स्थानों पर हिंदू सम्मेलन हुआ। सेक्टर-78 स्थित वेद वन पार्क में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता उद्यमी व सामाजिक कार्यकर्ता सीमा कमल कुमार ने की। मुख्य अतिथि आईसीसीआर के संपादक रवि शंकर ने संघ की 100 वर्ष की यात्रा पर प्रकाश डाला। डॉ. नरेश शर्मा ने गोरक्षा और आशीष गोडसे ने धर्मांतरण से होने वाली हानियों पर अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम में बच्चों ने पहलगाम आतंकी हमले पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया। सम्मेलन में 4000 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। सेक्टर-121, सेक्टर-40, सेक्टर-117 से 120 तथा सेक्टर-77 सहित विभिन्न क्षेत्रों में भी सम्मेलन हुआ।

### कृषि उत्पादों के भंडारण के लिए जिले में बनेंगे दो स्माल गोदाम, ई-लाटरी से होगा चयन

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** कृषि उत्पादों का भंडारण करने के लिए सरकार ने स्माल गोदाम योजना निकाली है। पहले चरण में जिले में दो गोदाम बनाने का लक्ष्य रखा गया है। कृषि दर्शन के पोर्टल पर 13 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन करना होगा। जिलास्तरीय समिति ई-लाटरी के माध्यम से चयन करेगी। स्माल गोदाम निर्माण या ग्रामीण भंडारण योजना के तहत 2 लक्ष्यों की प्राप्ति का अर्थ 50-100 मैट्रिक टन क्षमता के छोटे गोदामों के निर्माण को मंजूरी मिलना है। यह योजना के नियमों के अनुसार 50-10,000 मैट्रिक टन क्षमता के गोदामों के लिए सब्सिडी प्रदान करती है जिनकी ऊंचाई 4-5 मीटर से अधिक होनी चाहिए। लघु स्तर के गोदाम 50, 100 या उससे कम मैट्रिक टन क्षमता वाले माने जाते हैं। उप कृषि निदेशक राजीव कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा और पोषण मिशन योजना के तहत 2025-26 में दलहन घटक अवशेष लक्ष्यों में स्माल गोदाम का 2 लक्ष्य मिला है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति के चयन करेगी। कृषि दर्शन-2 पोर्टल ( ीजजचे://हतपकंतेंद.नच.हवअ.पद) पर उपलब्ध लिंक से ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं। एक कृषक को केवल एक स्माल गोदाम का लाभ दिया जा सकता है। केवल कृषि विभाग में पंजीकृत कृषक ही स्माल गोदाम हेतु बुकिंग कर सकेंगे।

### दो केंद्रों पर हुई आईआईएस परीक्षा, 54.3% अभ्यर्थियों ही पहुंचे

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** रविवार को इंडियन इंजीनियरिंग सर्विस (आईआईएस) परीक्षा शहर के दो परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई। कुल 243 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, लेकिन इनमें से केवल 132 (करीब 54.3 फीसदी) परीक्षार्थी ही पहुंचे। जानकारी के अनुसार, भौतिकी विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान के प्रश्नों ने अभियार्थियों को परेशान किया। परीक्षा का आयोजन सेक्टर-51 होशियारपुर स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज और सेक्टर-12 स्थित भावराऊ देवरस सरस्वती विद्या मंदिर में किया गया था। बालिका इंटर कॉलेज केंद्र पर 204 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया, जिनमें 113 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे। वहीं भाऊराव देवरस सरस्वती स्कूल में 39 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, लेकिन केवल 19 छात्र ही परीक्षा में शामिल हुए। शहर में केवल दो केंद्रों पर ही इस परीक्षा को करवाया गया था। हालांकि बड़ी संख्या में अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे, लेकिन सुरक्षा और निगरानी के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

### गर्म पानी करने की रॉड बदलने को लेकर मारपीट

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** गर्म पानी की रॉड बदलने को लेकर दुकानदार और ग्राहक के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि ग्राहक ने दुकानदार को जातिसूचक शब्द कहे। पुलिस ने मारपीट और एससी और एसटी ऐक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार अजित उर्फ जीतू पुत्र पप्पू सिंह की लडपुरा गांव के गेट के पास बिजली की दुकान है। गांव निवासी करन भगत उनके पास पानी की रॉड लेकर पहुंचे। यहां पर दोनों के बीच विवाद हो गया। दुकानदार ने बताया कि पानी की रॉड उनकी दुकान से नहीं खरीदी गई। उसके बाद भी करन भगत ने उसके साथ बहस की। हालांकि, बाद में दुकानदार ने नई रॉड दे दी। इसके बाद भी करन भगत ने अपने परिवार के लोगों को भेजकर उनके साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान जातिसूचक शब्द कहे और उनका फोन भी तोड़ दिया।

# गड्ढों के पास सुरक्षा के इंतजाम करने के काम में तेजी

**नोएडा।** गहरे गड्ढे या खतरनाक स्थानों के पास सुरक्षा के इंतजाम करने के कामों में तेजी आ गई है। प्राधिकरण की तरफ से नोटिस जारी होने के बाद बिल्डर जरुरी इंतजाम करा रहे हैं। प्राधिकरण भी अपने स्तर से संबंधित स्थानों पर काम करा रहा है। सेक्टर-150 हादसे में सॉफ्टवेयर इंजी. नियर युवराज मेहता की मौत के बाद नोएडा प्राधिकरण ने पूरे शहर में 65 खतरनाक स्थान चिन्हित किए थे। अधिकारियों ने बताया कि अभी तक 12 से ज्यादा बिल्डरों को जरुरी काम कराने के लिए प्राधिकरण ने नोटिस जारी कर दिए हैं। इस महीने तक 20 फरवरी तक इन सभी 65 जगहों पर कार्य शुरू करवाने का लक्ष्य रखा गया है।

अगर बिल्डर काम नहीं करवाते हैं तो प्राधिकरण खुद के बजट से करवाएगा और फिर वसूली बिल्डरों से की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-79 में एलीट गोल्फ ग्रीन सोसाइटी के पास सड़क पर दीवार बनवाई जा रही है। यहां पर सड़क अधूरी होने की वजह से 90 डिग्री मोड़ था व आगे नाला भी खुला हुआ है। ऐसे में वाहन चालकों के लिए खतरा दूर करने के लिए यह दीवार बनवाई जा रही है। इसी तरह सेक्टर-52 में सड़क किनारे के नाले की दीवार ढही हुई थी। यह नाला भी खुला पड़ा हुआ था। अब यहां पर नाले की दीवार बनवाने का काम शुरू हो गया है। इसी तरह कुछ और जगहों पर फौरी तौर पर सुरक्षा इंतजाम के लिए नालों के किनारे बांस-बल्ली भी लगाए गए हैं। अधिकारियों का दावा है कि यह काम जल्द पूरे करवा लिए जाएंगे।

# 400 लोगों को उकसाकर ईसाई बनाने की आशंका

■ **रुपये, इलाज और शादी कराने का देते हैं लालच**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** सेक्टर-36 के जिस मकान में ईसाई धर्म में मतांतरण कराने को लेकर गतिविधियां संचालित हैं। वह मकान बीना एस्टर इब्राहिम पत्नी आनंद बारगेस इब्राहिम दंपती के नाम है। करीब 10 वर्ष पहले बने दो मंजिला मकान के बेसमेंट में बड़ा सा हॉल बना है। सोसायटी वासियों ने मकान मालिक दंपती के ही गिरोह का मास्टर माइंड होने की आशंका जताई है। प्रार्थना सभा में शामिल होने वाले कुछ लोगों ने बताया आरोपित मरीजों को ईशू की प्रार्थना से ठीक होने व राहत मिलने की बात कहकर ईसाई धर्म में मतांतरण के लिए उकसाते थे।

मकान के आसपास रहने वाले लोगों ने बताया हर रविवार इस मकान में प्रार्थना-सभाएं आयोजित हो रहीं थी। शुरुआत में प्रार्थना सभा में शामिल होने वालों की संख्या कम थी, जो लगातार बढ़ती रही। हर बार प्रार्थना-सभा में नये-नये चेहरे दिखते थे। महिलाओं और पुरुषों के अलावा बच्चे भी आते थे। क्रिसमस आदि त्योहार पर प्रार्थना सभा में पादरी भी आते थे। बताया जा रहा है कि मतांतरण के लिए रुपए पैसे का लालच भी दिया जाता था। करीब तीन साल पहले सुरेश से चंद्रकिरण का संपर्क हुआ था। इसके बाद से चंद्रकिरण भी नियमित रूप से प्रार्थना-सभा में शामिल होने लगा। सोसायटी वासियों का कहना है कि टैक्सी चालक और चंद्रकिरण ने सेक्टर-36 ही नहीं, ऐच्छर, कासना, सिग्मा तक फैला रखा है। आरोपियों द्वारा करीब 400 लोगों को मतांतरण के लिए उकसाने की आशंका है। यह भी आशंका है कि गिरोह के मास्टर माइंड मकान मालिक दंपती हैं। उनके द्वारा ही प्रार्थना-सभा समेत तमाम आयोजनों में होने वाले खर्च की फंडिंग की जाती थी। पुलिस ने इन बिंदुओं पर भी जांच शुरू की है।

**वाट्सएप ग्रुप से ईसाई धर्म का प्रचार-प्रसार:** पुलिस ने आरोपी टैक्सी चालक सुरेश का मोबाइल फोन कब्जे में लिया है। उसमें फास्टर नाम से ग्रुप मिला है। इसमें बड़ी संख्या में लोग जुड़े हैं। ग्रुप पर ईसाई धर्म के प्रचार-प्रसार से संबंधित सामग्री प्रसारित की जाती थी। सुरेश की पत्नी, साली और चंद्रकिरण द्वारा भी अपने मोबाइल फोन पर ऐसे ही ग्रुप बनाकर लोगों को मतांतरण के लिए प्रेरित करने वाली सामग्री भेजे जाने की आशंका है। पुलिस आरोपियों के बैंक खातों को भी खंगाल रही है।

**पिता के ठीक होने से ईसाई धर्म से प्रभावित हुआ सुरेश:** करीब नौ साल पहले टैक्सी चालक सुरेश के पिता शंकर बीमार हुए थे। काफी इलाज कराने के बाद भी उनकी हॉलत में सुधार नहीं होने पर सुरेश का ईसाई धर्म से संबंधित व्यक्ति से संपर्क हुआ था। दावा है कि प्रार्थना से पिता के ठीक होने से वह ईसाई धर्म के प्रभाव में आ गया था। करीब पांच वर्ष से वह सेक्टर सिग्मा में रह कर टैक्सी चला रहा है। यहां पर भी वह गरीबों और बीमारों को निशाना बनाकर मतांतरण के लिए उकसाता था।

**बच्चों को पढ़ाने, रुपए देने व शादी कराने का लालच:** प्रार्थना सभा में शामिल होने वाली एक महिला ने बताया कि आरोपितों के संपर्क में आने से उनका बीमार दामाद ठीक हो गया था। इसके बाद से वह भी प्रार्थना-सभा में शामिल होने लगी। यहां पर बच्चों को निशुल्क पढ़ाने, उनकी शादी कराने और रुपए देने का लालच देकर मतांतरण के लिए उकसाया जाता था। यहां आने वाले बच्चों को किताबें, टाफी और कपड़े समेत अन्य गिफ्ट दिए जाते थे।

# होटल कारोबारी ने पीएनबी के पांच अधिकारियों के खिलाफ दर्ज कराया धोखाधड़ी का मुकदमा

**नोएडा।** कोर्ट के आदेश पर थाना सेक्टर-49 में एक होटल व्यापारी ने पंजाब नैशनल बैंक के पांच अधिकारियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है।होटल कारोबारी का आरोप है कि बैंक के लोगों द्वारा उसकी 60 करोड़ रुपये की संपत्ति को हड़पने की साजिश रची गई।

थाना सेक्टर-49 के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार भारद्वाज ने बताया कि नोएडा के सेक्टर-47 निवासी होटल कारोबारी अनिल बब्बर की शिकायत पर नोएडा पुलिस ने बैंक के सर्कल हेड, जोनल मैनेजर और शाखा प्रबंधक समेत पांच के खिलाफ धोखाधड़ी, फर्जीवाड़ा और साजिश रचने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर यह रिपोर्ट दर्ज की है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस मामले में पीड़ित की शिकायत पर रविंद्र कुमार पांडे बैंक के सर्किल हेड, नरेंद्र सिंह बिष्ट शाखा प्रबंधक, प्रिया रंजन जोनल शाखा प्रबंधक, एसएन दुबे जोनल हेड, और मनीष कश्यप एमसीसी हेड तथा अज्ञात लोगों के खिलाफ आईपीसी की धारा 120 बी, 420,467,468,471 और 506 के तहत मुकदमा दर्ज करवाया है। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस को पीड़ित ने बताया है कि वह एक कंपनी में पार्टनर हैं। उन्होंने 2013 में हरिद्वार स्थित पीएनबी की शाखा से होटल खरीदने और संचालन के लिए 9.5 करोड़ रुपये का टर्म लोन लिया था। उस समय नौ प्रतिशत की वार्षिक ब्याज दर तय हुई थी। अनिल बब्बर के अनुसार उन्होने 2016 तक 13 करोड़ रुपये बैंक को चुका दिया। हैरानी तब हुई जब बैंक ने अचानक उनकी ब्याज दर नौ से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दी और उन पर पांच करोड़ रुपये का अतिरिक्त बकाया दिखा दिया। जब पीड़ित ने आरटीआई लगाई तो तो बैंक अधिकारियों ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। दबाव बनाने पर बैंक ने अपनी गलती स्वीकार की और 2019 में 30.50 लाख रुपये रिफंड भी किए, लेकिन बाकी की मोटी रकम डकार ली।

पीड़ित कारोबारी का कहना है कि उसके होटल की वर्तमान बाजार कीमत करीब 60 करोड़ रुपये है और उसका कुल रकबा 1 लाख वर्ग फुट है। बैंक अधिकारियों ने संपत्ति का मूल्यांकन गिराकर केवल 23 करोड़ रुपये दिखा दिया और कागजों में होटल का रकबा भी घटाकर महज 67 हजार वर्ग फुट कर दिया। आरोप है कि अधिकारी अब सरफेसी एक्ट की आड़ में इस 60 करोड़ की संपत्ति को अपने किसी चहेते के नाम केवल 20 करोड़ रुपये में नीलामी की तैयारी कर रहे हैं। पीडित ने डेंट रिकवरी ट्रिब्यूनल में भी मामला दायर किया। वहीं आरोपी लगातार पीड़ित को डिफॉल्टर घोषित कर संपत्ति नीलाम करने की धमकी दे रहे है। अब नोएडा पुलिस यह जांच कर रही है कि बैंक के भीतर यह सिंडिकेट कितने समय से सक्रिय है और क्या अन्य कारोबारियो को भी इसी तरह शिकार बनाया गया है।

अनिल बब्बर का आरोप है कि बैंक के सर्कल हेड रविंद्र पांडेय, शाखा प्रबंधक नरेंद्र सिंह बिष्ट, जोनल मैनेजर प्रिय रंजन, जोनल हेड एसएन दुबे और एमसीस हेड मनीष कश्यप ने उनके लोन दस्तावेजों में हेराफेरी की। बैंक के स्वीकृति पत्र तक को होटल के लेटरहेड पर फर्जी तरीके से तैयार कर लिया। जो रिस्क रेटिंग साल में एक बार बदली जानी चाहिए, उसे 6 साल के भीतर करीब 15 बार बदल दिया गया।

# ट्रैक्टर से कुचलकर टेलर की मौत, सड़क पर शव रख कर प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दनकौर।** कस्बे निवासी टेलर की शनिवार को ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचलकर मौत हो गई। परिजनों ने रविवार को उसका शव बीएल चौक पर रखकर प्रदर्शन किया। पुलिस के अधिकारियों ने उनको हटने के लिए कहा, लेकिन वे ट्रैक्टर चालक की गिरफ्तारी और परिवार को आर्थिक मदद दिलाने की मांग को लेकर अड़े रहे। समाचार लिखे जाने तक धरना जारी था। कस्बे के पीरवाला मोहल्ला निवासी 48 वर्षीय बबलू टेलर का काम करते थे। वह शनिवार दोपहर अपने घर के पास खड़े थे। इसी दौरान ईंटों से भरे ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनका जोरदार टक्कर मार दी। घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

परिजनों ने उनको ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। परिवार के लोगों का आरोप है कि घटना को बीते 24 घंटे हो चुके, लेकिन आरोपी चालक की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। परिजन रविवार को इसके विरोध में शव को सड़क पर रखकर धरने पर बैठ गए। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में लोग उनके साथ मौजूद रहे। इसकी वजह जाम लग गया। परिवार के लोगों का कहना है कि ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से यह हादसा हुआ। आरोपी की गिरफ्तारी की जाए। साथ ही, मृतक का परिवार काफी आर्थिक रूप से कमजोर है। बबलू परिवार में अकेला कमाने वाला था। उसके चार बच्चे हैं। उनकी आर्थिक मदद भी की जाए। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है कि परिजनों की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही फरार चालक को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# ग्रेनो में वर्क सर्किल प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में वर्क सर्किल प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बड़ा बदलाव किया गया है। किसी को दोहरी जिम्मेदारी दी गई है, तो किसी वर्क सर्किल से हटाकर दूसरे विभाग में भेजा गया है। इससे संबंधित कार्यालय आदेश जारी कर दिया गया है। प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस की ओर से छह फरवरी को जारी किए गए आदेश के मुताबिक राजेश कुमार निम को वर्क सर्किल-4 और पांच में प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक का कार्य सौंपा गया है। वह इससे पहले वर्क सर्किल-3 एवं चार में प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक का कार्य देख रहे थे। वर्क सर्किल-5 और शहीद विजय पथिक खेल परिसर के प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक रतिक को वर्क सर्किल-5 से हटा दिया गया है।

वह अब खेल परिसर का ही कार्य देखेंगे। उद्यान विभाग में प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक की जिम्मेदारी संभाल रहे राकेश बाबू अब वर्क सर्किल-8 में प्रबंधक स्तर का कार्य देखेंगे। अब तक दोनों जिम्मेदारी संभाल रहे थे। वर्क सर्किल-1 के प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक प्रभात शंकर को वर्क सर्किल-3 का भी प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक बनाया गया है। इसके साथ ही वह राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) एवं वर्क सर्किल-7 में 130 मीटर चौड़ी सड़क के प्रभारी प्रबंधक स्तर का कार्य भी पहले ही तरह देखेंगे।

# ट्यूबवेल पर मीटर लगाने पहुंची टीम का विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के अस्तौली गांव में रविवार को उस समय तनाव की स्थिति बन गई, जब एनपीसीएल (नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड) की टीम पुलिस बल के साथ किसानों के ट्यूबवेल पर बिजली मीटर लगाने पहुंची। टीम के पहुंचते ही गांव के किसानों ने जमकर विरोध शुरू कर दिया और मीटर लगाने से साफ इनकार कर दिया।

किसानों का कहना है कि सरकार ने पहले ही नलकूपों की बिजली पूरी तरह मुफ्त घोषित की हुई है। ऐसे में मीटर लगाना सरकार के वादे के खिलाफ है और यह किसानों के साथ धोखा है। वहीं, एनपीसीएल अधिकारियों का तर्क है कि न तो सरकार की ओर से बिजली बिल का भुगतान किया जा रहा है और न ही किसान बिल दे रहे हैं। उनका कहना है कि मीटर लगाए बिना वास्तविक खपत का आकलन संभव नहीं है।

किसानों ने आरोप लगाया कि मीटर लगाने के बाद उनसे बकाया बिल की मांग की जाएगी, जिसमें पिछले दो वर्षों का बिल भी शामिल होगा। किसानों का सवाल था कि जब बिजली मुफ्त है तो वे बिल कहां से चुकाएं। इस मुद्दे पर दोनों पक्षों में तीखी झड़प हुई। स्थिति बिगड़ती देख एनपीसीएल की टीम को बिना मीटर लगाए ही वापस लौटना पड़ा। बाद में गांव में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें किसानों ने सर्वसम्मति से कहा कि किसी भी कीमत पर ट्यूबवेल पर मीटर नहीं लगने दिया जाएगा।

# पुष्प प्रदर्शनी में ड्रोन शो आकर्षित करेगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** पुष्प प्रदर्शनी में इस बार रंग-बिरंगे फूलों के साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और रोबोटिक्स जैसी आधुनिक तकनीक की झलक देखने को मिलेगी। शहर के शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए मंच मिलेगा। वहीं, पुष्प प्रदर्शनी में ड्रोन शो लोगों के आकर्षण का केंद्र बनेगा। प्राधिकरण के उद्यान विभाग के अधिकारी ने बताया कि 26 फरवरी से एक मार्च तक सम्राट मिहिर भोज सिटी पार्क में पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन होगा।



पुष्प प्रदर्शनी में आने वाले लोगों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक आदि आधुनिक तकनीक के बारे में जानकारी हासिल करने का मौका मिलेगा। विज्ञान प्रदर्शनी पर भी जोर दिया जाएगा, ताकि बच्चे अपनी प्रतिभा प्रदर्शित कर सकें। नुक्कड़ नाटक और प्रतियोगिताओं के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक काम किया जाएगा।
**श्रीलक्ष्मी वीएस, एसीईओ, ग्रेटर नोएडा**

इसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है। प्रदर्शनी में नुक्कड़ नाटक और ड्रामा के माध्यम से नदियों, हवा और पानी के संरक्षण के लिए पौधे लगाने का संदेश दिया जाएगा। पर्यावरण प्रदूषण और संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। कबाड़ के पुन: उपयोग का संदेश दिया जाएगा। अधिकारी के मुताबिक पुष्प प्रदर्शनी में विज्ञान प्रदर्शनी पर अधिक जोर रहेगा। कचरे का उपयोग कर अपने आसपास के वातारण को स्वच्छ बनाने और नदियों के किनारे पौधरोपण के प्रति जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक आयोजित होंगे। प्रदर्शनी में थीम फ्लावर कैलेंडुला के साथ विभिन्न प्रजाति के एक लाख से अधिक मौसमी फूल प्रदर्शित किए जाएंगे। गोलचक्करों पर भी थीम फ्लावर लगाए गए हैं।

**फिल्मी संगीत पर नृत्य प्रदर्शन की अनुमति नहीं:** पुष्प प्रदर्शनी में नृत्य, संगीत, कविता और नुक्कड़ नाटक सहित अन्य प्रतियोगिताएं होंगी। प्रतिभागियों के लिए जारी किए गए दिशा- निर्देश के मुताबिक नृत्य प्रतिभागी अपने रिकॉर्ड किए गए संगीत को प्रस्तुति से पहले जमा करना होगा। खास बात यह है कि किसी भी फिल्मी संगीत पर नृत्य प्रदर्शन की अनुमति नहीं है। निर्धारित थीम पर ही नृत्य की प्रस्तुति देनी होगी। नृत्य की थीम पशु, पेड, जंगल बचाओ और फॉक डांस की थीम भारतीय त्योहार रखी गई है। वहीं, कविता की थीम हवा, पानी बचाओ और सामाजिक विकास है।


**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**
**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# प्रभारी निरीक्षक ने पढ़ाया कानून का पाठ




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** आगामी त्यौहार रमजान, महाशिवरात्रि और होली शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आज दो दिन बाद फिर पीस कमेटी की बैठक का आयोज थाना परिसर में किया गया। जिसमें प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र सिंह ने साफ साफ कहा कि त्योहारों पर कोई भी नई परम्परा नहीं डालने दी जाएगी।

त्यौहार आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं। यदि किसी ने भी कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने की कोशिश की तो उसको बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेट फॉर्म पर अगर कोई आपत्तिजनक फोटो या धार्मिक टिप्पणी आती है तो उसे विना सोचे समझे आगे साझा न करें, बल्कि उसकी जानकारी तुरन्त पुलिस को दें। ताकि समय रहते उस पर संज्ञान लिया जा सके।रमजान इबादत का त्यौहार है तो वहीं महा. शिवरात्रि का पर्व भगवान शिव की पूजा अराधना का त्यौहार है। वहीं होली का पर्व रंग गुलाल की मस्ती के साथ आपसी सौहार्द के साथ होली मिलन का त्यौहार है। त्योहारों को शान्ति पूर्ण माहौल में अपने मित्रों स्वजनों के साथ मनाएं। किसी समुदाय विशेष के व्यक्ति को जबरन रंग न लगाएं। जिससे अमन चौन बरकरार बना रहे। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि मिल जुलकर त्यौहार मनाने का मजा ही निराला है। बैठक में कस्बे के संभ्रांत नागरिकों के अलावा ग्राम प्रधान भी मौजूद रहे।

# कस्तूरबा गांधी विद्यालय में अव्यवस्थाओं को लेकर छात्राओं का आक्रोश

■ **मूलभूत सुविधाओं के अभाव में छात्राएं सुबह से भूख हड़ताल पर रहीं**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** भुड़िया कॉलोनी, ग्राम उतरसिया समुखिया स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी को लेकर छात्राओं में गहरा आक्रोश देखने को मिला। अव्यवस्थाओं से परेशान छात्राएं रविवार सुबह से भूख हड़ताल पर बैठ गईं, जिससे विद्यालय प्रशासन में हड़कंप मच गया।

विद्यालय में कुल 140 छात्राएं पंजीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में केवल 70 छात्राएं ही उपस्थित हैं। आवासीय व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब बताई जा रही है। छात्राओं के लिए मात्र 40 बेड उपलब्ध हैं, जबकि शेष छात्राओं को जमीन पर सोने को मजबूर होना पड़ रहा है। छात्राओं का आरोप है कि उन्हें समय पर बिजली, पानी, भोजन, स्टेशनरी और दैनिक उपयोग की सामग्री उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। पीने के पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है, वहीं लगातार बिजली कटौती के कारण पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। छात्राओं का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद हालात में कोई सुधार नहीं हुआ। विद्यालय में कुल आठ शिक्षक कार्यरत हैं, जिनमें पांच पूर्णकालिक और तीन अंशकालिक शिक्षक शामिल हैं। छात्राओं ने विद्यालय इंचार्ज संगीता भास्कर पर पढ़ाई और रहन-सहन से जुड़ी आवश्यक सुविधाओं की अनदेखी का आरोप लगाया है। सूचना मिलने पर ग्रामीणों और शिक्षकों ने मौके पर पहुंचकर छात्राओं को समझाया, जिसके बाद उन्होंने भूख हड़ताल समाप्त कर भोजन ग्रहण किया। पानी की समस्या को लेकर ग्राम प्रधान संदीप सिंह ने दो दिन के भीतर हेडपंप दुरुस्त कराने का आश्वासन दिया।

इसी दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रद्युम्न गंगवार कार्यकर्ताओं के साथ विद्यालय पहुंचे, और छात्राओं को सभी मूलभूत सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराने की मांग की। वहीं इस पूरे मामले पर विद्यालय इंचार्ज संगीता भास्कर का कहना है कि छात्राओं की समस्याओं को गंभीरता से लिया गया है और जल्द ही सभी कमियों को दूर कराया जाएगा।

## एक नजर

# नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप

**मौलाना सहित चार के खिलाफ रिपोर्ट**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने और नकदी व जेवर साथ ले जाने का मामला सामने आया है। पिता ने इस मामले में एक मौलाना सहित 4 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पीड़ित के मुताबिक उसका रिश्तेदार जीशान पुत्र शाकिर अली का उसके घर आना-जाना था। इसी दौरान आरोपी ने उसकी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। पीड़ित का आरोप है कि 6 फरवरी 2026 की रात करीब 11 बजे, जब परिवार के सभी लोग घर में सो रहे थे, तभी जीशान घर आया और पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। पीड़ित ने बताया कि उसकी पुत्री घर में रखे 57 हजार रुपये नकद, पत्नी की चांदी की पायल, सोने के दुरियां व बुंदे भी अपने साथ ले गई। सुबह जब परिजन जागे तो पुत्री घर पर नहीं मिली। इसके बाद पीड़ित सुबह करीब 8 बजे जीशान के घर अपनी पुत्री की तलाश में गया। वहां जीशान के भाई मौलाना शीबू पुत्र शाकिर अली, सोहिल पुत्र पप्पू और जीशान की मां से पुत्री के बारे में पूछताछ की, तो सभी लोग आग-बबूला हो गए और पीड़ित के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की।

पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने कहा कि तेरी पुत्री जीशान के साथ है और वे दोनों का निकाह करा देंगे। साथ ही धमकी दी कि यदि किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई की गई तो उसे और उसके परिवार को जान से मार दिया जाएगा। पीड़ित ने अपनी नाबालिग पुत्री के साथ किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की, पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भूमि का सौदा कर नहीं कराया बैनामा, 15 लाख रुपये हड़पने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के गांव रिछोला किफायतुल्ला के रहने वाले प्रॉपर्टी डीलर वीरपाल सिंह ने ग्राम वीजामऊ के राजेश कुमार से याकूबपुर का गाटा संख्या 616 से 484 वर्ग गज प्लाट का सौदा किया था, और उसे 15 लाख रुपये भी चेकों के जरिए दे दिए थे। प्लाट का 26 मई 2024 सौदा करने के बाद 26 मई 2025 को बैनामा कराए जाने का तय हुआ था।

वीरपाल सिंह का आरोप है कि समय आने पर जब राजेश कुमार से बैनामा कराने को कहा गया तो वह टालमटोल करने लगा। पीड़ित का कहना है कि अब आरोपी गाली-गलौज करने के साथ ही जान से मारने की धमकी भी दे रहा है। पीड़ित ने आरोपी पर अमानत में खयानत करने का आरोप लगाया है। वीरपाल द्वारा दी गई तहरीर पर पुलिस ने आरोपी राजेश कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# दिल का दौरा पड़ने से पनुआ के प्रधान का इंतकाल, किया सुपुर्दे खाक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव पनुआं के प्रधान इमाम खां का दिल का दौरा पड़ने से इंतकाल हो गया, वे 48 वर्ष के थे। रविवार को उन्हें ग्राम के कब्रिस्तान में बाद नमाजे जुहर सुपुर्देखाक कर दिया गया।

शनिवार की रात ग्राम प्रधान इमाम खां के सीने में दर्द हुआ था जिन्हें तत्काल ही निजी चिकित्सक को दिखाया गया, जहां कुछ देर बाद उनका इंतकाल हो गया। आज रविवार को उन्हें बाद नमाजे जुहर ग्राम के कब्रिस्तान में सुपुर्देखाक कर दिया गया। उनके इंतकाल पर ग्राम प्रधान इशहाक अहमद सिद्दीकी, मुख्तियार अहमद अंसारी, इमरान खां, प्रधान मो0 कलीम अंसारी, मो0 उमर, एड शराफत अली, शहंशाह वली, शखावत अली खां, तारिक सलमानी, हसमत खां, नसीम खां, नबाब अली, पूर्व प्रधान इकरार खां सहित बड़ी संख्या में लोगों ने दुख जताते हुए उन्हें खिराजे अकीदत पेश की।

# हाईटेंशन लाइन में जोरदार ब्लॉस्ट, बाल-बाल बचे किसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** गत सुबह करीब दस बजे जुन्हाई से शीशगढ़ की ओर जाने वाली 33 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन में अचानक भीषण ब्लास्ट हो गया। यह हादसा जुन्हाई हाइडिल से मात्र 50 मीटर की दूरी पर हुआ, जिसकी आवाज कई किलोमीटर तक सुनाई दी।

प्रत्यक्षदर्शी किसानों हेमपाल सिंह और सूरज पाल सिंह ने बताया कि ब्लास्ट के समय तेज चमक के साथ रोशनी खेतों के आसपास करीब 20 से 25 मीटर तक फैल गई। उन्होंने बताया कि उस दौरान वे खेत में काम कर रहे थे और जान बचाने के लिए भागे, लेकिन बिजली की चमकदार तरंगें उनकी ओर खिंचती महसूस हो रही थीं।

किसानों के अनुसार ब्लास्ट के समय बिजली के पोल तूफान की तरह हिलने लगे, जिससे आसपास के इलाकों में दहशत फैल गई। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई और काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। सूचना मिलने पर बिजली विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद क्षतिग्रस्त केबिल को बदलकर बिजली आपूर्ति बहाल की।

# हिंदू सम्मेलन में एकजुटता का दिया संदेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** आदर्श महाविद्यालय में आयोजित किए गए विराट हिंदू सम्मेलन में एकजुट होने का संदेश दिया गया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता विभाग संघ चालक, ओमप्रकाश, मातृ शक्ति भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार ने जात पात से ऊपर उठकर एकजुट होने का संकल्प लिया। सम्मेलन की अध्यक्षता बाबूराम गंगवार ने की।

संत जयदेव महाराज की मुख्य उपस्थिति रही। विराट हिंदू सम्मेलन में मातृ शक्ति डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार ने अपने उद्बोधन में ऊँच नीच, जात पात से ऊपर उठकर एकजुट होने का संदेश दिया एवं उन्होंने अपने बच्चों को अपनी संस्कृति एवं परंपरा सिखाने के लिए प्रेरित करने को बताया और कहा वसुदेव;कुटुंबकम का संदेश देने वाला यह धर्म पूरी दुनिया को परिवार मानता है। हमारे वेद, उपनिषद, गीता और रामायण हमें सत्य अहिंसा करुणा और सहनशीलता का मार्ग दिखाते हैं। वहीं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ओमप्रकाश ने कहा कि हिंदू धर्म कोई एक पंत नहीं बल्कि जीवन जीने की पद्धति है। आज आवश्यकता है कि हम अपने बच्चों को अपनी संस्कृति और संस्कारों से जोड़ें। हमें गर्व होना चाहिए कि हम उस सभ्यता के उत्तराधिकारी हैं जिसने दिया योग दिया आयुर्वेद दिया और पूरी मानवता को शांति का मार्ग दिखाया। कार्यक्रम में जिला कारवहां पेमपाल एवं तहसील प्रचारक अनंत, ब्लॉक प्रमुख प्रति. निधि डॉ0 आशुतोष गंगवार, जिला पर्यावरण प्रमुख देवेश देवल, खंड कारवां सत्येंद्र गंगवार, भाजपा नेता विशाल गंगवार, भुजेन्द्र गंगवार, प्रान्त घोष प्रमुख ललित एवं जिला उपाध्यक्ष भाजपा नीरेंद्र सिंह राठौर, हरस्वरूप गंगवार, नगर कारबाह डॉक्टर चोखेलाल, रामपाल गंगवार आदि ने भाग लिया।

# बीडीएम पब्लिक स्कूल में कक्षा 12वीं के छात्रों का भावपूर्ण विदाई समारोह




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** मीरगंज स्थित बीडीएम पब्लिक स्कूल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कक्षा 11वीं के छात्रों द्वारा अपने सीनियर्स को शुभकामनाएं देने के उद्देश्य से किया गया।समारोह में विद्यालय के वाइस प्रेसिडेंट अचल मिश्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है।

कार्यक्रम का सफल संचालन कक्षा 11वीं की छात्राएं गौरीका सिंह एवं अवनी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर जूनियर छात्रों ने गीत, नृत्य, कविता, भाषण सहित रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर माहौल को यादगार बना दिया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या नमिता दीक्षित ने विद्यार्थियों को प्रेरक संदेश देते हुए कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए सकारात्मक सोच, निरंतर परिश्रम और नैतिक मूल्यों को अपनाना आवश्यक है।समारोह के दौरान कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में बादल तिवारी को मिस्टर फेयरवेल और अर्शप्रीत कौर को मिस फेयरवेल चुना गया। दोनों छात्रों ने विद्यालय में बिताए पलों को याद करते हुए शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# बहरोली के अमन कुमार का गृह मंत्रालय में चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** मीरगंज तहसील अंतर्गत ग्राम बहरोली के होनहार छात्र अमन कुमार ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर बड़ी सफलता हासिल की है। अमन का चयन भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन एक प्रतिष्ठित संस्थान में कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी ( श्रज्ध) के पद पर हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से गांव बहरोली सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

अमन कुमार वर्तमान में दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग से पीएचडी कर रहे हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा स्वामी दयानन्द सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, परौरा से प्राप्त की। अमन ने कक्षा 10वीं और 12वीं की पढ़ाई यहीं से की, जबकि 12वीं विज्ञान वर्ग में वे जनपद बरेली के टॉपर भी रहे।ग्रामीण परिवेश से निकलकर देश के महत्वपूर्ण मंत्रालय तक पहुंचने वाले अमन न केवल एक प्रतिभाशाली शोधार्थी हैं, बल्कि साहित्य के क्षेत्र में भी उनकी विशेष पहचान है।

उनके दो गजल संग्रह "हवा में आग" और "लम्हों की तपिश" प्रकाशित हो चुके हैं। साथ ही उनकी रचनाएं और शोध पत्र राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होकर सराहे जा चुके हैं।अमन की सफलता पर कॉलेज के प्रबंधक डॉ. सत्यवीर गंगवार ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व की बात है। कॉलेज के निदेशक पंकज गंगवार ने अमन को मेहनती और अनुशासित छात्र बताते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कॉलेज संरक्षक डॉ. वीरेन्द्र प्रताप गंगवार ने भी अमन को बधाई दी।प्रधानाचार्य आदेश पाल गंगवार सहित शिक्षकगण राजेश गंगवार, संजीव कुमार, लाल बहादुर, रेवती नंदन, राकेश पाठक, लक्ष्मण स्वरूप, ओमाशंकर, योगेंद्र कुमार, सुरेंद्र, सुनीता आदि ने अमन की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।अमन कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद और निरंतर कठिन परिश्रम को देते हुए कहा कि गृह मंत्रालय जैसी महत्वपूर्ण संस्था में सेवा देना उनके लिए गर्व का विषय है।

# रमजान और शिवरात्रि पर शांति व्यवस्था को लेकर बैठक



**कोतवाल पवन कुमार बोले किसी भी पर्व पर नई परंपरा नहीं डाली जाएगी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** रमजान माह और महाशिवरात्रि पर्व को लेकर बहेड़ी कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कोतवाल पवन कुमार ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी त्योहार के अवसर पर कोई नई परंपरा नहीं डाली जाएगी। सभी पर्व आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण माहौल में मनाए जाएं, यह पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता है।

कोतवाल ने कहा कि पर्वों के दौरान कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नगर के गणमान्य लोगों और ग्राम प्रधानों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या समस्या की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। बैठक में नगर के तमाम गणमान्य लोग, बहेड़ी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम प्रधान, समाजसेवी और पुलिसकर्मी मौजूद रहे। सभी ने आपसी सौहार्द बनाए रखने और प्रशासन का सहयोग करने का आश्वासन दिया। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

# बिल्वा में जल्द शुरू होगा बरातघर का निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** भोजीपुरा ब्लॉक के बिल्वा ग्राम पंचायत में राजस्व एवं पंचायती राज विभाग के अधिकारियों ने बरात घर निर्माण के लिए प्रस्तावित भूमि का चिह्नांकन कार्य पूरा कर लिया है। अफसरों का दावा है कि जल्द बरात घर निर्माण शुरू होगा।

14 वें वित्त आयोग की परफॉर्मेंस ग्रांट बिल्वा के अलावा ग्राम पंचायत खजुआ जागीर और मुड़िया हाफिज में भी बरात घर का निर्माण होगा। एक बरात घर के निर्माण पर 3.41 करोड़ रुपये खर्च होंगे। निर्माण की जिम्मेदारी निदेशालय ने पटना की एक फर्म को सौंपी है। 50 फीसदी धनराशि जारी की जा चुकी है। बिलवा में बरात घर के लिए पूर्व में चिह्नित जमीन पर निर्माण शुरू कराने से पहले उसकी नापजोख के लिए बीते एक जनवरी को राजस्व व पंचायतीराज विभाग के कर्मचारी पहुंचे थे। विरोध के चलते टीम को लौटना पड़ा था। इसके बाद नायब तहसीलदार विदित कुमार के नेतृत्व में टीम ने दोबारा गांव पहुंची। पुलिस को देखकर पैमाइश का कोई विरोध करने वाला नहीं आया। डीपीआरओ कमल किशोर ने बताया कि शनिवार को क्षेत्रीय लेखपाल, सचिव, प्रधान, ग्राम पंचायत के साथ कंसल्टिंग इंजीनियरों ने भी भूमि चिह्नांकन कार्य में सहयोग दिया।

# खानखाहे शेरिया के खालिद मियां हुजूर दुनिया से हुए रुखसत

■ **खालिद मियां के आखिरी दीदार के लिये उमड़ी अकीदतमंदों की भीड़**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** खानखाहे शेरिया के अल्हाज अच्छे मियां हुजूर के पोते मौलाना मोहम्मद खालिद मियां शेरी का 45 वर्ष की उम्र में इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल की खबर मिलते ही इल्मी व दीनी और रूहानी हलकों में गम की लहर दौड़ गई। खबर मिलते ही गमगीन लोग उनके आखिरी दीदार के लिये उनके घर की तरफ दौड़ पड़े।

नगर के मोहल्ला शाहजीनगर लाइनपार निवासी मौलाना मोहम्मद खालिद मियां शेरी ने अपनी शुरू की पढ़ाई मदरसा अल-जामियातुल कादिरिया से हासिल की थी। इसके बाद उन्होंने मशहूर इस्लामी इल्मी तंजीम जामिया अशरफिया से फाजिलत की डिग्री हासिल की। खालिद मियां शेरी शुरू से ही दीन की खिदमत के लिये लग गए। उन्होंने अपने दादा अल्हाज अच्छे मियां हुजूर के बताये गए रास्ते पर चलते हुए लोगों को अच्छे मियाँ हुजूर की तालीमात पर अमल करने की हिदायत दी। रविवार को जैसे ही उनके इंतकाल की खबर लोगों को लगी तो उनके चाहने वालों और नगर में गम की लहर दौड़ गई। उनके आखिरी दीदार के लिये उनके निवास पर भारी हुजूम उमड़ पड़ा। रविवार को इशा की नमाज के बाद उन्हें गमगीन माहौल में सुपुर्दे खाक कर दिया गया।

# हाफिजगंज में मनाया तीन रोजा उर्स ए इरशादिया, हुआ लंगर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** थाना हाफिजगंज के पीछे बने मजार पर तीन रोजा उर्स आज संपन्न हो गया। इससे पूर्व फातेहा ख्वानी, कुरान ख्वानी हुई और बाद कुल के बाद उर्स संपन्न हुआ। इस बीच हाजी मिर्जा नासिर बेग, मिर्जा बाबर बेग, मिर्जा तालिब बेग हमजा की जानिब से लगातार आम लंगर जारी रहा।सरपरस्ती के अंजाम सज्जादा नशीन सैयद कासिफ मियां ने दिया उर्स में मुल्क, मिल्लत और कौम की सलामती एकता भाई चारा के लिए दुआ की गई। हाजी हामिद, सलीम जाफर, आरिफ खान, आसिफ अल्वी, आसिफ अंसारी, मुश्ताक उर्फ नन्हें, रईस अहमद आदि ने इंतजाम संभाला। इस अवसर पर हाजी मिर्जा नासिर बेग ने कहा कि कि हिंदू, मुस्लिम सिख, ईसाई सब एक ही परमात्मा की संतान हैं हम सबको एकता और भाई चारा बनाए रखना है।

# पिपरिया में मस्जिद ध्वस्तीकरण पर भड़के मौलाना शहाबुद्दीन रजवी

■ **बोले-न्यायालय में विचाराधीन मामले में बुलडोजर चलाना कानून का मजाक**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** भोजीपुरा क्षेत्र के पिपरिया गांव में मस्जिद पर बुलडोजर कार्रवाई को लेकर सियासी और धार्मिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। शनिवार को प्रशासन द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे का हवाला देते हुए मस्जिद को ध्वस्त किए जाने के बाद रविवार को ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी गांव पहुंचे और पीड़ित ग्रामीणों से मुलाकात की।

मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने मीडिया से बातचीत में प्रशासनिक कार्रवाई को अन्यायपूर्ण करार देते हुए कहा कि मस्जिद पर बुलडोजर चलवाकर खुले तौर पर कानून का मजाक उड़ाया गया है। उन्होंने बताया कि जिस भूमि पर मस्जिद बनी थी, वह ग्राम समाज की थी, लेकिन वर्ष 1990 में तत्कालीन ग्राम प्रधान द्वारा मस्जिद के नाम विधिवत पट्टा जारी किया गया था। इसी आधार पर वहां नमाज की व्यवस्था की गई और टीन शेड डालकर मस्जिद का निर्माण किया गया। मौलाना ने कहा कि वर्ष 2007 से इस प्रकरण को लेकर न्यायालय में मुकदमा चल रहा है, जो वर्तमान में इलाहाबाद हाईकोर्ट में विचाराधीन है। अभी तक न्यायालय द्वारा कोई अंतिम निर्णय नहीं दिया गया है। इसके बावजूद पुलिस और प्रशासन ने ताकत के बल पर मस्जिद को ध्वस्त कर दिया, जो पूरी तरह से न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने कानून का हवाला देते हुए कहा कि किसी भी भवन पर बुलडोजर चलाने से पहले उसके स्वामी को कम से कम तीन महीने पूर्व नोटिस दिया जाना आवश्यक है, ताकि वह अपना पक्ष रख सके। लेकिन पिपरिया मामले में न तो कोई पूर्व नोटिस दिया गया और न ही सुनवाई का अवसर मिला। आरोप है कि कार्रवाई से महज 15 मिनट पहले दीवार पर नोटिस चिपकाया गया, उसकी फोटो खींची गई और फिर नोटिस हटा दिया गया। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के प्रवक्ता डॉ. अनवर रजा कादरी ने बताया कि मौलाना शहाबुद्दीन रजवी के नेतृत्व में जमात का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को जिला प्रशासन के आला अधिकारियों से मुलाकात करेगा। प्रतिनिधिमंडल की मांग होगी कि पिपरिया गांव के मुसलमानों के लिए नमाज अदा करने की वैकल्पिक व्यवस्था तत्काल की जाए, क्योंकि रमजान का पवित्र महीना शुरू होने वाला है।

इस दौरान ताहिर हुसैन एडवोकेट, शाहिद एडवोकेट, अदनान हुसैन और डॉ. अनवर रजा कादरी भी मौजूद रहे।

# विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** दो लाख रुपये की माँग पूरी नहीं होने पर दहेजलोभी ससुरालियों ने विवाहिता को पीटकर एक माह के बच्चे के साथ घर से निकाला। शिकायत पर पुलिस ने पति सहित सात लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच शुरू कर दी है।

पीड़िता प्रीति पुत्री रामस्वरूप निवासी ग्राम गिरधरपुर थाना शीशगढ़ ने पुलिस को बताया कि दो वर्ष पूर्व उसकी शादी हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार थाना सिरौली के ग्राम शिवपुरी निवासी राधेश्याम के साथ हुई थी। शादी में पिता ने सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था, जिससे ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे, जो मायके से दो लाख रुपए लाने का दबाव बनाकर उत्पीड़न करते थे। इंकार करने पर मारपीट करते थे। माँग पूरी न होने पर पीटकर एक माह के बेटे के साथ घर से निकाल दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति राधेश्याम, हरिराम, लाल देई, यादराम, सीमा, मुन्नी, गनेश पाल आदि के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# चाइनीज मांझा बना मौत का धागा

## प्रतिबंध के बावजूद खुलेआम बिक रहा जानलेवा मांझा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** चाइनीज मांझा एक बार फिर आमजन की जान के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चाइनीज मांझे से हुई मौत को हत्या करार दिए जाने के बावजूद न तो इसके अवैध कारोबार पर लगाम लग पाई है और न ही इसके इस्तेमाल पर रोक लग सकी है। अत्यंत तेज और धारदार होने के कारण यह मांझा गला कटने, हाथ-पैर गंभीर रूप से जख्मी होने और कई मामलों में मौत तक का कारण बन चुका है।

दोपहिया वाहन चालकों, बच्चों, पशु-पक्षियों और आम नागरिकों के लिए यह मांझा किसी मौत के फंदे से कम नहीं है। हैरानी की बात यह है कि उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में पूर्ण प्रतिबंध के बावजूद इसकी बिक्री और उपयोग चोरी-छिपे नहीं, बल्कि खुलेआम जारी है, जो प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।



### पशु-पक्षियों पर कहर

चाइनीज मांझे से उड़ते पक्षी, आवारा पशु और पालतू जानवर अक्सर फंस जाते हैं। इससे उन्हें गंभीर चोटें आती हैं और कई बार उनकी दर्दनाक मौत हो जाती है। पर्यावरण प्रेमियों के अनुसार यह मांझा जीव-जंतुओं के लिए भी घातक साबित हो रहा है।

### बिजली और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान

मांझा बिजली की लाइनों में फंसकर शॉर्ट सर्किट, आगजनी और लंबे समय तक विद्युत आपूर्ति बाधित होने का कारण बनता है। इससे सरक.ारी संसाधनों को नुकसान के साथ-साथ आम नागरिकों की दिनचर्या भी बुरी तरह प्रभावित होती है।

### पूरी तरह प्रतिबंधित, फिर भी बेखौफ कारोबार

उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में चाइनीज मांझे की खरीद, बिक्री, भंडारण और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध है। इसके बावजूद अवैध नेटवर्क के जरिए इसका कारोबार धड़ल्ले से जारी है, जिसमें छोटे विक्रेताओं से लेकर बड़े व्यापारियों तक की संलिप्तता सामने आ रही है।

### यातायात के लिए जानलेवा

सड़कों पर दोपहिया वाहन चाल.कों के लिए चाइनीज मांझा बेहद खतरनाक साबित हो रहा है। कई मामलों में चलते वाहन पर अचानक गला कटने से लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। यह सीधे तौर पर सार्वजनिक सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मुद्दा है।

### बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़

पतंग उड़ाते समय बच्चों के हाथों में चाइनीज मांझा आना बड़े हादसे को न्योता देता है। मासूम बच्चों की जान खतरे में डालना समाज और प्रशासन दोनों के लिए चिंता का विषय है।

### पर्यावरण के लिए घातक

यह मांझा नष्ट नहीं होता और लंबे समय तक वातावरण में बना रहता है, जिससे प्रदूषण फैलता है। विशेषज्ञों का मानना है कि इसके स्थान पर केवल सुरक्षित और पारंपरिक सूती धागे का ही उपयोग किया जाना चाहिए।

### पहले भी सामने आ चुकी हैं घटनाएं

नगर व आसपास के क्षेत्रों में चाइनीज मांझे से चोटिल होने की घटनाएं पहले भी सामने आ चुकी हैं, लेकिन ठोस कार्रवाई के अभाव में समस्या जस की तस बनी हुई है।

### सख्त कार्रवाई की मांग

स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने चाइनीज मांझे की बिक्री करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि सरकार को मांझा लाने, बनाने और बड़े स्तर पर व्यापार करने वालों के खिलाफ कठोर कदम उठाने चाहिए। साथ ही अवैध रूप से संग्री.हत मांझे को तत्काल जब्त कर दोषियों को कड़ी सजा दी जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर पूर्ण विराम लग सके।

# हादसे में ताऊ-भतीजे की मौत से मचा कोहराम

## शादी की खुशियों पर काल की टक्कर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नहटौर-झालू मार्ग पर शनिवार देर शाम हुए एक हृदयविदारक सड़क हादसे ने शादी की खुशियों को मातम में बदल दिया। थाना नहटौर क्षेत्र के ग्राम सैदपुर बिलाई के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार ताऊ और भतीजे की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ग्राम से लेकर परिवार तक शोक की लहर दौड़ गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम खजूरा जट निवासी सतवीर सिंह (48 वर्ष) पुत्र अमन सिंह और उनका भतीजा भानू (25 वर्ष) पुत्र संजीव शनिवार को बिजनौर से एक शादी समारोह में शामिल होकर बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक नहटौर-झालू मार्ग पर सैदपुर बिलाई के पास पहुंची, सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार हवा में उछलकर सड़क पर गिर पड़े। मौके पर मौजूद लोग दृश्य देखकर सहम गए।

हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि बाइक भानू चला रहा था और उसने हेलमेट नहीं पहना हुआ था। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों में हादसा कैद हो गया है, जिसके आधार पर फरार कार चालक की तलाश की जा रही है।

रविवार को पोस्टमार्टम के बाद दोनों का अंतिम संस्कार गंगा बैराज पर किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और हर आंख नम नजर आई। परिजनों के अनुसार सतवीर सिंह तीन भाइयों में दूसरे नंबर के थे, जबकि भानू उनके छोटे भाई संजीव का बेटा था। भानू पूर्व में नूरपुर में शिक्षक रह चुका था और वर्तमान में अपने पिता के साथ खेती कर रहा था। वह अपने पीछे पत्नी, एक बेटा, एक बेटी और माता-पिता को छोड़ गया है, जिनके सिर से पिता का साया हमेशा के लिए उठ गया।

भानू के पिता संजीव भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) से जुड़े हैं और पूर्व में ब्लॉक अध्यक्ष रह चुके हैं।

इस दर्दनाक हादसे ने पूरे ग्राम को गमगीन कर दिया है। हर घर में सिर्फ एक ही चर्चा है कि तेज रफ्तार और लापरवाही ने फिर दो जिंदगियां छीन लीं।

## एक नजर

### के.एस. एकेडमी में विदाई समारोह



**कोतवाली देहात।** के.एस. चिल्ड्रंस एकेडमी द्वारा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में हबीब गार्डन में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सभी विद्यार्थियों के तिलक से हुई, जिसके बाद प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने कक्षा 12वीं की छात्राएं स्वालिह्या एवं नितिका त्यागी के साथ दीप प्रज्वलन किया। समारोह में कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दी गईं तथा म्यूजिकल चेयर, लेमन रेस, स्लिप राउंड एवं रैम्प वॉक जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। रैम्प वॉक के दौरान पूछे गए प्रश्नों के आधार पर विभिन्न उपाधियों के लिए विद्यार्थियों का चयन कार्यक्रम जज अध्यापिका तूबा सिद्दीकी व कशिश वर्मा द्वारा किया गया, जिसमें मिस फेयरवेल स्वालिह्या, मिस्टर फेयरवेल अभिनव, मिस के.एस. प्रियंशी चौधरी, मिस्टर के.एस. सत्यम चौधरी, मिस ब्यूटी नितिका त्यागी, मिस्टर हैंडसम हिमांशु सिंह, मिस एटीट्यूड लुबना तथा मिस्टर एटीट्यूड अब्दुल आहद रहे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने सभी चयनित विद्यार्थियों को सैशे व क्राउन पहनाकर सम्मानित किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### एडीएम प्रशासन ने सुनी समस्याएं




**नगीना।** तहसील सभागार में आयोजित इस समाधान दिवस की अध्यक्षता एडीएम प्रशासन अंशिका दीक्षित ने की। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को जनसुनवाई के लिए समयबद्धता बनाए रखने के निर्देश दो.हराए। समाधान दिवस में कुल 30 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 5 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। एडीएम ने एसडीएम कार्यालय, तहसीलदार कार्यालय, अभिलेखागार, इंतखाब खतौनी कार्यालय, निर्वाचन कार्यालय और कोषागार का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों की गहनता से जांच की और उपस्थित कर्मचारियों को ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए फरियादियों को त्वरित न्याय दिलाने के निर्देश दिए। एडीएम ने तहसील परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी विजय शंकर मिश्रा, क्षेत्राधिकारी डॉ अंजनी कुमार चतुर्वेदी, तहसीलदार अमरपाल सिंह, नायब तहसीलदार अजब सिंह राणा सहित समस्त विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### बाबा पानप दास समाधि स्थल पर मेला



**धामपु।** बाबा पानप दास समाधि स्थल पर बाबा पानप दास जी की 253 वीं पुण्य तिथि के अवसर पर मेले का आयोजन किया गया। मेले में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने जिले एवं कई प्रदेशों से आकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया। महंत ओम दास ने बताया कि मेले में श्रद्धालु प्रसाद चढ़ाते हैं, अपनी मंनत मांगते हैं और अपनी मन्नतें पूरी होने पर अपने बच्चों का मुंडन मेले में आकर करते हैं। मेले में बड़ी संख्या में खेल खिलौने और महिलाओं की श्रृंगार, सामग्रियां एवं चाट पकौड़ी बिकती हैं, जिसे खाकर श्रद्धालु आनंद उठाते हैं। मेले में प्रसाद बेचने वाले बड़ी दूर-दूर से आकर प्रसाद बेचते हैं। समाधि स्थल पर महंत लोग बाबा पानप दास की वाणी सुनाते हैं। श्रद्धालु बाबा पानप दास की वाणी सुनकर उनके आदर्श को अपने जीवन में उतारने का संकल्प करते हैं। मेले में महंत श्रद्धालुओं को प्रसाद देते हैं। श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाते हैं। मेले में महंत ओम दास, उपमहंत विक्रम दास, ज्ञान दास, अशोक दास, हरिदास, पुष्पेंद्र दास आदि रहे। मेले की व्यवस्था बनाने में सचिव महेंद्र सिंह, ठाकुर अभय कुमार सिंह, पुष्पेंद्र कुमार, अरविंद कुमार, हरिकांत सुमन का योगदान रहा। मेले में बड़ी संख्या में पुलिस व्यवस्था बनाने में लगी रही।

### विद्या मंदिर में विराट हिंदू सम्मेलन



**धामपुर।** रामगोपाल रामचंद्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में संघ के शताब्दी वर्ष समारोह की श्रृंखला में अर्जुन बस्ती का विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंच आसीन अतिथियों सरदार आजिंदर सिंह कार्यक्रम के अध्यक्ष, सुनील कुमार प्रांतीय सह बौद्धिक प्रमुख, धर्मेंद्र सिंह धवल प्रांत शह शारीरिक प्रमुख साध्वी रिया जी दुर्गा सेवा प्रमुख संचालिका और गौर चंद्र प्रधान राय के द्वारा माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पर्जन से किया गया। इसके बाद इस विद्यालय के पूर्व छात्र पर्व कुमार हाई स्कूल विद्यालय टॉपर के द्वारा भारत के गौरवशाली इतिहास की झांकी प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर विद्यालय के सांस्कृतिक प्रमुख आचार्य विनय कुमार शर्मा के निर्देशन में विद्यालय के छात्र मुदित, हार्दिक, तरुण, पियूष के द्वारा समूह गान- स्वर्ग से सुंदर देश हमारा प्रस्तुत किया गया और दुर्गा पब्लिक स्कूल धामपुर के नन्हे मुन्ने छात्र नैतिक कुमार और सौम्या के द्वारा होली नृत्य गीत प्रस्तुत किया। इसी विद्यालय के छात्र अनन्या, नैना, त्रिस्का कनिका द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुत की गई और विद्या मंदिर धामपुर के छात्र मुदित, प्रियांशु, शांतनु, अंकित, लकी, अभिनंदन आदि के द्वारा गीत ए हिंद के तिरंगे ऊंचा रहे जहां में प्रस्तुत किया। इसके बाद इसी विद्यालय के छात्र दश चौहान, मनीष कुमार, यथार्थ चौहान, तुषार कुमार पोसवाल, शशांक कुमार, विराट, कार्तिक, शौर्य, जितेश व देव राजपूत के द्वारा नाटक वीर हकीकत राय प्रस्तुत किया। इसके बाद अनपढ़ एकांकी नाटक मृत्युंजय व काव्यांश शौर्य, जिज्ञासु, प्रखर, दीपांशु, प्रिंस, गर्वित, भूपेंद्र एस कमलदीप आदि ने प्रस्तुत किया।

### झूठी निकली चोरी की घटना

**नांगल सोती।** गांव चंदोक निवासी अरविंद कुमार ने शनिवार की रात्रि करीब नौ बजे पीआरबी पर कॉल कर अपने घर में चोरी की सूचना दी। सूचना पर सीओ नितेश प्रताप सिंह थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की। जांच के दौरान घर में मौजूद महिलाओं ने पुलिस को बताया कि उनके घर में भात देने के लिए 24000 रुपए की नगदी रखी थी जो चोरों ने घर में घुसकर चोरी कर ली। पुलिस ने घर में छानबीन की तो नगदी घर में ही रखी पाई गई। सीओ नितेश प्रताप सिंह ने बताया कि चोरी की सूचना पर मौके पर पहुंचकर जांच की थी, लेकिन मामला झूठा पाया गया।

## एक नजर

### सड़क सुरक्षा दिवस मनाया



**चांदपुर।** ग्राम केलनपुर स्थित किसान इंटर कॉलेज केलनपुर में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने सड़क सुरक्षा दिवस मनाया। इस दिवस पर सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप जलाकर शुभारंभ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। समाजसेवी चौधरी वीर सिंह ने बच्चों को यातायात नियमों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि दो पहिया वाहन बिना हेलमेट लगाए न चलाये तथा चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट लगाए। साथ ही वाहन चलाते हुए नशा न करे, मोबाइल पर बात न करे, लाल और हरी बत्ती भी ध्यान रखते हुए वाहन चलाये। चौधरी वीर सिंह ने बच्चों को बच्चों का झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर किसान इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य नीरज शर्मा तथा कोपल रस्तौगी प्रधानाचार्य राजकीय कन्या इंटर कॉलेज लोहरपुरा, विपिन कुमार आदि उपस्थित रहे।

### शिविर के दूसरे दिन सफाई अभियान



**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के कार्यक्रम अधिकारी मौहम्मद आरिफ एवं डा. उदिता राजपूत द्वारा द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। आज का यह द्वितीय एक दिवसीय शिविर स्वच्छता अभियान को समर्पित किया गया। प्रथम सत्र में स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने अपने-अपने चयनित क्षेत्र में जाकर पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए श्रमदान किया। असिस्टेंट प्रोफेसर रामविलास यादव ने स्वयं सेवक एवं स्वंय सेविकाओं को स्वच्छता का महत्व विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि हमें शारीरिक स्वच्छता के साथ-साथ पर्यावरण की स्वच्छता के लिए भी विशेष रूप से जागरूक होना होगा तथा अन्य लोगों को भी जागरूक करना होगा। हमारे प्रयास से आने वाली पीढ़ी को एक अच्छा पर्यावरण मिल पाएगा। प्रो. अशोक कुमार ने भी स्वंयसेवक एवं स्वंयसेविकाओं को स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहा की हमें न केवल शारीरिक स्वच्छता पर ध्यान देना चाहिए, बल्कि मन की स्वच्छता भी बहुत आवश्यक है। मन को स्वच्छ बनाकर हमें वसुधैव कुटुंबकम की भावना को बढ़ाना होगा, जिससे एक बेहतर समाज का निर्माण हो सके।

### हिन्दू सम्मेलन में एकता पर जोर



**नांगल सोती।** सरस्वती शिशु मंदिर खानपुर में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में हिन्दुओं में जागृति और एकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता कैलाश उपाध्याय ने सामाजिक समरसता, स्वाभिमान का भाव, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य और कुटुंब प्रबोधन पर जोर दिया। डा. विदित ने हिंदू संस्कृति की विशेषताओं पर चर्चा करते हुए हिंदू समाज को एकजुट रहने की सलाह दी। सम्मेलन में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। अखिलेश अग्रवाल की अध्यक्षता और कौशल राणा के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में गगन कर्णवाल, वीरेंद्र शर्मा, सुधीर भुइयार, दीपक देशवाल, अतुल अग्रवाल, विकास तोमर, पंकज पाल, आकाश, नरपाल सिंह, कृपानाथ महाराज आदि मौजूद रहे।

### शिविर में 34 युवाओं ने किया रक्तदान

**नगीना।** नूर ऑप्टिकल्स एंड आई केयर सेंटर (दारुल शिफा) में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन डॉ. मुजम्मिल अजीम द्वारा कराया गया। शिविर में 34 यूनिट रक्त इकट्ठा किया गया। नूर ऑप्टिकल्स एंड आई केयर सेंटर के संचालक व नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ . मुजम्मिल अजीम ने बताया कि लोगों द्वारा रक्त दान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम माना जाता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है। रक्तदान करने वालों में सय्यद यावर, शरीक सुल्तान, नौशाद, जाहिद हुसैन, आनंद भारद्वाज, अभिषेक मिश्रा, सुहैल अहमद सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# आवारा पशु बने परेशानी का सबब

## शिकायतों के बाद भी नहीं हो पा रही कार्यवाही: भाकियू





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत कार्यकर्ताओं का कहना है कि ब्लॉक जलीलपुर में आवारा पशुओं की भरमार है। सड़को पर व किसान के खेतो मे मिलेगा।

यूनियन के मीडिया प्रभारी किसान मौहम्मद हनीफ ने कहा कि यह आवारा पशु जंगलों में किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे हैं और ग्रामीण इलाकों में सड़कों पर घूम कर आए दिन एक्सीडेंट का पर्याय बने हुए है। उन्होंने कहा कि ब्लॉक जलीलपुर में आवारा पशुओं का आतंक सा बना हुआ है। कई बाइक सवार घायल होने के बाद भी कोई भी अधिकारी इनकी हालत और दुर्दशा की ओर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारी व कार्यकर्ता द्वारा हर मासिक पंचायत में ज्ञापन दिए जा रहे हैं। अधिकारी इस पर संज्ञान नही ले रहे है। यूनियन के तहसील अध्यक्ष नितिन राणा ने चांदपुर तहसील के समस्त गांव में ही नहीं बल्कि ब्लॉक क्षेत्र में इन आवारा घूम रहे पशुओं को पकड़वाकर समीपवर्ती गौशालाओ में भिजवाने की मांग है। इस मौके पर तहसील महासचिव राजीव चौधरी, पूर्व युवा ब्लॉक अध्यक्ष जसविंदर सिंह, राजीव कुमार, जिला उपाध्यक्ष मौहम्मद याकूब जिला उपाध्यक्ष, जसवंत सिंह नामधारी नगर अध्यक्ष बब्बू शेख, ग्राम अध्यक्ष आसिफ खान, मीडिया प्रभारी मौहम्मद हनीफ तहसील चांदपुर मौजूद रहे।

# जात-पात भुलाकर एकजुट होने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** समीपवर्ती ग्राम कासमपुर गढ़ी स्थित एचसीएम इंटर कॉलेज के विशाल मैदान में आयोजित हिंदू सम्मेलन में हिंदुओं से जात-पात भुलाकर एकजुट होने का आह्वान किया। हिन्दुत्व को मानव धर्म बताते हुए सनातन संस्कृति की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सामा.जिक समरसता, हिन्दुत्व की मजबूती व सनातन संस्कृति के संरक्षण पर जोर दिया गया।




सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पश्चिम उत्तर प्रदेश के क्षेत्र प्रमुख पदम मुख्य अतिथि एवं विभाग कार्यवाह बिजनौर मुकेश मुख्य वक्ताओं ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हिंदू समाज के लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि वह जात-पात भुलाकर एकजुट रहे और भारतीय हिंदू संस्कारों व संस्कृति को आगे बढ़ाकर राष्ट्र निर्माण की भूमिका में अपना योगदान दें। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की उपलब्धियां गिनाते हुए वक्ताओं ने कहा कि आरएसएस किसी पार्टी विशेष से नहीं है। बल्कि हिंदू हितों की रक्षा के लिए बना है और अपने उद्देश्य पर काम कर रहा है। वक्ताओं ने आरएसएस के उद्देश्य एवं योगदान को विस्तृत रूप से बताते हुए आरएसएस द्वारा लोगों की मदद में महत्वपूर्ण भूमिका को याद दिलाया और हिंदुओं से अपने परिवार के बीच बेहतर तालमेल रखते हुए अपने संस्कारों पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया।

सम्मेलन स्वामी जगन्नाथ आश्रम ऋषिकेश के महंत लोकेश दास की अध्यक्षता व मनोज चौहान के संचालन में हुआ सम्मेलन में क्षेत्रीय भाजपा विधायक कुंवर सुशांत सिंह, खेल सिंह राजपूत, ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार, मेघनाथ सिंह, सतेन्द्र कुमार, राजेंद्र सिंह, गौरव कुमार, बृजेश सिंह, कपिल चौहान, डॉ. वीके सिंह, डॉ. तेजपाल सिंह, संजीव गहलौत, ठाकुर रामवीर सिंह, सुंदर चौहान, मोंटी गहलौत, देवराज सिंह चौहान, लवली गहलौत, संदीप कुमार, सौरभ कुमार, आदित्य चौहान, मोहित चौहान, खुशदीप सिंह, उदित राजपूत, महिपाल सिंह, कुलदीप सिंह, मुकेश चौहान, कोमल चौहान सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# खारी में सनातन शक्ति का शंखनाद

## पंच परिवर्तन से राष्ट्र निर्माण का ऐलान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** निकटवर्ती ग्राम खारी स्थित झारखण्डी शिव मंदिर परिसर सनातन चेतना के विराट रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। जब हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति के बैनर तले आयोजित भव्य हिंदू सम्मेलन में समाज की एकजुटता, सांस्कृतिक स्वाभिमान और राष्ट्रबोध का आक्रामक शंखनाद हुआ।




सम्मेलन की अध्यक्षता स्वामी कपिल मुनि जी (सिद्धस्थान, भूरिया स्रोत, नांगल) ने की। मंच से स्पष्ट संदेश दिया गया कि अब केवल चर्चा नहीं, बदलाव अनिवार्य है और सनातन समाज को संगठित होकर राष्ट्रहित में निर्णायक भूमिका निभानी होगी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की गौरवगाथा को केंद्र में रखते हुए सह प्रांत बौद्धिक शिक्षण प्रमुख सुनील कुमार जी ने कहा कि संघ केवल संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का विचार है, जिसने सेवा, संस्कार और समर्पण से देश की आत्मा को मजबूत किया है।

विभाग प्रचारक क्रान्ति जी ने पंच परिवर्तन विषय पर दो-टूक शब्दों में कहा कि यदि समाज को सुरक्षित, सशक्त और स्वाभिमानी बनाना है तो सोच, व्यवहार और जिम्मेदारी तीनों स्तर पर परिवर्तन जरूरी है। उनके शब्दों पर पंडाल तालियों और जयघोष से गूंज उठा। मुख्य वक्ता वैदिक सनातनी प्रवक्ता बहन मीनाक्षी सहरावत (हरिद्वार) ने मंच से हुंकार भरते हुए कहा कि वे देशभर में घूमकर सनातन संस्कृति पर हो रहे प्रहारों के विरुद्ध जनजागरण कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सनातन केवल परंपरा नहीं, जीवन पद्धति है, जिसे बचाना आज हर हिंदू की जिम्मेदारी है।

आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. धर्मवीर सिंह (पूर्व ब्लॉक प्रमुख) ने कहा कि ऐसे सम्मेलन समाज को सोई हुई चेतना से जगाने का काम करते हैं और युवाओं को राष्ट्रवाद की ठोस दिशा देते हैं। कृष्ण कुमार के संयोजन में प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने वीरता, परंपरा और संस्कार का प्रभावशाली संदेश दिया। सम्मेलन के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी को सार्वजनिक रूप से सम्मानित कर समाजसेवा के प्रति उनके योगदान को सराहा गया। कार्यक्रम में डॉ. कर्मेंद्र सिंह, कृष्ण कुमार सेठ (सालमाबाद), गोपाल प्रधान (हसनपुर), समर पाल सिंह (जलालपुर), मंडावली खंड के खंड कार्यवाह उमंग काकरान एडवोकेट सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन सुरेन्द्र प्रधान (धर्मपुरा) के नेतृत्व में अनुशासित और प्रभावी ढंग से किया गया। व्यवस्थाओं की कमान उपाध्यक्ष धर्मपाल सिंह, बिन्द्र सिंह जाटव, आर्य नरेन्द्र प्रधान और हेमेन्द्र भगत ने संभाली। सचिव ललित सहारन, सह-सचिव संजीव उर्फ लल्ला प्रधान व नवयुग चहल ने संगठनात्मक समन्वय किया, जबकि कोषाध्यक्ष कैलाश चन्द्र, सह-कोषाध्यक्ष पवन कुमार प्रधान और शुभम कुमार ने आर्थिक प्रबंधन संभाला।

महिला शक्ति के रूप में श्रीमती रंजना प्रधान, योग प्राधिकृत सुनीलामन और श्रीमती अंशु चौधरी की सक्रिय सहभागिता ने सम्मेलन को नई ऊर्जा दी। सम्मेलन का समापन 'सनातन संस्कृति अमर रहे, हिंदू समाज संगठित रहे' के गगनभेदी उद्घोष और निर्णायक संकल्प के साथ हुआ।

# वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, कर्मी की मौत

## रिजॉर्ट से ड्यूटी कर लौट रहा था घर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। रिजॉर्ट में ड्यूटी कर वापस लौट रहे कर्मी को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में कर्मी की मौके पर ही मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

मंडी धनौरा के मोहल्ला हट्टा वाला में राजेंद्र कुमार का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी सुशीला देवी के अलावा चार बेटे और एक बेटी है। सबसे बड़ा 40 वर्षीय बेटा ललित कुमार अमरोहा देहात थाना क्षेत्र में कैलसा क्षेत्र स्थित एक रिजॉर्ट में नौकरी करता था। परिवार में पत्नी मंजू व नौ वर्ष की एक बेटी भूमिका है। परिजनों के मुताबिक ललित कुमार रोजाना सुबह को ड्यूटी पर जाने के बाद रात में घर लौट आता था। बताया जा रहा है कि शनिवार देर शाम भी ललित कुमार रिजॉर्ट में ड्यूटी कर घर वापस लौट रहा था। अभी बाइक अमरोहा-धनौरा मार्ग पर मेस्को पब्लिक स्कूल के सामने से गुजर रही थी



तभी अज्ञात वाहन का चालक बाइक में टक्कर मार कर फरार हो गया। हादसे में ललित कुमार गंभीर घायल हो गया और बाद में मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना से मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। मृतक की पहचान कर हादसे की जानकारी परिजनों को दी तथा शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद परि. जनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। मामले में अज्ञात वाहन के चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। आरोपी चालक को जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# गाय के अवशेष मिलने पर भड़का बजरंग दल

## कार्रवाई की मांग को पुलिस से नोकझोंक, काटा हंगामा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। क्षेत्र में गौकशी की सनसनीखेज घटना सामने आने से इलाके में तनाव का माहौल बन गया। धनौरा-अमरोहा मार्ग पर एक निजी लॉ कॉलेज के पास सड़क किनारे गाय के अवशेष मिलने से लोगों में आक्रोश फैल गया। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस के अधिकारी पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया।

घटना की जानकारी मिलते ही बजरंग दल के जिला मंत्री विपिन शर्मा और जोया खंड के प्रखंड संयोजक देवेंद्र चौधरी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौके पर एकत्र हो गए। कार्यकर्ताओं ने नारेबा. जी करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। बजरंग दल नेताओं ने आरोप लगाया कि



नौगावा सादात थाना क्षेत्र में गौतस्करों के हौसले लगातार बढ़ रहे हैं। उनका कहना है कि पूर्व में एक बछड़े को वध से पहले बरामद किए जाने के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं होने से अपराधियों को बढ़ावा मिला। उन्होंने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर अवशेषों को हटवाया और लोगों को शांत कराया। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की

# नाबालिग किशोरी लापता, अपहरण का आरोप

## परिजनों ने पुलिस से की कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरी**। थाना क्षेत्र से एक नाबालिग किशोरी के संदिग्ध हालात में लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने दो युवकों (पिता-पुत्र) पर बहला-फुसलाकर किशोरी को ले जाने का आरोप लगाया है और जान का खतरा बताते हुए पुलिस से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के एक मोहल्ले की निवासी 17 वर्षीय नाबालिग किशोरी बीती 6 फरवरी को रेलवे फाटक के पास से लापता हो गई। परिजनों का आरोप है कि ग्राम तोमड़ा, थाना बछरायूं क्षेत्र के रहने वाले दो युवक उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए। घटना को एक प्रत्यक्षदर्शी ने देखा और इसकी जानकारी घर पहुंचकर परिजनों को दी। परिजनों ने किशोरी की काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद परिजनों ने तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। परिजनों का कहना है कि उनकी बेटी नाबालिग है और उसकी जान को खतरा हो सकता है।थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है मामले की जांच की जा रही है और किशोरी की तलाश के लिए संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# नाबालिग से गैंगरेप के आरोपी को भेजा जेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। डिडौली थाना पुलिस ने नाबालिग के अपहरण और गैंगरेप के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, आरा. ेपी ने एक नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया था। घटना के बाद से वह फरार चल रहा था। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान लक्ष्मण पुत्र राजेंद्र दास के रूप में हुई है। वह बिहार राज्य के अररिया जिले के जोगबनी थाना क्षेत्र के मीरगंज गांव का निवासी है। डिडौली थाना प्रभारी हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि आरोपी काफी समय से फरार था और पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# 'घूसखोर पंडत' के खिलाफ उतरा ब्राह्मण समाज

## निर्माता, निदेशक, अभिनेता के खिलाफ शिकायत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। 'घूसखोर पंडत' नामक वेब सीरीज के खिलाफ ब्राह्मण समाज का विरोध बढ़ गया है। ब्राह्मण सभा ने वेब सीरीज के निर्माता, निर्देशक और अभिनेता सहित पूरी टीम के विरुद्ध पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

सभा के अध्यक्ष पं. पवन कौशिक और महामंत्री पं. मनु शर्मा के नेतृत्व में एक प्रति. निधिमंडल नगर कोतवाली पहुंचा। उन्होंने कोतवाल पंकज तोमर को एक तहरीर सौंपी, जिसमें समाज में विद्वेष फैलाने और धार्मिक जातिगत भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। तहरीर में महामंत्री पं. मनु शर्मा एडवोकेट ने बताया कि नेटफ्लिक्स पर प्रसारित वेब सीरीज 'घूसखोर पंडत' का शीर्षक ब्राह्मण समाज के लिए अपमानजनक और आहत करने वाला है। उनका कहना है कि इसके प्रसारण से उनकी भावनाएं आहत हुई हैं और सामाजिक सौहार्द को खतरा उत्पन्न हुआ है। शिकायत में नेटफ्लिक्स, निर्माता नीरज पांडे, निर्देशक रितेश शाह और अभिनेता मनोज बाजपेयी सहित अन्य अज्ञात सहयोगियों पर सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के उद्देश्य से ब्राह्मणों को नीचा दिखाने का आरोप लगाया गया है। कहा गया है कि इस शीर्षक से धार्मिक और जातिगत भावनाओं को ठेस पहुंची है।



# भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने किया नेत्र अस्पताल का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने नगर के रमाबाई आंबेडकर

■ **नगर में खुल गया करतार सिंह आंखो का अस्पताल**

राजकीय महाविद्यालय के निकट चौ. करतार सिंह नेत्र अस्पताल का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान टीएसएम ग्रुप के अध्यक्ष एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक चौधरी ने मुख्य अतिथि राकेश टिकैत को चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया। राकेश



टिकैत ने कहा करतार सिंह नेत्र अस्पताल के द्वारा लोगों की आंखो की अच्छी देखरेख व उपचार में मदद की जाएगी। प्रत्येक बुधवार को निशुल्क ओपीडी पर्चे की घोषणा भी काफी सराहनीय है। अस्पताल के चिकित्सक डॉ.विनित चौधरी व डॉ. संगम चौधरी ने मुख्य अतिथि व आमंत्रित लोगों को अस्पताल की सुविधाओं के बारे में बताया। कहा कि अमेरिकन फेको मशीन लेजर द्वारा बिना टांका, बिना दर्द के मोतियाबिंद के ऑपरेशन की सुविधा रहेगी। अशोक चौधरी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर हरवीर सिंह, पूनम चौधरी, दानवीर सिंह उर्फ पिंटू, जिताम्बर यादव, हर्षित धारीवाल, गिरिराज सिंह, रामपाल सिंह, कुशल चौधरी, मोहन बेनीवाल, धर्मेंद्र सिंह, भगवान सिंह, नरेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह मौजूद रहे।

# बाइक की टक्कर से वृद्ध घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। बाइक की टक्कर से एक वृद्ध घायल हो गए, जबकि उनके साथ चल रहा पौत्र बाल बाल बच गया। घायल के पुत्र ने पुलिस को तहरीर देकर बाइक चालक के विरूद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार मोहल्ला अतरपुरा निवासी समरपाल सिंह अपने पौत्र अनिकेत कुमार के साथ फाजलपुर से सामान लेकर आ रहे थे। तभी चौधरी ढ़ाबा के सामने एक बाइक ने टक्कर मारकर समरपाल सिंह को घायल कर दिया। लोगों की मदद से घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# आठ साल की बालिका से दुष्कर्म का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। पूजा के लिए रूई खरीदने गई आठ साल की मासूम बालिका के साथ एक युवक ने एक सरकारी विद्यालय के टॉयलेट में ले जाकर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। बालिका ने शोर मचाया तो वहां खेल रहे बालिका के भाई ने दरवाजा बजाया, जिस पर आरोपित तेजी से दरवाजा खोलकर फरार हो गया। बालिका की मां की तहरीर पर स्थानीय पुलिस ने एसपी के आदेश पर आरोपी के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

■ **सरकारी स्कूल की टॉयलेट में ले गया आरोपी, रिपोर्ट दर्ज**

रिपोर्ट के अनुसार 03 फरवरी को शाम सवा पांच बजे एक आठ वर्षीय बालिका बाजार से पूजा के लिए रूई आदि खरीदने जा रही थी। इसी बीच एक युवक उसे मिला और उसने बालिका को स्कूल दिखाने का बहाना करके अपने साथ कर लिया और उसे बस्ती क्षेत्र में स्थित एक सरकारी विद्यालय में ले जाकर टॉयलेट में ले जाकर दरवाजा बंद कर लिया। बालि. का के वस्त्र उतारकर उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। बालि. का ने शोर मचाया तो उधर से उसका भाई और कुछ बच्चे खेलने जा रहे थे। बहन की चीख सुनकर भाई ने टॉयलेट का दरवाजा बजाया जिसपर आरोपित युवक तेजी से दरवाजा खोलकर फरार हो गया। बालिका और उसके भाई ने घर जाकर सारी बात अपनी मां को बताई। मां ने थाने पहुंचकर पुलिस को घटना के बारे में बताया। आरोप है कि स्थानीय पुलिस ने उसकी कोई सुनवाई नहीं की, उल्टे फैसले का दबाब बनाया। जिसके बाद उसने पुलिस अधीक्षक से मदद की गुहार लगाई। एसपी के आदेश पर गजरौला पुलिस ने आरोपी अमन के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# किशोर से मारपीट का वीडियो वायरल

## पुलिस जांच पड़ताल में जुटी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। नगर कोतवाली क्षेत्र में एक किशोर के साथ मारपीट की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश और चिंता की स्थिति बन गई है। वायरल वीडियो में कुछ नाबा. लिग किशोर एक सुनसान इलाके में पीड़ित किशोर को घेरकर लात-घूंसों से मारते हुए दिखाई दे रहे हैं। घटना के दौरान पीड़ित किशोर बार-बार खुद को बचाने की कोशिश करता दिखाई दे रहा है। इस वायरल वीडियो के बारे में नगर कोतवाली पुलिस ने तुरंत संज्ञान लिया और मामले की त्वरित जांच शुरू कर दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वीडियो का विश्लेषण कर आरोपियों की पहचान की जा रही है। घटना के सही स्थान, समय और शामिल किशोरों की पूरी जानकारी जुटाने के बाद ही आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल हुई फुटेज को प्राथमिक साक्ष्य माना गया है। इसके आधार पर जल्द ही नामजद और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि इस प्रकार के वीडियो को बिना जांच के साझा न करें, जिससे मामले की जांच प्रभावित न हो।स्थानीय लोगों ने बताया कि पीड़ित किशोर का नाम अभी सामने नहीं आया है, लेकिन घटना की गंभीरता और हिंसक प्रकृति ने क्षेत्र में चिंता बढ़ा दी है। कई लोग पुलिस की त्वरित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं और साथ ही युवाओं में बढ़ते नाबालिग अपराध और हिंसा पर चिंता व्यक्त कर रहे हैं। पुलिस ने कहा कि किशोर अपराध मामलों में भी उचित बाल कल्याण और न्याय प्रणाली का पालन किया जाएगा। जांच पूरी होने के बाद बाल न्यायालय के समक्ष आरोपियों को पेश किया जाएगा। इसके साथ ही पीड़ित किशोर और उसके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि नाबालिगों के बीच हिंसा और ग्रुप मारपीट की घटनाओं में वृद्धि समाज और परिवारों के लिए गंभीर चेतावनी है। उन्होंने स्कूलों, सामाजिक संस्थाओं और अभिभावकों से अपील की है कि वे किशोरों में आपसी समझ, संवाद और अनुशासन को बढ़ावा दें, ताकि इस तरह की हिंसक घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। नगर कोतवाली पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि वायरल वीडियो की जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस इस मामले में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखने और न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# मजदूरी न मिलने पर हरियाणा से ट्रैक्टर ले आए मजदूर

## 13 लाख की मजदूरी बकाया, ट्रैक्टर लेकर गांव लौटे मजदूर, कोतवाली में हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। मेहनत की कमाई न मिलने से नाराज मजदूरों और एक ठेकेदार के बीच का विवाद अब कोतवाली की दहलीज तक जा पहुँचा है। हरियाणा के झज्जर में काम करने वाले दर्जनों मजदूर बकाया भुगतान न होने पर ठेकेदार के दो ट्रैक्टर लेकर अपने गांव आ गये। जिसके बाद रविवार को पुलिसिया कार्रवाई शुरू हुई। मजदूरों का आरोप है कि वे पिछले दो वर्षों से हरियाणा के झज्जर में एक ठेकेदार के अधीन काम कर रहे थे। मजदूर पीतम सिंह के अनुसार, शुरुआत में तो भुगतान मिला, लेकिन धीरे-धीरे ठेकेदार ने पैसे रोकना शुरू कर दिया। देखते ही देखते करीब 13 लाख रुपये की मजदूरी बकाया हो गई। बार-बार तकादा करने के बावजूद जब ठेकेदार ने टालमटोल की तो मजदूरों का धैर्य जवाब दे गया। तीन दिन पहले, मजदूर अपनी बकाया राशि के बदले ठेकेदार के दो ट्रैक्टर लेकर झज्जर से हसनपुर आ गए। रविवार को ठेकेदार



हरियाणा पुलिस के साथ हसनपुर कोतवाली पहुँचा और स्थानीय पुलिस को मामले की जानकारी दी। स्थानीय पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सिरसा गुर्जर गांव से दोनों ट्रैक्टरों को कब्जे में लेकर कोतवाली खड़ा कर दिया। जैसे ही ट्रैक्टर जब्त होने की खबर फैली, सिरसा गुर्जर, डगरोली, सूबरा और सोहरका गांव के भारी संख्या में मजदूर और उनके परिजन कोतवाली पहुँच गए। मजदूरों ने हंगामा करते हुए साफ कहा कि जब तक उनके 13 लाख रुपये नहीं मिल जाते, वे पीछे नहीं हटेंगे। फिलहाल ठेकेदार बकाया पैसे देने को राजी नहीं हुआ है। वरिष्ठ उप निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि हरियाणा की झज्जर पुलिस मामले की जांच कर रही है। ट्रैक्टर फिलहाल कोतवाली में हैं और आगे की कानूनी कार्रवाई हरियाणा पुलिस द्वारा ही की जाएगी। मजदूरों का कहना है कि वे अपनी मेहनत की कमाई के लिए किसी भी हद तक संघर्ष करेंगे।

# बैंक प्रबंधक समेत तीन पर मुकदमा

## महिला के खाते से निकाले थे 70 हजार रूपये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली**। थाना सैदनगली क्षेत्र में बैंकिंग जगत को शर्मसार करने वाला एक मामला सामने आया है। यहाँ यूपी ग्रामीण बैंक की देहरा मिलक शाखा के प्रबंधक और दो अन्य कर्मचारियों पर एक महिला के खाते से अवैध रूप से 70 हजार रुपये निकालने और विरोध करने पर अभद्रता करने का गंभीर आरा. ेप लगा है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता ममता अधिवक्ता है। आरा. ेप लगाया है कि 15 मई 2025 को वह अपनी बीमार माता रामकिशोरी के साथ बैंक से 10 हजार रुपये निकालने गई थीं। वहां उन्हें बताया गया कि उनकी माता का खाता बंद कर दिया गया है। जब उन्होंने इसका कारण शाखा प्रबंधक शुभम कुमार भारद्वाज से पूछा तो आरोप है कि प्रबंधक ने उनके साथ अत्यंत अभद्र भाषा का प्रयोग किया और धमकी दी। पीड़िता को बाद में जनसेवा केंद्र के माध्यम से पता चला कि बैंक प्रबंधक शुभम कुमार भारद्वाज, क्रेडिट ऑफिसर मिन्टू और कार्यालय सहायक रेवन्त रमनिक ने मिलीभगत कर उनकी माता के खाते से 70 हजार रुपए की धनराशि बिना किसी सूचना या सहमति के निकाल ली है। पीड़िता का आरोप है कि इन बैंक कर्मियों ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए इस राशि का गबन किया है। घटना के बाद पीड़िता ने स्थानीय पुलिस और पुलिस अधीक्षक को डाक के माध्यम से शिकायत भेजी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने पर उन्हें न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अमरोहा के आदेश के बाद संबंधित धाराओं में थाना सैदनगली में आरोपी शाखा प्रबंधक, शुभम कुमार भारद्वाज, क्रेडिट ऑफिसर मिंटू, कार्यालय सहायक रेवन्त रमनिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।फिलहाल पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# धूमधाम से मनाई जाएगी अम्बेडकर जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के आगामी जन्मोत्सव को डॉक्टर भीमराव आंबेडकर जन्मोत्सव समिति' की बैठक आयोजित की गई।

रविवार को सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष अंबेडकर जयंती को ऐतिहासिक और धूमधाम से मनाया जायेगा।वक्ताओं ने बैठक में एकजुटता और समरसता पर जोर दिया गया। वरिष्ठ समाजसेवी कांग्रेसी नेता जयपाल सिंह ने इस बात पर विशेष बल दिया कि इस बार का जन्मोत्सव केवल एक वर्ग विशेष का न होकर सर्वसमाज का कार्यक्रम बनेगा। उन्होंने सभी को साथ लेकर चलने" का दृढ़ संकल्प दोहराया। कहा कि बाबा साहब ने जिस समतामूलक समाज का सपना देखा था। उसे आपसी भाईचारे और एकता के माध्यम से ही साकार किया जा सकता है। महीपाल सिंह प्रधानाचार्य रामवीर सिंह, गोपीचंद पूर्व प्रबंधक, रामपाल सिंह नेताजी ने संयुक्त रूप युवाओं को अंबेडकर जयंती के माध्यम से सामाजिक कार्यों में जुड़ने का आह्वान किया। अम्बेडकर जयंती को धूमधाम से मनाने का संकल्प लिया वरिष्ठ सदस्य चन्द्रभान सिंह और सतेन्द्रपाल एडवोकेट ने प्रशास. निक और सुरक्षा व्यवस्था के साथ तालमेल बिठाकर भव्य शोभायात्रा निकालने की योजना पर चर्चा की। इस अवसर पर डॉ भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम, अखिल भारतीय अम्बेडकर संघ हसनपुर के अध्यक्ष रामवीर सिंह, अजब सिंह एडवोकेट, सतेन्द्र पाल एडवोकेट, चन्द्रभान सिंह,संजय सिंह,विजय गौतम, आशीष कुमार,रोहताश सिंह, अतर सिंह, डॉ. महेश चंद्र, अंकुर सेठी, दिनेश कुमार मौजूद थे।



संक्षिप्त खेल समाचार

## सर्विसेज ने 8वां खिताब जीता फाइनल में केरल को हराया

**ढाकुआखाना, वार्ता।** सर्विसेज़ ने रविवार को खचाखच भरे ढाकुआखाना फुटबॉल स्टेडियम में संतोष ट्रॉफी 2025-26 के लिए 79वीं नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप के रोमांचक फाइनल में केरल को 1-0 से हराया। यह आठवीं बार था जब उन्होंने अपने उतार-चढ़ाव भरे इतिहास में भारतीय फुटबॉल का पवित्र खिताब जीता। स्ट्राइकर अभिषेक पवार ने 109वें मिनट में तनावपूर्ण मुकाबले का एकमात्र गोल किया, रेगुलेशन और एक्स्ट्रा टाइम के पहले हाफ में कोई गोल नहीं हुआ था। चैंपियनशिप के इतिहास में यह सिर्फ दूसरी बार था जब ये दोनों टीमें फाइनल में भिड़ीं। वे आखिरी बार 2012-13 एडिशन के फाइनल में कोच्चि में मिली थीं, जब सर्विसेज ने पेनल्टी शूट-आउट से 4-3 से जीत हासिल की थी।

## सात्विक-राधिका शर्मा ने जीता मिक्स्ड डबल्स खिताब

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की उभरती हुई महिला सिंगल्स खिलाड़ी देविका सिहाग ने रविवार को बाकू में अजरबैजान इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट में इंटरनेशनल सर्किट पर अपना लगातार दूसरा टाइटल जीता, जबकि सात्विक रेड्डी के और राधिका शर्मा ने मिक्स्ड डबल्स का टाइटल जीता। देविका, जो पिछले हफ्ते थाईलैंड मास्टर्स में बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 300 टाइटल जीतने वाली सिर्फ तीसरी भारतीय महिला सिंगल्स खिलाड़ी बनी थीं, ने फाइनल में हमवतन नव्या कंडेरी को 21-10, 21-13 से हराकर अपना टाइटल जीतने का सिलसिला जारी रखा। टाइटल जीतने के बाद बाई मीडिया से बात करते हुए, देविका ने कहा कि वह इन दो हफ्तों में जिस तरह से खेलीं, उससे खुश हैं, भले ही उन्होंने ज्यादा ट्रेनिंग नहीं की हो।

# भारत-पाकिस्तान मैच पर लाहौर में तीन पार्टियों की मीटिंग

- बीसीबी के प्रेसिडेंट इस तीन पार्टियों की मीटिंग में देश को रिप्रेजेंट कर रहे हैं
- पीसीबी बातचीत की टेबल पर आया है, मीटिंग का नतीजा क्या होगा, यह अभी भी अंदाजा लगाने की बात

**लाहौर, वार्ता।** भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले टी 20 विश्व कप मैच में पाकिस्तान के हिस्सा लेने के मुश्किल मुद्दे पर इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अधिकारियों के बीच रविवार को लाहौर में मीटिंग होनी है। मीटिंग में बांग्लादेश के भी शामिल होने की उम्मीद है, जिसे पीसीबी ने बुलाया है।

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के प्रेसिडेंट अमीनुल इस्लाम इस तीन पार्टियों की मीटिंग में देश को रिप्रेजेंट कर रहे हैं, जिसके लिए आईसीसी के कुछ अधिकारी भी आने वाले हैं। बांग्लादेश का शामिल होना समझना मुश्किल नहीं है, क्योंकि पूरा टी20 विश्व कप का झगड़ा तब शुरू हुआ जब बीसीबी ने लिटन दास की टीम के लिए जगह बदलने की मांग की, यह कहते हुए कि वे भारत में सुरक्षित नहीं हैं। हालांकि आईसीसी ने उस रिक्वेस्ट को ठुकरा दिया और स्कॉटलैंड ने बांग्लादेश की जगह ले ली, लेकिन पाकिस्तान ने उनके साथ एकजुटता दिखाते हुए विरोध में कोलंबो में भारत का मैच नहीं खेलने की कसम खाई। जैसा कि क्रिकबज ने शनिवार को बताया, पाकिस्तान का यह कदम एक बड़े मुद्दे में बदल गया है, जिसमें दुर्लभ फोर्स मेज्योर क्लॉज का इस्तेमाल किया गया है, जिसकी वैधता को आईसीसी ने पूरी तरह से खारिज कर दिया था। भारत का मैच न खेलने के लिए भारी फाइनेंशियल नुकसान और संभावित सजाओं की संभावना का सामना करते हुए - जिससे मेंबर्स पार्टिसिपेशन एग्रीमेंट का अपमान होता है - पीसीबी बातचीत की टेबल पर आया है। मीटिंग का नतीजा क्या होगा, यह अभी भी अंदाजा लगाने की बात है, लेकिन यह डेवलपमेंट इस बात का संकेत है कि पाकिस्तान टीम बड़े कोलंबो मैच पर अपने रुख पर फिर से सोच रही है। इस कदम की श्रीलंका ने पहले ही आलोचना की है, जिसने बताया है कि बॉयकॉट की वजह से टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में देश को भारी फाइनेंशियल नुकसान हो सकता है। श्रीलंका ने पाकिस्तान को उस समय की भी याद दिलाई जब उसे इंटरनेशनल बॉयकॉट का सामना करना पड़ा था और कैसे श्रीलंका क्रिकेट टीम ने इंटरनेशनल क्रिकेट को पाक में वापस लाने में मदद की थी।

# कीवियों ने अफगानिस्तान को हराया




- टिम साइफर्ट 65 और फिलिप्स की 42 रनों की शानदार बल्लेबाजों की बदौलत न्यूजीलैंड ने जीत हासिल की

**चेन्नई, वार्ता।** टिम साइफर्ट (65) और ग्लेन फिलिप्स (42 ) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने रविवार को टी-20 विश्वकप 2026 के चौथे मुकाबले में अफगानिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया। 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत बेहद खराब रही। मुजीब उर रहमान ने दूसरे ही ओवर में फिन ऐलन (एक) और रचिन रविंद्र (शून्य) को आउटकर न्यूजीलैंड को दो झटके दिए।

इसके बाद ग्लेन फिलिप्स ने टिम साइफर्ट के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 74 रनों की साझेदारी हुई। 10वें ओवर में राशिद खान ने ग्लेन फिलिप्स को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। ग्लेन फिलिप्स ने 25 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए (42) रनों की पारी खेली। 13वें ओवर में मोहम्मद नबी ने टिम साइफर्ट को आउटकर न्यूजीलैंड को चौथा झटका दिया। टिम साइफर्ट ने 42 गेदों में सात चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 65 रन बनाए। मार्क चैपमैन 17 गें. दों में 28 रन को 16वें ओवर में ओमरजई ने आउट किया। न्यूजीलैंड ने 17-5 ओवर में 183 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया। डैरिल मिचेल 14 गेंदों में (25) और कप्तान मिचेल सैंटनर आठ गेंदों में 17 रन बनाकर नाबाद रहे। अफगानिस्तान के लिए मुजीब उर रहमान ने दो विकेट लिए । अजमतउल्लाह ओमरजई, राशिद खान और मोहम्मद नबी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। रहमानउल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जदरान की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 35 रन जोड़े। छठें ओवर में लॉकी फर्ग्युसन ने पहली गेंद पर इब्राहिम जदरान (10) और छठी गेंद पर रहमानउल्लाह गुरबाज (27) का शिकार कर लिया। इसके बाद गुलबदीन नईब और सेदिद्दुल्लाह अटल की जोड़ी ने तीसरे विकेट के लिए 79 रन जोड़कर अफगानिस्तान के बड़े स्कोर की नींव रखी। 15वें ओवर में जेकब डफी ने सेदिकुल्लाह अटल (29) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। 18वें ओवर में रचिन रविद्र गुलबदीन नईब को आउटकर पवेलियन भेज दिया। गुलबदीन नईब ने 35 गेंदों में तीन चौके और चार छक्के उड़ाते हुए 63 रनों की पारी खेली। डरविश रसूली (20) और अजमतउल्लाह ओमरजई (10) रन बनाकर आउट हुए। अफगानिस्तान ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 182 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। न्यूजीलैंड के लिए लॉकी फर्ग्युसन ने दो विकेट लिए। मैट हेनरी, जेकब डफी और रचिन रविद्र ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# भारत ने आखिरी दिन जीते नौ स्वर्ण पदक

- बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल 2026 की अगुवाई कर रहे है लवलीना व अरुंधति



**ला नुसिया, वार्ता।** भारत ने आखिरी दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल 2026 को बहुत सफल तरीके से खत्म किया, जिसमें ओलंपिक मेडलिस्ट लवलीना बोरगोहेन और पूर्व यूथ वर्ल्ड चैंपियन अरुंधति चौधरी ने ला नुसिया, एलिकांटे में शानदार फिनिश करते हुए नौ गोल्ड मेडल जीते। एक खास उपलब्धि यह रही कि शनिवार को भारत ने सात एलीट विमेंस फाइनल में हिस्सा लिया - जिसमें 54किग्रा डिवीजन में एक ऑल-इंडियन टाइटल क्लैश भी शामिल था - और हर एक में गोल्ड मेडल जीता। ला नुसिया, एलिकांटे में हुए बॉक्सम एलीट 2026 में 20 देशों के 200 से ज्यादा बॉक्सर्स ने हिस्सा लिया, जिससे सीजन की शुरुआत में ही एक हाई-क्वालिटी इंटरनेशनल टेस्ट मिला। भारत नौ गोल्ड, तीन सिल्वर और सात ब्रॉन्ज मेडल के साथ कॉम्पिटिशन का सबसे सफल देश रहा। बीएफआई के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, बॉक्सम एलीट ने ठीक वैसा ही मौका दिया जैसा हम सीजन के इस स्टेज पर ढूंढ रहे थे, जिसमें मजबूत इंटरनेशनल मुकाबले, अलग-अलग वेट कैटेगरी में गहराई और हाई-प्रेशर वाले मुकाबले शामिल थे। स्पेन में परफॉर्मेंस, खासकर फाइनल में कन्वर्जन रेट, हमारे प्रोग्राम की प्रोग्रेस को दिखाता है। आने वाला साल मुश्किल होने के साथ, यह टूर्नामेंट हमारे बॉक्सर्स को आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार करने में एक अहम कदम रहा है। पूरे दल को शानदार कैंपेन के लिए बधाई। भारत की महिलाओं ने आखिरी दिन बेंचमार्क सेट किया। मंजू रानी (48किग्रा) और नीतू (51) ने स्पेन की मार्टा लोपेज और नोएलिया गुटिरेज पर एकमत से जबरदस्त जीत के साथ शुरुआत की, इससे पहले पूनम (54) ने कड़े मुकाबले वाले ऑल-इंडियन फाइनल में हमवतन प्रीति को हराया। प्रिया (60) और अरुंधति (70) ने यूक्रेनी विरोधियों पर 5-0 से शानदार जीत हासिल की, जबकि लवलीना (75) ने अपना खास कंट्रोल और संयम दिखाते हुए इंग्लैंड की मैरी-केट स्मिथ को 4-1 से हराया। नैना (80) ने यूक्रेन की रईसा पिस्कुन पर आसान जीत के साथ स्वीप पूरा किया। महिलाओं के प्रदर्शन पर बात करते हुए, भारतीय महिला टीम के हेड कोच सैंटियागो नीवा ने कहा कि यह महिलाओं का शानदार प्रदर्शन था।


# दिल्ली में भारतीय टीम से जुडेंगे सुंदरः सूर्या




- वाशिंगटन सुंदर साइड स्ट्रेन के कारण पिछले कुछ समय से टीम से बाहर थे

**मुम्बई, वार्ता।** भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा है कि वॉशिंगटन सुंदर 12 फरवरी को नामीबिया के खिलाफ होने वाले अगले टी-20 विश्व कप मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। वॉशिंगटन साइड स्ट्रेन के कारण पिछले कुछ समय से टीम से बाहर थे। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अभ्यास मैच भी नहीं खेला था। उन्होंने नेट्स में गेंदबाजी शुरू कर दी थी, लेकिन टीम प्रबंधन ने चार फरवरी को हुए अभ्यास मैच में उन्हें नहीं खिलाने का निर्णय किया। जसप्रीत बुमराह भी अभ्यास मैच और शनिवार को अमेरिका के खिलाफ हुए मैच में नहीं खेले। अमेरिका के खिलाफ उम्मीद से अधिक कड़े मैच के बाद सूर्यकुमार ने दोनों खिलाड़ियों पर बात की। उन्होंने कहा कि वॉशिगटन सुंदर हमारे साथ दिल्ली में जुड़ रहे हैं। वह ठीक हैं और सब कुछ सही है। मौजूदा हालात में वॉशिगटन, स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल के बैक-अप हैं। अक्षर पटेल ने अमेरिका के खिलाफ 162 रन के बचाव में 24 रन देकर दो विकेट लेकर अहम भूमिका निभाई थी। अक्षर और वरुण चक्रवर्ती के अलावा जब तक तीसरे स्पिनर की जरूरत न हो, फिट होने के बावजूद वॉशिंगटन एकादश से बाहर रह सकते हैं। फिट होने पर बुमराह टीम में वापस आएंगे। सूर्यकुमार ने कहा कि मौसम की वजह से उन्हें तेज बुखार था। जिसका असर मुंबई में पहले मैच से पहले अभिषेक शर्मा पर भी पड़ा था। बुमराह की गैरमौजूदगी में सिराज की वापसी हुई।

# मनीषा ने जागरेब ओपन में जीता स्वर्ण पदक



- एशियाई चैंपियन मनीषा भानवाला ने क्वालिफायर में स्वीडन की टिड्डा को 9-4 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की

**क्रोएशिया, वार्ता।** भारत की मनीषा भानवाला ने जागरेब ओपन 2026 कुश्ती टूर्नामेंट में महिलाओं की 57 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में स्वर्ण जीता, जबकि अंतिम पंघाल ने 53 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। एशियाई चैंपियन मनीषा भानवाला ने क्वालिफायर में स्वीडन की टिड्डा डेलमिर को 9-4 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की, जिसके बाद क्वार्टर-फाइनल में कजाकिस्तान की निलुफर रैमोवा के खिलाफ 14-4 से शानदार जीत दर्ज की। इसके बाद भारतीय पहलवान ने जर्मनी की एमोरी एंड्रिच को 11-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई, जहां उन्होंने शनिवार को जापान की पूर्व अंडर-23 विश्व चैंपियन हिमेका तो. कुहारा को 3-0 से हराकर जागरेब ओपन में भारत का दूसरा स्वर्ण पदक जीता। दो बार की विश्व कुश्ती चैंपियनशिप की कांस्य पदक और ओलंपियन अंतिम पंघाल ने भी 53किग्रा वर्ग में पोडियम फिनिश के साथ जागरेब में भारत की पदक संख्या में इजाफा किया। उन्होंने क्वार्टर में अमेरिका की केटी गोमेज को 11-0 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की, लेकिन सेमीफाइनल में एक और अमेरिकी पहलवान और आखिर में चैंपियन बनी एवरेस्ट लेडेकर से हार गईं। यह मुकाबला 2-2 से ड्रॉ रहा, लेकिन अंतिम क्राइटेरिया के आधार पर हार गईं। कांस्य पदक मुकाबले में, अंतिम पंघाल ने अपनी ही देश की अंजली कछवा को 10-0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की, जो क्वार्टर फाइनल में एवरेस्ट लेडेकर से हार गई थीं। इस बीच, दीक्षा मलिक ने भी 72किग्रा महिला फ्रीस्टाइल वर्ग में रजत जीता। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में क्रोएशिया की वेरोनिका विल्क को 4-0 से और सेमीफाइनल में क्रिस्टीना ब्रात्चिकोवा को 4-2 से हराया। फाइनल में, दीक्षा मलिक को तुर्की की पेरिस 2024 की कांस्य पदक विजेता बुसे तोसुन कैवुसोग्लू से 5-2 से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। प्रिया भी महिलाओं के 76 किग्रा वर्ग में कांस्य मुकाबले में पहुंचीं, लेकिन फांस की केंड्रा डाचर से 6-0 से हार गईं। ग्रीको-रोमन स्पर्धा में, भारत के अमन 77 किग्रा वर्ग में क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गए, जबकि रोहित 87 किग्रा वर्ग में क्वालिफायर से आगे नहीं बढ़ पाए।

# द स्टेट्समैन विटेज एंड क्लासिक कार रैली को दिखाई हरी झंडी



- इस अवसर पर कार प्रेमी अपनी-अपनी पुरानी शानदार गाड़ियों को लेकर रैली के लिए वहां मौजूद थे

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने रविवार को बहुप्रतीक्षित द स्टेट्समैन विटेज एंड क्लासिक कार रैली के 59वें आयोजन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली यहां बाराखंभा रोड पर स्टेट्समैन हाउस से शुरू हुई। इस अवसर पर कार प्रेमी अपनी-अपनी पुरानी शानदार गाड़ियों को लेकर रैली के लिए वहां मौजूद थे। द स्टेट्समैन विटेज एंड क्लासिक कार रैली एक वार्षिक समारोह है जिसका दिल्ली और कोलकाता में आयोजन होता है। यह भारत और उपमहाद्वीप में सबसे पुराने लगातार चलने वाली स्पर्धाओं में से एक है।

रैली की शुरुआत 1964 में दिल्ली में हुई थी । रैली में हिस्सा लेने वाली मशहूर विटेज और क्लासिक कारों में 1936 रोल्स रॉयस, 1926 स्टडबेकर एर्स्किन, 1906 रेनॉल्ट रेरेस, 1935 राइटक्राफ्ट, और 1938 मर्सिडीज, 1937 वोल्सेली, 1932 बेबी ऑस्टिन, 1938 एडलर, 1937 डॉज, 1929 ऑस्टिन 7 टूरर, 1919 सिट्रोएन टॉरपीडो, 1913 स्टोवर, 1912 स्टैंडर्ड कोवेंट्री और कई अन्य कारें शामिल हैं। रैली के 59वें आयोजन में 100 से अधिक गाड़ियां हिस्सा ले रही हैं।

इस स्पर्धा का मुख्य आकर्षण विटेज और क्लासिक कारों का जमावड़ा है, जिसे बाद में शहर में चलाया जाता है जहां कारों की मौलिकता और सड़क पर उनके प्रदर्शन का आकलन किया जाता है। एक शानदार परेड और लाइव संगीत होता है। रोल्स रॉयस, बेंटले, रेल म्यूजयिम की 1914 जॉन मॉरिस फायर इंजन, छोटी विटेज और क्लासिक कारें, और बाहर से आई कारें इस साल के कार्यक्रम की कुछ खास बातें होंगी। हिस्सा लेने वाली विटेज और क्लासिक कारें दोपहर एक बजे इंडिया गेट के पास मेजर ध्यान चंद नेशनल स्टेडियम पहुंचेंगी। पुरस्कार वितरण समारोह मेजर ध्यान चंद नेशनल स्टेडियम में दोपहर साढ़े तीन बजे होगा। गाड़ियों के मालिक हर साल इस रैली का बेसब्री से इंतजार करते हैं क्योंकि यह उन्हें पुराने जमाने की अपनी अच्छी तरह से मेंटेन की गई मशीनों को आज की सड़कों पर चलाने का एक अनोखा मौका देती है। यह रैली राष्ट्रीय राजधानी के लोगों को विटेज गाड़ियों के जरिये एक शानदार दौर की झलक देखने का मौका देती है। इन गाड़ियों को विटेज, क्लासिक, पोस्ट-वॉर और दूसरी कैटेगरी में बांटा गया है।

# शिखर धवन को दिल्ली खेल महाकुंभ का ब्रांड एंबेसडर बनाया



- टूर्नामेंट का आयोजन राजधानी के सभी 12 जिलों की 16 जगहों पर किया जाएगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली सरकार ने शुक्रवार से शुरु हो रहे पहले दिल्ली खेल महाकुंभ के लिए यूथ आइकन और अर्जुन अवॉर्डी, शिखर धवन को ब्रांड एंबेसडर बनाया है।

दिल्ली सरकार के शिक्षा और खेल निदेशालय का उद्देश्य इस मंच के जरिये राजधानी में जमीनी स्तर पर खेलों में भागीदारी को मजबूत करना और प्रतिभा की पहचान करना है। इस टूर्नामेंट का आयोजन राजधानी के सभी 12 जिलों की 16 जगहों पर किया जाएगा जिसमें हजारों युवा एथलीट बास्केटबॉल, फुटबॉल, एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, स्क्वैश और वॉलीबॉल में हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के शिक्षा और खेल मंत्री आशीष सूद ने कहा कि दिल्ली खेल महाकुंभ को प्रतिभा और खेलों के विकास के लिए एक बदलाव लाने वाले मंच के तौर पर देखा गया है।

ब्रांड एंबेसडर के तौर पर शिखर धवन का जुड़ना इस पहल को बहुत अधिक भरोसा और प्रेरणा देता है, और यह जमीनी स्तर पर विकास, बड़े पैमाने पर भागीदारी को बढ़ावा देने और भविष्य के स्पोर्ट्स टैलेंट की पहचान करने के हमारे मकसद के साथ पूरी तरह से जुड़ता है। शिखर धवन ने कहा कि मैं बहुत आभारी हूं और इस सम्मान के लिए दिल्ली सरकार और शिक्षा एवं खेल निद. शालय को धन्यवाद देना चाहता हूं। दिल्ली खेल महाकुंभ इस क्षेत्र में खेल के विकास की दिशा में एक सराहनीय कदम है, जो टैलेंट से भरा हुआ है और सही मौके और प्रदर्शन की तलाश में है। एक प्रोफेशनल एथलीट के तौर पर, मैं अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच मिलने की अहमियत समझता हूं और अपने वेंचर दा वन स्पोर्ट्स के जरिये, मैं युवाओं के लिए अपने सपने पूरे करने का रास्ता और इकोसिस्टम बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध रहा हूं। भारतीय खेलों में दिल्ली की एक समृद्ध विरासत है और मुझे उम्मीद है कि इस एसोसिएशन के जरिये मैं उभरते हुए टैलेंट को स्वयं पर विश्वास करने और भाग लेने के लिए प्रेरित कर पाऊंगा।

# रातों-रात भारत के विश्व कप स्टार बने सिराज

- अमेरिका टीम पर भारत की मुश्किल जीत के एक अनालाइकली स्टार के तौर पर उभरे




**मुंबई, वार्ता।** तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने जर्मनी में एक लंबी छुट्टी और रियल मैड्रिड का मैच देखने के लिए स्पेन जाने का प्लान बनाया था। उन्होंने हैदराबाद में अपने दोस्तों को इस प्लान के बारे में बताया और जब इंडियन टीम के ट्रेनर एड्रियन ले रॉक्स का कॉल आया, तो उन्होंने डिस्टर्ब न करने की रिक्वेस्ट की। मुंबई शुक्रवार रात तक उनके आईपीएल से पहले के प्लान में नहीं था। चौबीस घंटे बाद, वह अमेरिकी टीम पर भारत की मुश्किल जीत के एक अनलाइकली स्टार के तौर पर उभरे। फिर अचानक, सूर्या भाई (कप्तान सूर्यकुमार यादव) ने मुझे कॉल किया। उन्होंने कहा, 'तैयार हो जाओ, अपना बैग पैक करो, और आओ।' मैंने कहा, 'सूर्या भाई, मजाक मत करो, क्योंकि ऐसा नहीं होने वाला है। उन्होंने कहा, 'मैं तुम्हें सच बता रहा हूं - तैयार हो जाओ।' जैसे ही उन्होंने फोन रखा, मुझे नेशनल सिलेक्टर (प्रज्ञान) ओझा का कॉल आया। तो अचानक, मुझे शॉकिंग न्यूज मिली। मोहम्मद सिराज के पास अपना बैग पैक करने और मुंबई के लिए फ्लाइट पकड़ने के लिए बहुत कम समय था, जहां वह चोटिल हर्षित राणा की जगह भारतीय टीम में शामिल हुए। भगवान ने जो लिखा है उसे कोई नहीं बदल सकता। मैं आया, मैच खेला - सब कुछ लिखा था। भगवान महान हैं। इससे आगे कोई कुछ नहीं कर सकता। लेकिन सिराज ने कल रात जो किया, शायद बहुत कम खिलाड़ी कर सकते हैं। सीधे प्लेइंग ग्ग में चुने जाने के बाद, उन्होंने नई गेंद से सबसे अच्छे स्पेल में से एक डाला, जिससे टीम को कुछ अहम सफलताएं मिलीं - खासकर तब जब भारत 161 के मामूली टोटल का बचाव कर रहा था। अमे. रिका का स्कोर 11 रन पर दो विकेट और फिर 13 रन पर तीन विकेट था, और मैच असल में पहले चार भारतीय ओवरों में ही जीता और हारा गया। सिराज ने 29 रन देकर तीन विकेट लिए, और मैच की आखिरी गेंद पर एक विकेट और जोड़ा, जो उन्होंने पावरप्ले में लिए थे। सिराज ने 18 महीनों से कोई टी20 नहीं खेला था, उनका आखिरी मैच जुलाई 2024 में श्रीलंका में था। उन्होंने खुद को इस बात से समझौता कर लिया था कि वह वर्ल्ड कप कैंपेन का हिस्सा नहीं होंगे और उन्होंने इंडियन टीम के ट्रेनर से कहा था कि उन्हें एक ब्रेक की जरूरत है, क्योंकि उन्होंने अभी-अभी कुछ रणजी मैच खत्म किए थे जिनमें उन्होंने हैदराबाद टीम की कप्तानी की थी। बाद में, उन्होंने कहा, ष्भगवान ने मेरी किस्मत बदल दी। सिराज की वापसी परियों की कहानियों जैसी है, वैसी ही खेल की सफलता की कहानियां बनती हैं। उन्हें न सिर्फ कम समय में टीम में शामिल होना पड़ा, बल्कि तैयारी के लिए बहुत कम समय में मैच भी खेलना पड़ा, क्योंकि लीड करने वाले जसप्रीत बुम. राह ठीक नहीं थे। सिराज खास तौर पर तब चमकने के लिए जाने जाते हैं जब वे बुमराह की छाया में नहीं होते, और उन्होंने टी20 में वापसी करते हुए अपने पहले दो ओवरों में विकेट लेकर अपनी इस पहचान को बनाए रखा। 18 महीने का ब्रेक कोई रुकावट नहीं था क्योंकि सिराज ने तुरंत लय पकड़ ली।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## लापता लोगों की संख्या

सभी जानते हैं कि एक बड़ी आबादी रोजगार व अन्य कार्यों के लिए दिल्ली आती-जाती रहती है। राष्ट्रीय राजधानी में इस वर्ष जनवरी माह के दौरान ही देश की 800 लोग लापता पाए गए, जिसमें महिला, बच्चे व अन्य वयस्क भी शामिल हैं। जैसा कि स्वाभाविक था दिल्ली में लापता लोगों का आंकड़ा सामने आने के बाद आम लोगों में चिंता व्याप्त हो गई। प्रशासनिक स्तर पर भी इस समस्या की ओर अधिकारियों का ध्यान गया। बेलगाम सोशल मीडिया पर, तो इन आंकड़ों पर अपनी-अपनी सुविधा और राजनीतिक हितों के मद्देनजर व्याख्या और बयानबाजी सामने आने लगी। पब्लिक फोरम पर कहा जाने लगा कि यह दिल्ली की कानून व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह है। इन आंकड़ों के सामने आने के बाद घर से निकलने के बाद सुरक्षा इंतजामों को लेकर तमाम तरह की सलाहें दी जाने लगीं। कुछ लोग देश के सिस्टम पर सवाल खड़े करने लगे। कुछ लोगों में भय से जुड़ी प्रतिक्रिया भी सामने आई। लेकिन इस बाबत दिल्ली पुलिस द्वारा जारी आंकड़े भी अधिक चिंता बढ़ाने वाले नजर आए। प्रथम दृष्टया यह खबर परेशान करने वाली है, लेकिन पड़ताल में पाया गया कि यह स्थिति पिछले कुछ सालों के आंकड़ों के ही अनुरूप है, अगर हम पिछले कुछ सालों के आंकड़ों पर नजर डालें , तो यह स्थिति की पुनरावृत्ति ही है। लेकिन यदि बीते कुछ सालों में लापता होने वाले लोगों की संख्या पर नजर डालें तो कहा जाता है कि इस साल जनवरी में सामने आई लापता लोगों की संख्या ज्यादा नहीं है। इस बाबत दिल्ली पुलिस का कहना है कि जनवरी 26 में कुल 1,777 लोगों के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। प्रथम दृष्टया यह संख्या भले ही बढ़ी लगे, लेकिन जब पिछले दो सालों के आंकड़ों से इसकी तुलना की जाती है तो नई तस्वीर उभरती है। दरअसल, इन आंकड़ों की तह में जाएं तो दिल्ली का विशाल इलाका व सघन जनसंख्या घनत्व भी इसके मूल में है। दिल्ली पुलिस के आंकड़ों के अनुसार साल 2024 में करीब 24,893 लोग लापता हुए थे। यानी एक माह में औसतन 2,074 लोग। वहीं साल 2025 में ये संख्या 24,508 लोग लापता हुए। अर्थातद्द हर माह 2,042 लोग गुम हुए। इस दृष्टि से जनवरी, 26 का आंकड़ा इस संख्या से कम है। सवाल है कि 2026 के पहले माह के आंकड़ों को लेकर भय क्यों व्याप्त हुआ? दरअसल, पहले पंद्रह दिनों के आंकड़ों के हिसाब से दिल्ली में हर रोज 54 लोग लापता हो रहे थे। इन आंकड़ों के सामने आने के बाद लोगों ने इसके मूल में किसी संकट को देखा। दिल्ली पुलिस के अनुसार ये आंकड़े स्थायी गुमशुदगी के नहीं होते। कुछ लोग अल्पकाल के लिए कहीं चले जाते हैं और देर रात तक घर भी लौट आते हैं। पुलिस का यह भी कहना है कि राष्ट्रीय राजधानी में आनॅलाइन और एप आधारित सिस्टम के जरिये लोग जल्दबाजी में अपने परिजनों के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज करा देते हैं। मसलन यदि कोई बच्चा किसी कारणवश स्कूल से लौटने में देर कर दे, कोई व्यक्ति कुछ घंटों तक फोन संपर्क से कट जाए या कोई बुजुर्ग भटकने पर देर से घर पहुंचे तो लोग गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा देते हैं। ये कथित गुमशुदा लोग कुछ समय बाद घर तो लौट आते हैं, लेकिन लोग पुलिस डेटा को अपडेट नहीं करते। फलस्वरूप पुलिस आंकड़ों में उनकी गुमशुदगी बनी रहती है। पुलिस का दावा है कि लापता लोगों को खोजने की दर में लगातार सुधार हो रहा है। साल 2016 में जो 23,409 लोग लापता हुए थे, उनमें से करीब 85 फीसदी नौ साल के भीतर मिल गए। साल 2025 में दर्ज मामलों में 63 फीसदी लोगों को भी एक साल के भीतर तलाश लिया गया।

## ट्रेड डील लेबर ऑफ लव



भारत-अमेरिका व्यापार समझौते ट्रेड डील एक लेबर ऑफ लव है, इसमें किसानों के हितों की पूरी तरह रक्षा की गई है और किसी भी संवेदनशील कृषि उत्पाद पर कोई रियायत नहीं दी गई है, भारत के किसानों और उत्पादकों के हितों का 100 प्रतिशत ध्यान रखा गया है, भारत ने मांस, पोल्ट्री, जीएम फूड्स या उनके उत्पादों पर कोई रियायत नहीं दी है, इसके अलावा सोया मील, मक्का, चावल, गेहूं जैसे अनाज और ज्वार, बाजरा, रागी जैसी फसलों पर भी कोई छूट नहीं दी गई है, भारत में पैदा होने वाले फल जैसे केला, स्ट्राबेरी, चेरी, खट्टे फल, हरी मटर, काबुली चना, मूंग जैसी दालें, तिलहन, मूंगफली और शहद जैसे उत्पादों पर भी कोई समझौता नहीं किया गया है, ये सभी उत्पाद भारत के लिए संवे. दनशील हैं और इनके मामले में नरमी नहीं बरती गई है।

**-पीयूष गोयल, केंद्रीय वाणिज्य मंत्री**

# मिर्गी: बीमारी नहीं, सोच बनती है सबसे बड़ी चुनौती





**योगेश कुमार गोयल**

हर वर्ष फरवरी के दूसरे सोमवार को 'अंतर्राष्ट्रीय मिर्गी दिवस' मनाया जाता है, जो इस वर्ष 9 फरवरी को वैश्विक स्तर पर मनाया जाएगा। यह केवल एक स्वास्थ्य-दिवस नहीं बल्कि उस मानवीय संघर्ष की सामूहिक अभिव्यक्ति है, जिसे दुनियाभर में करोड़ों लोग प्रतिदिन जीते हैं। मिर्गी एक ऐसी चिकित्सीय स्थिति है, जो शरीर से अधिक समाज के व्यवहार से पीड़ित करती है। इसी गहरे यथार्थ को सामने लाने के लिए यह दिवस स्थापित किया गया ताकि मिर्गी के प्रति फैली भ्रांतियों, भय और कलंक को तोड़ा जा सके और इसे एक सामान्य न्यूरोलॉजिकल स्थिति के रूप में स्वीकार किया जा सके। इस दिवस का आयोजन इंटरनेशनल ब्यूरो फॉर एपिलेप्सी और इंटरनेशनल लीग अगेंस्ट एपिलेप्सी के संयुक्त प्रयासों से वर्ष 2015 में प्रारंभ हुआ था। तब से यह दिन न केवल जागरूकता का प्रतीक बना बल्कि नीति-निर्माताओं, स्वास्थ्य विशेषज्ञों और समाज को एक साझा मंच पर लाने का माध्यम भी बन गया है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय मिर्गी दिवस की थीम 'मिर्गी प्रतिज्ञा Epilepsy Pledge रखी गई है। यह विषय केवल सहानुभूति तक सीमित नहीं है बल्कि ठोस प्रतिबद्धता की मांग करता है। यह हमें आमंत्रित करता है कि हम मिर्गी को समझने, स्वीकार करने और उसके साथ जी रहे लोगों के लिए सुरक्षित, समावेशी और सम्मानजनक वातावरण बनाने की व्यक्तिगत और सामूहिक प्रतिज्ञा लें। यह थीम इस विचार को केंद्र में रखती है कि वास्तविक परिवर्तन केवल जागरूकता अभियानों से नहीं बल्कि व्यवहार, नीति और सामाजिक .ष्टिकोण में बदलाव से आता है। जब एक शिक्षक कक्षा में मिर्गी से पीड़ित बच्चे को समान अवसर देता है, जब एक नियोक्ता योग्यता के आधार पर निर्णय करता है और जब एक नागरिक दौरे के समय घबराने के बजाय सही प्राथमिक उपचार देता है, तभी मिर्गी प्रतिज्ञा साकार होती है। मिर्गी एक दीर्घकालिक मस्तिष्क संबंधी विकार है, जिसमें व्यक्ति को बार-बार दौरे पड़ते हैं। ये दौरे मस्तिष्क में अचानक उत्पन्न होने वाली अनियंत्रित विद्युत गतिविधि के कारण होते हैं। सामान्य अवस्था में मस्तिष्क की कोशिकाएं संतुलित और क्रमबद्ध विद्युत संकेतों के माध्यम से शरीर के सभी कार्यों का संचालन करती हैं लेकिन मिर्गी के दौरे के दौरान यही प्रणाली अस्थाई रूप से बाधित हो जाती है। इसका प्रभाव हर व्यक्ति में अलग-अलग रूप में दिखाई दे सकता है, किसी में हल्का कुछ सैकेंड का शून्य भाव तो किसी में पूरे शरीर में तीव्र झटके और बेहोशी। यह स्थिति किसी भी उम्र में हो सकती है और यह न तो संक्रामक है, न ही किसी पाप, अभिशाप या मान. सिक कमजोरी का परिणाम। इसके बावजूद, मिर्गी के साथ जीने की सबसे बड़ी चुनौती चिकित्सा नहीं, सामाजिक व्यवहार है। भय, अज्ञानता और मिथकों के कारण मिर्गी से पीड़ित व्यक्ति को अक्सर अलग-थलग कर दिया जाता है। समाज में यह गलत धारणा आज भी मौजूद है कि मिर्गी व्यक्ति की बौद्धिक क्षमता, कार्यक्षमता या विश्वसनीयता को कम कर देती है। इसी सोच का परिणाम है कि बच्चों को स्कूल में उपेक्षा झेलनी पड़ती है, युवाओं को नौकरी में अवसर नहीं मिलते और व्यस्कों को विवाह व सामाजिक स्वीकृति में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कई बार यह कलंक स्वयं दौरे से अधिक पीड़ा का कारण बन जाता है क्योंकि यह व्यक्ति के आत्मसम्मान, मानसिक स्वास्थ्य और जीवन की संभावनाओं को सीमित कर देता है। अंतर्राष्ट्रीय मिर्गी दिवस इसी सामाजिक कलंक को तोड़ने का एक वैश्विक प्रयास है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि मिर्गी का सही इलाज संभव है और लगभग 70 प्रतिशत मामलों में उचित दवाओं से दौरे नियंत्रित किए जा सकते हैं। फिर भी, विश्व स्तर पर एक बड़ा उपचार अंतर मौजूद है, विशेषकर विकासशील देशों में, जहां मिर्गी से पीड़ित लगभग 80 प्रतिशत लोग रहते हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी, दवाओं की अनुपलब्धता और आर्थिक बाधाएं इस अंतर को और गहरा कर देती हैं। यह दिवस सरकारों और स्वास्थ्य प्रणालियों पर यह नैतिक दबाव बनाता है कि वे मिर्गी को सार्वजनिक स्वास्थ्य प्राथमिकता के रूप में देखें। भारत जैसे देश में, जहां एक करोड़ से अधिक लोग मिर्गी से पीड़ित हैं, यह दिवस विशेष महत्व रखता है। यहां ग्रामीण क्षेत्रों में मिर्गी की दर शहरी क्षेत्रों की तुलना में अधिक है और जागरूकता का स्तर अपेक्षाकृत कम। कई स्थानों पर आज भी झाड़-फूंक, अंधविश्वास और सामा. जिक बहिष्कार जैसी प्रथाएं देखने को मिलती हैं, जो रोगी को समय पर चिकित्सा सहायता से वंचित कर देती हैं। अंतर्राष्ट्रीय मिर्गी दिवस ऐसे समाजों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और करुणा आधारित सोच को स्थापित करने का अवसर प्रदान करता है। मिर्गी के विभिन्न प्रकार होते हैं, जो इस बात पर निर्भर करते हैं कि दौरे मस्तिष्क के किस हिस्से से और कैसे शुरू होते हैं।

कुछ मामलों में व्यक्ति पूरी तरह सचेत रहता है और केवल आंशिक लक्षण अनुभव करता है जबकि अन्य मामलों में पूरे मस्तिष्क के प्रभावित होने से बेहोशी और तीव्र झटके होते हैं। कई बार दौरे का आरंभिक स्रोत स्पष्ट नहीं हो पाता, जिससे निदान जटिल हो जाता है। इसके बावजूद, आधु. निक चिकित्सा विज्ञान ने दवाओं, शल्य-चिकित्सा, न्यूरोस्टिमुलेशन उपकरणों और विशेष आहार जैसे विकल्पों के माध्यम से उपचार की संभावनाओं को काफी विस्तृत किया है। मिर्गी का उपचार केवल दवा तक सीमित नहीं है बल्कि जीवनशैली प्रबंधन भी उतना ही महत्वपूर्ण है। पर्याप्त नींद, तनाव नियंत्रण, ट्रिगर कारकों से बचाव और नियमित चिकित्सकीय परामर्श से व्यक्ति अपने जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार कर सकता है किंतु यह सब तभी संभव है, जब समाज सहयोगी हो, न कि निर्णयात्मक। जब परिवार, विद्यालय, कार्यस्थल और समुदाय मिलकर एक सुरक्षित वातावरण बनाते हैं, तभी उपचार वास्तव में प्रभावी होता है। कलंक का सबसे गहरा प्रभाव मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। निरंतर भेदभाव और गलतफहमियों के बीच जीने से व्यक्ति में चिंता, अवसाद और आत्मग्लानि की भावना पनप सकती है। कई लोग अपनी स्थिति को छुपाने का प्रयास करते हैं, जिससे समय पर उपचार नहीं मिल पाता और जोखिम बढ़ जाता है। यह एक दुष्चक्र है, जिसे तोड़ने के लिए सामाजिक स्वीकृति अनिवार्य है। मिर्गी प्रतिज्ञा का सार यही है कि हम केवल सहानुभूति न दिखाएं बल्कि व्यवहार में बदलाव लाएं। प्राथमिक उपचार सीखना, समावेशी भाषा का प्रयोग करना, भेदभाव के विरुद्ध आवाज उठाना, यह सभी छोटे कदम बड़े परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करते हैं। जब हम मिर्गी रोगी के बजाय 'मिर्गी से पीड़ित व्यक्ति' कहते हैं तो हम अनजाने में ही उस व्यक्ति की गरिमा को केंद्र में रखते हैं। स्वास्थ्य केवल शरीर की स्थिति नहीं बल्कि सामाजिक वातावरण का प्रतिबिंब है। एक ऐसा समाज, जो ज्ञान, करुणा और समानता पर आधारित हो, वही किसी भी चिकित्सीय स्थिति से जूझ रहे लोगों को वास्तविक सशक्तिकरण दे सकता है। मिर्गी के संदर्भ में यह और भी आवश्यक है क्योंकि यहां अज्ञानता के कारण होने वाला नुकसान चिकित्सा सीमाओं से कहीं अधिक है। मिर्गी दिवस हम सभी के लिए आत्ममंथन का अवसर है। क्या हम डर से दूर रहेंगे या समझ के साथ आगे बढ़ेंगे? क्या हम चुप रहेंगे या अन्याय के विरुद्ध बोलेंगे? इस दिवस का वास्तविक उद्देश्य तभी पूर्ण होगा, जब मिर्गी से पीड़ित व्यक्ति को समाज में दया का नहीं, समानता का स्थान मिलेगा। यही इस दिवस की आत्मा है, यही इसका संदेश है और यही एक अधिक मानवीय, समावेशी और जागरूक विश्व की दिशा में हमारा सामूहिक संकल्प होना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अधिक परागकण प्राप्त करने का अनोखा तरीका

**वैज्ञानिक यह तो दर्शा चुके हैं कि कोई मधुमक्खी जितने अधिक कंपन पैदा करती है, उतने ही अधिक परागकण उसे हासिल होते हैं। लेकिन यह एक रहस्य था कि बंबलबी कंपन पैदा करने में इतनी कुशल कैसे होती है। इसे समझने के लिए उपसला विश्वविद्यालय के चार्ली वुडरो ने बंबलबी के व्यवहार को बारीकी से देखा। अधिकांश शोधकर्ता मानते आए थे कि मधुमक्खियां गुनगुनाते समय खुद को स्थिरता प्रदान करने के लिए कभी-कभार फूलों को काटती हैं। लेकिन इसी व्यवहार के हाई स्पीड वीडियो में नजर आया कि ए कीट तो अपने सिर और वक्ष को तेजी से हिलाते रहते हैं।**

करंट बायोलॉजी में प्रकाशित एक अध्ययन में पता चला है कि बंबलबी जिन फूलों का परागण करती है, उन पर ज्यादा माथा पटकती है। परिणाम यह होता है कि परागकोशों में भरे परागकण ज्यादा मात्रा में बाहर निकलते हैं। यह सही है कि कई फूलों में परागकोशों में परागकण बाहर ही होते हैं और यहां सिर पटकने की जरूरत नहीं होती। लेकिन कई फूलों में परागकण कोश के अंदर होते हैं। ऐसे फूलों के मामले में परागण की क्रिया बहुत आसान नहीं होती। यहां गुंजन परागण काम आता है। गुंजन परागण का मतलब होता है कि बंबलबी ध्वनि कंपन पैदा करती है ताकि उस फूल में कंपन हो और परागकोश के अंदर भरे परागकण बाहर आ जाएं। एक अनुमान के मुताबिक लगभग 9 प्रतिशत पौधे इसी तरह के परागण के भरोसे हैं और इनमें आलू, टमाटर व मटर जैसे कई फसली पौधे भी शामिल हैं। वैसे कीटों के लिए गुंजन-परागित फूलों के परागकणों को बटोरना आसान नहीं होता। क्योंकि ऐसे फूलों में परागकण नलीनुमा परागकोशों में भरे होते हैं और इनमें एक बारीक सा सुराख होता है, लेकिन कुछ मधुमक्खियां (बंबलबी सहित) ऐसे फूलों पर बैठ जाती हैं और अपने पंखों को जमकर फड़फड़ाती हैं। यानी वे गुंजन करती हैं और इसके कंपन परागकोश को कंपायमान कर देते हैं। ऐसा होने पर परागकण बाहर छलकने लगते हैं। वैज्ञानिक यह तो दर्शा चुके हैं कि कोई मधुमक्खी जितने अधिक कंपन पैदा करती है, उतने ही अधिक परागकण उसे हासिल होते हैं। लेकिन यह एक रहस्य था कि बंबलबी कंपन पैदा करने में इतनी कुशल कैसे होती है। इसे समझने के लिए उपसला विश्वविद्यालय के चार्ली वुडरो ने बंबलबी के व्यवहार को बारीकी से देखा। अधिकांश शोधकर्ता मानते आए थे कि मधुमक्खियां गुनगुनाते समय खुद को स्थिरता प्रदान करने के लिए कभी-कभार फूलों को काटती हैं। लेकिन इसी व्यवहार के हाई स्पीड वीडियो में नजर आया कि ए कीट तो अपने सिर और वक्ष को तेजी से हिलाते रहते हैं। तो, वुडरो और उनके साथियों ने एक बंबलबी (Bombus terrestris) का वीडियो बनाया। उन्होंने खास तौर से उस समय के वीडियो रिकॉर्ड किए जब वे दो तरह के गुंजन-परागित फूलों के परागकोशों पर पहुंचीं। इस तरह की वीडियोग्राफी में शोधकर्ता यह भी मापन कर पाए कि बंबलबी के कंपनों के जवाब में फूलों में कितने कंपन हुए। पता चला कि जब गुनगुनाती बंबलबी परागकोश को काटती हैं तो तीन गुना अधिक कंपन फूलों तक पहुंचते हैं। यह भी देखा गया कि काटने वाली बंबलबी ने परागकोश से ज्यादा परागकण छलकाए। अलबत्ता, इन अवलोकनों ने कई नए सवालों को भी जन्म दिया है। जैसे बंबलबी फूलों पर पहुंचकर लगातार परागकोशों को काटती नहीं रहती हैं। यह पता करना रोचक होगा कि वे कब ऐसा करती हैं। दूसरा अवलोकन यह था कि जब वे काटती हैं तो उनका सिर सिर चकरा देने की हद तक कंपन करता है। यह जानना दिलचस्प होगा कि वे ऐसा कैसे कर पाती हैं। यह देखना भी महत्वपूर्ण होगा कि क्या बंबलबी के व्यवहार का फूल के प्रकार से भी कुछ सम्बंध है।



**-स्रोत फीचर्स**

# रिसर्च: क्या बिल्लियों को अपने कद का अंदाजा होता है!



बिल्लियां इतनी लचीली होती हैं कि लोगों ने उन्हें पानी की उपमा दे डाली है जो कितनी भी कम जगह से बाहर निकल जाता है, किसी भी आकार में ढल जाता है। बिल्लियों के ऐसे करतब कभी न कभी आपने भी देखे होंगे, लेकिन क्या बिल्लियां खुद को लचीला मानती हैं? क्या वे किसी छोटे छेद या संकरी संद में से गुजरने के पहले अपने शरीर के आकार को ध्यान में रखकर यह सोचती हैं कि वे इसमें से निकल पाएंगी या नहीं? कुल मिलाकर सवाल है कि क्या बिल्लियों को अपने डील-डौल के बारे में बोध होता है? ओटवोस लोरैंड विश्वविद्यालय के पीटर पोंग्रेज, जिन्होंने कुत्तों और बिल्लियों की समझ-बूझ पर काफी शोध किए हैं, ने इस बार बिल्लियों पर अध्ययन के लिए यही सवाल चुना। अध्ययन के लिए उन्होंने 30 पालतू बिल्लियां चुनी। बिल्लियों के साथ प्रयोगशाला में अध्ययन करना बहुत मुश्किल होता है, इसलिए अध्ययन उन्होंने सभी बिल्लियों के घर जा-जाकर किए। अध्ययन के लिए उन्होंने कमरे में एक ऐसा लकड़ी के पैनल का पार्टीशन लगाया जिसमें एक आयताकार छेद बना हुआ था, और इस आयताकार छेद को (लंबाई और चौड़ाई में) छोटा-बड़ा किया जा सकता था। इस छेद के अलावा, कमरों की सारी ऐसी जगहों को ठीक से बंद कर दिया गया था, जहां से बिल्लियों के निकलने की संभावना हो सकती थी। पार्टीशन के एक तरफ बिल्ली को रखा जाता था और दूसरी तरफ बैठे उनके मालिक उन्हें पुकारते थे। इस पुकार प्रक्रिया में, जब पैनल में छेद बड़ा था। इतना बड़ा कि छेद की ऊंचाई और चौड़ाई बिल्लियों की ऊंचाई (पंजे से लेकर कान के ऊपरी छोर तक) और चौड़ाई (छाती की) से अधिक थी, तो बिल्लियां बेहिचक फर्राटे से उसमें से निकल रही थीं। फिर छेद की चौड़ाई को उतना (आरामदायक) ही रखा, लेकिन ऊंचाई थोड़ी-थोड़ी कम की गई और दूसरी ओर से बिल्लियों के मालिक उन्हें पुकारते रहे। अब बिल्लियां थोड़ा हिचकिचाने लगीं, शायद उन्हें लग रहा था कि उनका कद इस छेद से बहुत अधिक है। लेकिन हिचकिचाहट के बाद भी वे इस छेद से निकलने की कोशिश करती रहींय तब भी जब छेद उनके कद का आधा था। इससे लगता है कि बिल्लियों को अपने शरीर के साइज (ऊंचाई) के बारे में कुछ तो अंदाजा है, लेकिन चौड़ाई के मामले में नतीजे अलग रहे। शोधकर्ताओं ने ऊंचाई को आरामदायक स्थिति में स्थिर रखकर चौड़ाई को थोड़ा-थोड़ा कम किया। छेद चाहे कितना भी संकरा क्यों न हो गया हो . यहां तक कि बिल्लियों की चौड़ाई का आधा भी, बिल्लियां छेद से निकलने से पहले कभी नहीं हिचकिचाई। छेद से निकलने में उनकी गति जरा भी धीमी नहीं हुई। इससे लगता है कि बिल्लियां अपनी चौड़ाई का अंदाजा नहीं लगा पातींय वे तो बस अपने लचीले शरीर का फायदा उठाती हैं, कोशिश करती रहती हैं और संकरी से संकरी जगह से निकल लेती हैं। ऐसा शायद इसलिए है क्योंकि बिल्लियां अधिक लचीली होती हैं, इसलिए उन्हें केवल कुछ ही मामलों में अपने शरीर के आकार का ध्यान रखना होता होगा, लेकिन वास्तव में बिल्लियां अपने शरीर की साइज के बारे में क्या सोचती हैं यह अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाया है। फिलहाल जितना भी पता चला है, उस जानकारी का इस्तेमाल बिल्लियों के मालिक उनके लिए घर, खेल के मैदान वगैरह को सुरक्षित रखने में कर सकते हैं, ताकि बिल्लियां किसी छोटी-संकरी जगह में न फंस जाएं। ए नतीजे आईसाइंस में प्रकाशित हुए हैं। **-स्रोत फीचर्स**

## टापुओं के चूहों के विरुद्ध वैश्विक जंग

वर्ष 1959 में, एक छोटे समुद्री पक्षी व्हाइट-फेस्ड स्टॉर्म पेट्रेल को बचाने के एक प्रयास में न्यूजीलैंड के मारिया द्वीप से चूहों का सफाया किया गया था। यह अनुभव कई टापुओं पर घुसपैठी चूहों को खत्म करने के एक वैश्विक अभियान की प्रेरणा बना। एक गैर-सरकारी संस्थान आइलैंड कंजर्वेशन के अनुसार, पिछले पचास वर्षों में 666 द्वीपों से चूहों को खत्म करने के लिए 820 प्रयास किए गए हैं और सफलता लगभग 88 प्रतिशत रही है। गौरतलब है कि चूहे आम शहरी जीव हैं, लेकिन टापुओं पर यह काफी विनाशकारी हो जाते हैं। वास्तव में टापू जैसे अलग-थलग पारिस्थितिकी तंत्र जोखिमग्रस्त प्रजातियों के घर हैं और चूहे इन टापुओं पर रहने वाले पक्षियों, स्तनपाइयों, उभयचरों और सरीसृपों की लगभग 75 प्रतिशत विलुप्ति के लिए जिम्मेदार हैं।

चूहों की तीन सबसे आम प्रजातियां, काला चूहा, ब्राउन या नॉर्वे चूहा और प्रशांत चूहा इस उन्मूलन का लक्ष्य हैं। यह कृंतक, अक्सर जहाजों पर सवार होकर टापुओं पर पहुंच जाते हैं और तेजी से संख्यावृद्धि करते हैं। एक मादा चूहा एक साल में सैकड़ों-हजारों संतानों को जन्म दे सकती है। गैलापागोस से लेकर अंटार्कटिका के दक्षिण जॉर्जिया द्वीप तक उन्मूलन अभियान सफल रहे हैं। दक्षिण जॉर्जिया के टापुओं को चूहों से मुक्त करने के लिए 10 साल तक 135 करोड़ डॉलर का अभियान चला। इसमें हेलीकॉप्टर की मदद से 3000 टन जहरीला चारा फैलाया गया। चूहों को खत्म करना चुनौतीपूर्ण कार्य है। उष्ण कटिबंधीय द्वीपों पर चूहे साल भर प्रजनन करते हैं और उन्हें प्रचुर मात्रा में भोजन उपलब्ध होता है। ऐसे में बार-बार प्रयास करने की आवश्यकता होती है। उदाहरण के लिए, गैलापागोस के उत्तरी सीमोर द्वीप पर प्रारंभिक अभियान के बाद चूहों की आबादी में फिर से इजाफा दिखा था, जिसके बाद उन्मूलन प्रयास फिर से शुरू करना पड़ा। आसपास चूहों की आबादी होने से या मानव निवास वाले द्वीपों पर पुनरू घुसपैठ की संभावना अधिक होती है। उन्मूलन प्रयासों का पैमाना बढ़ रहा है। 2019 तक उन्मूलन के लिए लक्षित द्वीपों का औसत क्षेत्रफल 1700 हैक्टर था, लेकिन टोंगा स्थित लेट आइलैंड (11,600 हैक्टर) और गैलापागोस में फ्लोरियाना द्वीप (17,900 हैक्टर) जैसे बड़े द्वीप नए केंद्र बन गए हैं। फिलहाल, सबसे बड़ा द्वीप उन्मूलन प्रयास दक्षिण जॉर्जिया द्वीप (1,00,000 हैक्टर) पर हुआ है। हाल ही में, न्यूजीलैंड ने एक योजना शुरू की है जिसका उद्देश्य 2050 तक पूरे देश को चूहों, फेरेट्स और पोसम जैसी प्रजातियों से छुटकारा दिलाना है।

**-स्रोत फीचर्स**


# यौन अपराधी एपस्टीन के बेबी रैंच का खुलासा

## यौन अपराधी और अरबपति वित्तीय उद्यमी ने बनाई थी अपने डीएनए से सुपर रेस मानव बनाने की योजना

**वाशिंगटन।** यौन अपराधी और अरबपति वित्तीय उद्यमी जेफ्री एपस्टीन हमेशा विवाद और अपराध के कारण सुर्खियों में रहा। 2019 में न्यूयॉर्क की जेल में उनकी मौत से पहले, एपस्टीन ने कथित तौर पर एक चौंकाने वाली योजना बनाई थी। उनका लक्ष्य था अपने डीएनए के जरिए 'सुपर रेस' के मानव तैयार करना।

एपस्टीन ने न्यू मेक्सिको में अपने विशाल रैंच, जिसे जीरो रैंच कहा जाता है, का इस्तेमाल महिलाओं को गर्भवती करने और अपनी संतान उत्पन्न करने के लिए करने का इरादा जताया। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने कई वर्षों तक वैज्ञानिकों और व्यापारिक सलाहकारों को यह योजना साझा की। कुछ लोगों ने इसे निजी रूप से 'बेबी रैंच' कहा। हालांकि, कोई सबूत नहीं है कि यह योजना कभी लागू की गई या कानूनी रूप से अवैध होती। एपस्टीन ने अपने धन और सामाजिक प्रभाव का इस्तेमाल विश्व के प्रमुख वैज्ञानिकों को अपनी ओर आकर्षित करने में किया। इसमें नोबेल विजेता भौतिक विज्ञानी मरे गेल-मान, थ्योरिटिकल फिजिसिस्ट

■ एपस्टीन ने अपने धन और सामाजिक प्रभाव का इस्तेमाल विश्व के प्रमुख वैज्ञानिकों को अपनी ओर आकर्षित करने में किया



स्टीफन हाकिंग, विकासवादी जीवविज्ञानी स्टीफन जे. गुल्ड और आनुवंशिकी विशेषज्ञ जार्ज एम. चर्च शामिल थे। एपस्टीन ने शोध निधि, सम्मेलनों और उच्च स्तर की बैठकों का आयोजन किया, ताकि वैज्ञानिक विचार विमर्श में उसका प्रभुत्व रहे। एपस्टीन ट्रांसह्यूमनिज्म के प्रति बेहद उत्साहित थे, जो तकनीक और जेनेटिक इंजीनियरिंग के जरिए मानव क्षमताओं को बढ़ाने की विचारधारा है। उन्होंने अपने शरीर के संरक्षण और मृत्यु के बाद शरीर को फ्रीज करने की क्रायोनिक्स तकनीक में भी रुचि दिखाई। हाल के वर्षों में अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा जारी किए गए दस्तावेजों में संकेत मिलते हैं कि एपस्टीन ने कथित रूप से बच्चों को जन्म दिलवाया। एक महिला ने दावा किया कि उसने 2002 के आसपास 16-17 वर्ष की उम्र में एक बच्ची को जन्म दिया, जिसे जन्म के तुरंत बाद एपस्टीन के पूर्व सहयोगी घिस्लेन मैक्सवेल द्वारा कब्जा लिया गया। हालांकि, इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। जेफ्री एपस्टीन का जन्म और शुरुआती जीवन न्यूयार्क में बीता। बताया जाता है कि 1970 के दशक में एपस्टीन ने न्यूयार्क में ही डाल्टन स्कूल में गणित (मैथ्स) से लेकर भौतिकी (फिजिक्स) तक पढ़ाया। उसने खुद भी एक यूनिवर्सिटी से इनकी पढ़ाई की थी, हालांकि वह कभी ग्रैजुएशन पूरा नहीं कर पाया। जिस दौरान एपस्टीन स्कूल में पढ़ा रहा था, तभी एक छात्र के पिता उससे इतने प्रभावित हुए थे कि उन्होंने जेफ्री को वाल स्ट्रीट में स्थित निवेश बैंक 'बीयर स्टियर्न्स' के एक सीनियर पार्टनर से मिलाया। यहां पहुंचने के बाद जेफ्री ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

### ओलंपिक्स के पहले हमले आयोजन को 'नुकसान पहुंचाने की कोशिश'

**मिलान।** इटली के परिवहन मंत्रालय ने बोलोन्या क्षेत्र में शीतकालीन ओलंपिक्स के पहले दिन हुई ट्रेन सेवाओं को बाधित करने वाली घटनाओं को 'नुकसान पहुंचाने की कोशिश' करार देते हुए कहा है कि ये 2024 में पेरिस ओलंपिक खेलों के उद्घाटन से ठीक पहले फांस में हुए हमलों की याद दिलाती हैं। बोलोन्या क्षेत्र में रेलवे ट्रैक और उससे जुड़ी अवसं. रचनाओं को नुकसान पहुंचने की कई घटनाएं सामने आई हैं। पहली घटना शनिवार सुबह बोलोन्या-वेनिस खंड पर दर्ज की गई, जहां क्षतिग्रस्त केबल पाए गए। इसके अलावा, बोलोन्या-पाडुआ लाइन पर एक स्विच के पास एक देसी बम (आईईडी) बरामद किया गया, जिसे निष्क्रिय कर दिया गया। इसी मार्ग के उच्च-रफ्तार रेलवे खंड पर बिजली के केबल काटे गए।



**नई दिल्ली। संयुक्त राष्ट्र अरब अमीरात के प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) छात्रों से बातचीत करते लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।**

### मैरी कॉम और द फैमिली मैन के लिए मशहूर अभिनेता सुनील थापा का निधन

**काठमांडू।** 'मेरी कॉम' और 'द फैमिली मैन' जैसी फिल्मों में यादगार भूमिकाओं के लिए मशहूर अभिनेता सुनील थापा का शनिवार को यहां 68 वर्ष की आयु में निधन हो गया। थापा को बेहोशी की हालत में काठमांडू के नॉर्विक अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। ईसीजी के बाद डॉक्टरों ने उनकी मृत्यु की पुष्टि की। डॉक्टरों ने हृदयगति रुकने का संदेह जताया है। सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने थापा परिवार और उनके दोस्तों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए नेपाली सिनेमा में उनके योगदान की प्रशंसा की।

### रूसी जनरल पर जानलेवा हमले के बाद हिरासत में दो आरोपी

**मॉस्को।** रूस की संघीय सुरक्षा सेवा ने रविवार को बताया कि उसने एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी की हत्या की कोशिश के मामले में दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि संदिग्धों ने रूस की सैन्य खुफिया एजेंसी के उप-प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल व्लादिमीर अलेक्सेएव को मारने की कोशिश की थी, जिन्हें शुक्रवार को उत्तर-पश्चिम मॉस्को में एक रिहायशी इमारत के अंदर कई गोलियां मारी गई थीं। बयान में कहा गया कि एक संदिग्ध को उसके साथी की मदद से संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में हिरासत में लिया गया और रूसी अधिकारियों को सौंप दिया गया। दूसरे को मॉस्को में हिरासत में लिया गया। एजेंसी ने बताया कि तीसरा संदिग्ध यूक्रेन भाग गया। सभी संदिग्ध रूसी नागरिक हैं। उल्लेखनीय है कि लेफ्टिनेंट जनरल व्लादिमीर एलेक्सेएव को मॉस्को में उनके आवास पर कई गोलियां मारी गई थीं, जिसके बाद उन्हें एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। बाद में अहम अंग में गोली लगने के घाव के लिए उनकी आपातकालीन सर्जरी की गई। अधिकारियों ने बताया कि उनके ठीक होने की उम्मीद है। एलेक्सेएव रूस की जीआरयू सैन्य खुफिया एजेंसी के मुख्य निद. शालय में नंबर दो के अधिकारी हैं।

# ड्रैगन की बड़ी साजिश का खुलासा!

## गलवां तनाव के सात दिन बाद चीन ने किया था परमाणु परीक्षण, अमेरिका के आरोपों से हलचल

**वाशिंगटन।** 2020 में जब पूरी दुनिया कोविड महामारी से जूझ रही थी और दूसरी ओर गलवाल घाटी में भारत और चीन के बीच तनाव अपने चरम पर पहुंच गया था। इसी दौरान तनाव की आड़ में चीन अपने नापाक मंसूबे को अंजाम देने की तैयारी में लगा हुआ था। आरोप है कि गलवां घाटी में भारतीय सैनिकों की शहादत के कुछ ही दिनों बाद चीन ने गुप्त रूप से परमाणु परीक्षण किए। ये आरोप अमेरिका ने लगाए हैं। ऐसे में देखा जाए तो यह केवल अंतर्राष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन नहीं, बल्कि क्षेत्रीय सुरक्षा और रणनीतिक संतुलन के लिए भी गंभीर चेतावनी है।

इतना ही नहीं ऐसे संवेदनशील समय में चीन की यह कथित गतिविधि उसकी मंशा और दीर्घकालिक रणनीति पर अहम सवाल भी खड़े करती है। बता दें कि अमेरिका ने बीते शुक्रवार को चीन पर यह आरोप लगाए हैं। अमेरिका के अंडर सेक्रेटरी ऑफ स्टेट थामस जी डिनैनो ने कहा है कि चीन ने गुप्त रूप से परमाणु विस्फोट परीक्षण किए, ताकि दुनिया को इसकी भनक न लगे। अमे. रिका का दावा है कि चीन ने ऐसे तरीके अपनाए जिससे भूकंप मापने वाली अंतर्राष्ट्रीय प्रणालियां (सीस्मिक मानिटरिंग) भी इन परीक्षणों को ठीक से पकड़ न सकें। डिनैनो के मुताबिक, 22 जून 2020 को चीन ने ऐसा ही एक परमाणु परीक्षण किया था। यह तारीख इसलिए भी अहम है क्योंकि यह परीक्षण गलवां घाटी में भारत-चीन हिंसक झड़प के ठीक एक हफ्ते बाद हुआ था। गलवां संघर्ष में भारत के 20 जवान शहीद हुए थे, जबकि खुफिया रिपोर्ट्स के अनुसार 30 से ज्यादा चीनी सैनिक भी मारे गए थे। अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि चीन ने जिस तकनीक का इस्तेमाल किया, उसे 'डिकपलिंग' कहा जाता है। इस तकनीक में विस्फोट को इस तरह अंजाम दिया जाता है कि उसके झटके कम महसूस हों और अंतर्राष्ट्रीय निगरानी एजेंसियों को शक न हो। अमेरिका का कहना है कि चीन सैकड़ों टन क्षमता वाले परमाणु परीक्षणों की तैयारी और उन्हें अंजाम दे चुका है। इतना ही नहीं डिनैनो ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर सिल. सिलेवार पोस्ट में बताया कि चीन का यह कदम पूरी दुनिया के लिए खतरनाक है। उन्होंने कहा कि मौजूदा परमाणु समझौते आज की चुनौतियों से निपटने में नाकाम हो चुके हैं। इस दौरान डिनैनो ने न्यू स्टार्ट संधि का भी जिक्र किया, जो 2010 में अमेरिका और रूस के बीच हुई थी। इस संधि का मकसद परमाणु हथियारों की संख्या को सीमित करना था। लेकिन डिनैनो के मुता. बिक, 2026 तक यह संधि अप्रासंगिक हो जाएगी क्योंकि चीन बहुत तेजी से अपना परमाणु जखीरा बढ़ा रहा है। रूस के पास बड़ी संख्या में ऐसे हथियार हैं जो इस संधि के दायरे में नहीं आते और चीन के एक भी परमाणु हथियार पर इस संधि का कोई नियंत्रण नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां अमे. रिका के ज्यादातर परमाणु हथियार न्यू स्टार्ट के तहत सीमित थे, वहीं रूस और चीन पर इसका असर बेहद कम या न के बराबर रहा। अमेरिकी अधिकारी ने साफ कहा कि अब अमेरिका को अपने नागरिकों और सहयोगी देशों की सुरक्षा के लिए नई परमाणु नीति और नई अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था बनाने की जरूरत है, जो आज के खतरों को ध्यान में रखे, न कि पुराने दौर की परिस्थितियों को। गौरतलब है कि इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी ऐसे संकेत दे चुके हैं। बीते साल अक्तूबर में उन्होंने कहा था कि अगर रूस और चीन परमाणु परीक्षण करते हैं, तो अमेरिका भी उसी स्तर पर परीक्षण शुरू कर सकता है, हालांकि तब उन्होंने कोई ठोस जानकारी नहीं दी थी। डिनैनो का बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका न्यू स्टार्ट संधि के खत्म होने के बाद रूस और चीन के साथ तीन देशों की नई बातचीत शुरू करना चाहता है, ताकि परमाणु हथियारों पर नए सिरे से सीमाएं तय की जा सकें।



■ ऐसे में देखा जाए तो यह केवल अंतर्राष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन नहीं, बल्कि क्षेत्रीय सुरक्षा और रणनीतिक संतुलन के लिए भी गंभीर चेतावनी है

### चीन में 18 साल से कम उम्र वाले तिब्बती बच्चों के मठों में प्रवेश पर रोक

**बीजिंग।** चीन सरकार ने तिब्बती समुदाय के धार्मिक जीवन पर नियंत्रण और कड़ा करते हुए 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के मठों में प्रवेश पर रोक लगा दी है। रिपोर्ट के मुताबिक इस फैसले से तिब्बती संस्कृति, परंपराओं और धार्मिक अधिकारों को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इस प्रतिबंध की जानकारी तब सामने आई जब चीनी मैसेजिंग ऐप वीचैट पर एक वीडियो सामने आया। इसके बाद तिब्बती अधिकारों के उल्लंघन को लेकर चिंता बढ़ गई। तिब्बत और निर्वासित तिब्बतियों से जुड़े समाचार पोर्टल फायुल के अनुसार, खाम क्षेत्र के एक मठ के प्रवेश द्वार पर स्पष्ट रूप से लिखा नोटिस लगाया गया है 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का ईबी में प्रवेश वर्जित है। रिपोर्ट में बताया गया है कि यह पाबंदी ऐसे समय लागू की गई है, जब तिब्बती इलाकों में सर्दियों की छुट्टियों के चलते स्कूल बंद रहते हैं। आमतौर पर इस दौरान बच्चे अपने माता-पिता के साथ मठों में धार्मिक गतिविधियों में भाग लेते थे।

# चंद्रमा के सुदूर हिस्से से मिले प्रमाण नई वैज्ञानिक दिशा

**बीजिंग।** वैज्ञानिकों ने पहली बार इस बात की पुष्टि की है कि चंद्रमा के निकटवर्ती और सुदूर हिस्सों पर क्रेटर बनने की दर अनिवार्य रूप से एक समान है। यह खोज विश्व स्तर पर एकीकृत चंद्र कालक्रम प्रणाली की स्थापना के लिए एक ठोस आधार प्रदान करती है। 'साइंस एंड टेक्नोलॉजी डेली' के अनुसार, चीनी विज्ञान अकादमी के भू-विज्ञान एवं भू-भौतिकी संस्थान के नेतृत्व में अनुसंधान टीम ने रिमोट सेंसिंग तस्वीरों का विश्लेषण कर दशकों पुराने चंद्र प्रभाव क्रेटर कालक्रम नमूने को सफलतापूर्वक संशोधित किया है। उनका यह अध्ययन दोनों गोलार्द्धों में समान प्रभाव प्रवाह का खुलासा करता है।

यह इस बात का प्रमाण है कि शुरुआती चंद्र प्रभाव की घटनाएं धीरे-धीरे कम होने के सहज रुझान का पालन करती हैं, न कि उन नाटकीय उतार-चढ़ाव जैसा पहले अनुमान लगाया गया था। उनके निष्कर्ष गुरुवार को 'साइंस एडवांसेज' में प्रकाशित हुए। चंद्रमा की सतह की उम्र जानना उसके भू-वैज्ञानिक विकास को समझने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। दशकों से वैज्ञानिक प्रभाव क्रेटरों की गणना कर उन क्षेत्रों की आयु का अनुमान लगाते रहे हैं, जहां से नमूने नहीं लिए गए हैं।

■ खोज विश्व स्तर पर एकीकृत चंद्र कालक्रम प्रणाली की स्थापना के लिए एक ठोस आधार

इसमें क्रेटरों का अधिक घनत्व पुरानी सतह का संकेत देता है। क्रेटर कालक्रम की वर्तमान पद्धति पूरी तरह से चंद्रमा के निकटवर्ती हिस्से से लिए गए नमूनों पर निर्भर थी और सबसे पुराने नमूने चार अरब वर्ष से अधिक के नहीं हैं। इस सीमा ने चंद्रमा के प्रारंभिक प्रभाव इतिहास के बारे में चल रही बहस को जन्म दिया था, जिसमें 'लेट हैवी बॉम्बार्डमेंट' जैसी अलग-अलग परिकल्पनाएं शामिल थीं। जून 2024 में एक बड़ी सफलता तब मिली, जब चीन के चांग ई-6 अभियान अपोलो बेसिन से 1935 ग्राम चंद्र नमूने वापस लाया। यह बेसिन चंद्रमा के सुदूर हिस्से पर स्थित 'साउथ पोल-ऐटकेन' बेसिन के भीतर मौजूद है। इन नमूनों के विश्लेषण से दो प्रमुख प्रकार की चट्टानों की पहचान हुई। पहली 2.807 अरब वर्ष पुरानी 'यंग बसाल्ट' और दूसरी 4.25 अरब वर्ष पहले बनी 'एनसिएंट नोराइट'। विशेष रूप से नोराइट उस मैग्मा से जन्मा था, जो 'साउथ पोल-ऐटकेन बेसिन' बनाने वाली विशाल प्रभाव घटना के बाद जम गया था।

# दुनियाभर मे आलीशान होटलों में तब्दील हो गई कई जेल

**नई दिल्ली।** कभी कठोर अनुशासन, संकरी कोठरियों और साधारण भोजन के लिए पहचानी जाने वाली जेलें अब दुनिया के कुछ हिस्सों में विलासिता, आराम और विरासत पर्यटन की अनूठी मिसाल बनती जा रही हैं।

विरासत इमारतों को होटल के रूप में पुनर्जीवित करने की प्रवृत्ति के तहत कई ऐतिहासिक जेलों को पंचतारा और बुटीक होटलों में बदला जा रहा है। इस कड़ी में जापान के नारा शहर की पूर्व किशोर जेल एक नया आकर्षण बनने जा रही है। मेइजी काल में 1908 में स्थापित यह जेल 2017 तक कार्यरत रही और बाद में इसे राष्ट्रीय महत्वपूर्ण सांस्कृतिक संपत्ति घोषित किया गया। अब एक प्रतिष्ठित जापानी होटल ब्रांड



■ अब विलासिता आराम और विरासत पर्यटन की अनूठी मिसाल बनती जा रही हैं जेलें

इसे जून 2026 में ऑल-सूट होटल के रूप में खोलने जा रहा है। प्रत्येक सुइट के लिए नौ से 11 पुरानी कोठरियों को मिलाया गया है, जबकि पूर्व निरोध विग में जापानी-फ्रेंच रेस्तरां होगा। परिसर में नारा प्रिजन म्यूजियम भी खोला जाएगा, जहां आगंतुक इस इमारत के इतिहास और वास्तुकला से रूबरू हो सकेंगे। नारा जेल ऐसा पहला कारावास नहीं है जिसे होटल में बदला गया हो, बल्कि पूरी दुनिया में यह चलन बढ़ता हुआ दिख रहा है। तुर्की के इस्तांबुल में स्थित सुल्तानाहमेत क्षेत्र की एक पूर्व जेल आज फोर सीजन्स होटल के रूप में दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित होटलों में गिनी जाती है। सन् 1918 में तुर्की नवशास्त्रीय शैली में निर्मित यह भवन 1969 तक जेल रहा, जहां अधिकतर लेखक, पत्रकार और बुद्धिजीवी बंद रहे।

### फिल्म बॉर्डर-2 ने की 300 करोड़ क्लब में एंट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपर स्टार सनी देओल की फिल्म 'बॉर्डर 2' ने भारतीय बाजार में 301 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। फिल्म 'बॉर्डर 2' ने बॉक्स ऑफिस पर गदर मचा दिया है। फिल्म 'बॉर्डर 2' 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में सनी देओल लीड रोल में हैं। इनके अलावा इस फिल्म में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, मोना सिंह, मेधा राणा, सोनम बाजवा और अन्या सिंह जैसे सितारे भी हैं। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार फिल्म 'बॉर्डर 2' ने भारतीय बाजार में पहले सप्ताह में 224.25 करोड़ की कमाई की। फिल्म ने दूसरे सप्ताह में भारतीय बाजार में 70.15 करोड़ का कारोबार किया। फिल्म ने 15वें दिन 2.85 करोड़ की कमाई की।

# सस्ते भारतीय टीके नहीं मिलने से पाक अर्थव्यवस्था पर दबाव

## पाकिस्तानी स्वास्थ्य मंत्री मुस्तफा कमाल ने इस पर हताशा जताते हुए कहा, हालात कठिन है

**कराची।** पाकिस्तान में भारत से किफायती टीके नहीं मिलने के कारण अर्थव्यवस्था और स्वास्थ्य दबाव में है। पाकिस्तानी स्वास्थ्य मंत्री मुस्तफा कमाल ने इस पर हताशा जताते हुए कहा, हालात कठिन हैं। मई 2025 के संघर्ष के बाद से भारत से सस्ते टीकों की आपूर्ति रुकने से देश की अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई है।

इससे पहले वैश्विक सार्वजनिक-निजी स्वास्थ्य साझेदारी के तहत पाकिस्तान ग्लोबल अलायंस फार वैक्सीन्स एंड इम्यूनाइजेशन (गावी) के जरिये सस्ते टीके लेता था। गावी दुनिया के सबसे गरीब देशों के बच्चों को टीके दिलाती है। कमाल बोले, फिलहाल पाकिस्तान 40 करोड़ डालर की वार्षिक लागत पर टीके मंगाता है व 51 प्रतिशत



■ मई 2025 के संघर्ष के बाद से भारत से सस्ते टीकों की आपूर्ति रुकने से देश की अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई है

लागत वहन करता है। इसका अर्थव्यवस्था पर बुरा असर हो रहा है। गावी की भूमिका को स्वीकार करते हुए पाकिस्तानी स्वास्थ्य मंत्री मुस्तफा कमाल ने कहा, यह संगठन खरीद मध्यस्थ और वित्तपोषण भागीदार के रूप में पाकिस्तान को मुख्य रूप से भारत से टीके प्राप्त करने में मदद करता रहा है। वह बोले, दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंधों के बावजूद, गावी ने पाकिस्तान को भारतीय दवा कंपनियों के जरिये मदद की। कोविड में भी गावी ने भारत से लाखों टीके जुटाने में मदद की थी। सरकार वर्तमान में नागरिकों को 13 प्रकार के टीके मुफ्त में दे रही है, लेकिन इनमें से किसी का भी उत्पादन देश नहीं होता है। पाकिस्तान विश्व का पांचवां सबसे अधिक आबादी वाला देश है, जिसकी आबादी लगभग 24 करोड़ है और यहां प्रति वर्ष 62 लाख जन्म होते हैं, जिससे टीकों की मांग में काफी वृद्धि हुई है। कमाल ने कहा: अंतर्राष्ट्रीय सहायता के कारण वार्षिक आयात लागत को नियंत्रण में रखा गया है, लेकिन यदि टीकों का स्थानीय उत्पादन शुरू नहीं होता है तो यह स्थिति बदल सकती है। भारत ने पिछले साल 7 मई को पहलगाम हमले के प्रतिशोध में पाकिस्तान में आतंकी ढांचे को निशाना बनाते हुए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। इन हमलों के कारण दोनों देशों के बीच चार दिनों तक भीषण झड़पें हुईं, जो 10 मई को सैन्य कार्रवाई रोकने की सहमति के साथ समाप्त हुईं।

# अमेरिकी कृषि के बड़े पैमाने पर पतन की चेतावनी

## ट्रम्प प्रशासन की नीतियों ने इस क्षेत्र को 'बहुत नुकसान' पहुंचायाः किसान नेता व संगठन

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका में कृषि नेताओं और संगठनों ने कई चेतावनियां जारी करते हुए कहा है कि अगर मौजूदा प्रशासन की नीतियां जारी रहीं तो वे 'अमेरिकी कृषि के बड़े पैमाने पर पतन' का कारण बन सकती हैं। अमेरिका के प्रमुख कृषि संघों और अमेरिकी कृषि विभाग (यूएसडीए) के 27 पूर्व नेताओं के एक गठबंधन ने हाल ही में अमेरिकी कांग्रेस को एक औपचारिक पत्र जारी किया। इस पत्र में कहा गया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन की अपनाई गई नीतियों ने इस क्षेत्र को 'बहुत नुकसान' पहुंचाया है। उन्होंने आंकड़ों के हवाले से कहा कि इस साल सभी फार्मों में से मुश्किल से आधे ही फार्म मुनाफा कमा पाएंगे। उनकी यह बात अमेरिकन फार्म ब्यूरो फेडरेशन के डेटा से मेल खाती है। इस डेटा में भी पाया गया है कि अमेरिकी किसान पिछले तीन सालों में 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक के नुकसान में है। इस खत में लिखा



गया है कि खेती में इस्तेमाल की जाने वाली विभिन्न प्रकार की सामग्री (इनपुट) पर आयात शुल्क लगाया गया है। उर्वरक से लेकर, खेती के रसायन, से लेकर मशीनरी के पुर्जों तक, प्रशासन के शुल्क ने खेती में इनपुट की कीमतें बढ़ा दी हैं और पैदावार की लागत को जिंसों की कीमतों से काफी ऊपर कर दिया है। इसमें कहा गया कि खेती में इनपुट की लागत बढ़ाना अमे. रिकी किसानों की जेब से पैसा निकालना है। पत्र में आगे कहा गया है कि इस प्रशासन की व्यापार नीतियों और कांग्रेस की कार्रवाई की कमी ने हमारी वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को कम करके, निर्यात बाजारों को बाधित करके और कमोडिटी कीमतों को कम करके अमे. रिकी किसानों को भी नुकसान पहुंचाया है। यह दो पिछली चेतावनियों के बाद आया है। पहली चेतावनी अक्टूबर 2025 में 215 से अधिक कृषि संगठनों का एक पत्र के जरिए दी गई और बाद में इस साल 15 जनवरी को 56 कृषि समूहों का एक पत्र जारी किया गया। इनमें देश में बिगड़ती कृषि अर्थव्यवस्था के मुख्य कारणों के रूप में व्यापार संरक्षणवाद, श्रम की कमी और संघीय कर्मचारियों की छंटनी का हवाला दिया। कांग्रेस नेतृत्व को जनवरी के पत्र में चेता. वनी दी गई थी कि बड़ी संख्या में किसान आर्थिक रूप से कर्ज में डूबे हुए हैं, फार्म दिवा. लियापन लगातार बढ़ रहा है, और कई किसानों को अपनी अगली फसल उगाने के लिए धन हासिल करने में कठिनाई हो सकती है।

### 10 अप्रैल को रिलीज होगी अक्षय कुमार की फिल्म 'भूत बंगला'

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार की आने वाली हॉरर कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' 10 अप्रैल, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म 'भूत बंगला' का निर्देशन प्रियदर्शन कर रहे हैं। 14 साल बाद अक्षय कुमार और प्रियदर्शन फिर से एक साथ आए हैं। 'भूत बंगला' से पहले अक्षय और प्रियदर्शन 'हेराफेरी', 'गरम मसाला', 'भागम भाग', 'भूल भुलैया', 'दे दना दन' और 'खट्टा मीठा' में साथ काम कर चुके हैं। इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ वामिका गब्बी, तब्बू और परेश रावल जैसे कलाकार नजर आने वाले हैं। फिल्म में दिवंगत अभिनेता असरानी भी नजर आएंगे। पहले यह फिल्म 15 मई 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

पहली ही खुराक में रहे 78 घंटे तक हैरत अंगेज असर
शादी से घबराहट क्यों?
हकीम भारत के साथ-साथ विदेशों में प्रसिद्ध
रहमत दवाखाना®
गुप्त रोग, मर्दाना ताकत, नामर्दी, लिंग दोष
शुक्राणु की कमी, बेऔलाद मिलें
बचपन की गलतियों के शिकार रोगी शादी से पहले या शादी के बाद जरूर मिलें
फ्री एक ही पट्टी में नसों का गंदा पानी बाहर
बवासीर, भगंदर फिशर एक टीका में ठीक
सुस्ती, कमजोरी पेट रोग, स्त्री रोग रसौली गांठ
स्त्री व पुरुष रोग विशेषज्ञ
7060666621
ISO 9001:2015 CERTIFIED
Google Justdial
www.hakeemrehmatdawakhana.com
रतन सिंह मार्किट, जौली रोड, कूकड़ा ब्लॉक, मुजफ्फरनगर